दैनिक नवप्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 3 | राजधानी 4 | अभिव्यक्ति 8 | आंचलिक 9 | खेल/बिजनेस

RNI NO.CHHHIN/2015/62431 बिलासपुर, शुक्रवार 29 दिसंबर 2023, वर्ष-9 अंक- 267 पृष्ठ-10 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित www.navpradesh.com

आज बेबाक

जम्मू कश्मीर को अपने बाप की जागीर समझाने वाले अब्दुल्ला एण्ड संस और महबूबा मुफ्ती की दुकान बंद होने का खतरा है। उनकी रस्सी जल गई है लेकिन ऐठन नहीं जा रही है। वे अभी भी इस मुगालते में हैं कि जम्मू कश्मीर उनकी बपौती है। नतीजतन जब-तब वे केन्द्र सरकार को नसीहत देते रहते हैं। पाकिस्तान की भाषा बोलते रहते हैं। डॉ फारूक अब्दुल्ला ने धमकी भरे अंदाज में सरकार से मांग की है कि भारत जल्द ही पाकिस्तान से बात करें वरना कश्मीर गाजा पट्टी बन जाएगा। लगता है यह बुड़बक पागल खाने जाकर ही दम लेगा।

1 मार्च से 12वीं, 2 मार्च से 10वीं बोर्ड की परीक्षा होगी शुरू

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल ने दसवीं और बारहवीं बोर्ड परीक्षा का टाइम टेबल जारी कर दिया है। 1 मार्च से 12वीं और 2 मार्च से दसवीं की परीक्षा शुरू होगी। सुबह 9:00 से 12:15 तक परीक्षा का समय निर्धारित किया गया है। इसके अलावा फिजिकल एजुकेशन का भी टाइम टेबल जारी किया गया है। छत्तीसगढ़ बोर्ड की ओर से जारी टाइम टेबल के अनुसार 12वीं की परीक्षा 1 मार्च से शुरू होकर 23 मार्च तक होंगी। वहीं 10वीं की परीक्षा 2 मार्च से शुरू होकर 21 मार्च को समाप्त होंगी। बोर्ड परीक्षाएं कुल 23 दिन चलेंगी। बता दें कि इस बार दसवीं में 3,47,000 अभ्यर्थियों ने परीक्षा के लिए आवेदन किया है और 12वीं में 2,62,000 विद्यार्थियों ने परीक्षा के लिए फार्म भरे हैं। बोर्ड एग्जाम सुबह 9 बजे से दोपहर 12:15 तक एक ही शिफ्ट में होंगे। स्टूडेंट्स 9 बजे तक एग्जाम हॉल में एंट्री ले सकेंगे। 9:05 मिनट पर आंसर शीट बांट दी जाएगी। 9:10 पर स्टूडेंट्स को क्वेश्चन पेपर दे दिए जाएंगे और इसे पढ़ने के लिए 5 मिनट का समय भी दिया जाएगा। 9:15 से 12:15 तक एग्जाम

होगा। इस साल 10 से 31 अक्टूबर के बीच 10वीं और 12वीं बोर्ड एग्जाम के लिए रजिस्ट्रेशन हुआ। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

10वीं का टाइम-टेबल

दिनांक	दिन	विषय
2 मार्च	शनिवार	हिंदी
6 मार्च	बुधवार	अंग्रेजी
9 मार्च	शनिवार	गणित
12 मार्च	मंगलवार	विज्ञान
13 मार्च	बुधवार	व्यावसायिक पाठ्यक्रम
15 मार्च	शुक्रवार	सामाजिक विज्ञान
18 मार्च	सोमवार	तृतीय भाषा

12वीं का टाइम-टेबल

दिनांक	दिन	विषय
1 मार्च	शुक्रवार	हिंदी
4 मार्च	सोमवार	अंग्रेजी
7 मार्च	गुरुवार	इतिहास, व्यवसाय अध्ययन
9 मार्च	शनिवार	संस्कृत
11 मार्च	सोमवार	भूगोल, भौतिक शास्त्र
13 मार्च	बुधवार	समाज शास्त्र
14 मार्च	गुरुवार	राजनीति विज्ञान, रसायन शास्त्र, लेखा शास्त्र
16 मार्च	शनिवार	मनोविज्ञान
19 मार्च	मंगलवार	गणित, कम्प्यूटर एप्लीकेशन
21 मार्च	गुरुवार	जीव विज्ञान, अर्थशास्त्र, पशुपालन, भारतीय कला का इतिहास
22 मार्च	शुक्रवार	व्यावसायिक पाठ्यक्रम, इनफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी
23 मार्च	शनिवार	तृतीय भाषा

सीएम बनने के बाद पहली बार अपने जिले जशपुर पहुंचे साय

जशपुर/नवप्रदेश। सीएम बनने के बाद विष्णुदेव साय पहली बार अपने गृह जिले जशपुर पहुंचे। इस दौरान लोगों ने उनका भव्य स्वागत किया। नगरवासियों ने पुष्प वर्षा से सीएम का स्वागत किया। साय ने खुली जीप में सवार होकर नागरिकों का अभिवादन स्वीकार किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने सौरभ सागर द्वार का लोकार्पण किया। दीक्षा के बाद जैन आचार्य सौरभ के 28 वर्षों के बाद वर्ष 2012 में जशपुर आगमन के समय उनके प्रवेश द्वार की नींव रखी गई थी। जैन धर्म के संत सौरभ सागर के नाम पर निर्मित इस प्रवेश द्वार का लोकार्पण जशपुर के माटी पुत्र साय के हाथों होने पर नगरवासियों में खुशी की लहर है। जशपुर के कॉलेज रोड में नवनिर्मित सौरभ महाराज द्वार के लोकार्पण स्थल पर मनोरा ब्लॉक के ग्राम चड़िया के उरांव समाज के 8 पुरुष और 21 महिलाओं की ओर से मांदर की थाप पर सुंदर करमा नृत्य कर प्रदेश के मुख्यमंत्री स्वागत किया। वहीं मुख्यमंत्री ने रणजीता स्टेडियम के समीप स्थापित स्वर्गीय दिलीप सिंह जूदेव की आदमकद प्रतिमा के समक्ष दीप

प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया। यहां पहुंचने पर ग्राम कोमड़ो एवं बुमतेल से आए पारंपरिक सरहुल और कर्मा नर्तक दल ने अपनी आकर्षक प्रस्तुति देकर मुख्यमंत्री का स्वागत किया। इस दौरान विधायक रायमुनि भगत और गोमती साय, प्रबल प्रताप सिंह जूदेव, कृष्णा राय, राजू गुप्ता सहित भारी संख्या में लोग मौजूद थे।

12 हजार करोड़ के विकास कार्यों की दी सौगात : सीएम विष्णुदेव साय ने अपने गृह जिले को लगभग 12 हजार करोड़ के विकास कार्यों की सौगात दी। रणजीता स्टेडियम में आयोजित 'जशपुरिया माटी अटल सुशासन समारोह' में मुख्यमंत्री साय ने 11 हजार 99 करोड़ 27 लाख रुपए के कुल ■ शेष पृष्ठ 6 पर

जूदेव के साथ रही साय की गहरी आत्मीयता

8 मार्च 1949 को जशपुर के तत्कालीन शाही परिवार में जन्मे स्वर्गीय दिलीप सिंह जूदेव बेहद सहज, सरल और विनम्र स्वभाव के थे। जशपुर वासियों के साथ उनके गहरे आत्मीय संबंध रहे, खासकर जनजातीय समुदाय के बीच वे काफी लोकप्रिय रहे। जूदेव के पिता स्वर्गीय राजा विजय भूषण सिंह देव जशपुर के अंतिम शासक थे। दिलीप सिंह जूदेव तीन बार राज्यसभा और एक बार लोकसभा सांसद रहे। वह प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व वाली सरकार में पर्यावरण और वन राज्य मंत्री भी थे। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और स्वर्गीय जूदेव के बीच गहरी आत्मीयता रही। जूदेव जब तक जीवित रहे तब तक साय के साथ मिलकर क्षेत्र के विकास में लगातार सक्रिय रहे।

अब प्रदूषण जांच का वीडियो बनाना अनिवार्य

नई दिल्ली (एजेंसी)। अब देशभर में पॉल्यूशन अंडर कंट्रोल यानी पीयूसी सर्टिफिकेट देने से पहले जांच केंद्रों को टेस्ट का कम से कम 10 सेकेंड का वीडियो बनाना होगा, जिसमें गाड़ी की नंबर प्लेट सहित पॉल्यूशन टेस्ट की पूरी प्रोसेस दिखानी होगी। साथ ही, रिकॉर्डेड वीडियो सरकार के वाहन पोर्टल पर अपलोड भी करना होगा। परिवहन विभाग ने यह फैसला पीयूसी सर्टिफि केट जारी करने में गड़बड़ी की शिकायत के बाद लिया है। दरअसल, देशभर से कई पीयूसी सेंटर्स के खिलाफ शिकायतें आ रहीं थी कि वे जरूरी जांच किए बिना ही सर्टिफिकेट इश्यू कर रहें है। वहीं कई शिकायतों में यह भी देखा गया कि सेंटर्स कई बार बिना जांच किए ही सर्टिफि केट इश्यू कर देते हैं। मिनिस्ट्री ऑफ रोड ट्रांसपोर्ट एंड हाइवेज ई-सर्विस देने वाले वाहन पोर्टल में वीडियो अपलोड करने की सुविधा देने के लिए जरूरी मॉडिफिकेशन कर रहा है।

ईडी की चार्जशीट में पहली बार प्रिंयका गांधी वाड्रा का नाम

नई दिल्ली (एजेंसी)। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की चार्जशीट में पहली बार कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा का नाम आया है। जांच एजेंसी ने प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट के तहत प्रियंका नाम चार्जशीट में शामिल किया है। प्रियंका ने 2006 में हरियाणा के फरीदाबाद में 5 एकड़ की खेती की जमीन खरीदी। प्रियंका ने ये जमीन दिल्ली के रियल एस्टेट एजेंट

एचएल पाहवा से खरीदी। फरवरी 2010 में इस जमीन को पाहवा को ही बेच दिया। ईडी के मुताबिक, यह जमीन फ रीदाबाद के अमीपुर गांव में पाहवा से खरीदी गई थी। इसी एजेंट से प्रियंका के पति रॉबर्ट वाड्रा ने भी 2005-2006 में अमीपुर गांव में 40.08 एकड़ जमीन के तीन टुकड़े खरीदे और उसे दिसंबर 2010 में एजेंट को ही बेच दिया। एजेंट पाहवा वही व्यक्ति है, जिसने एनआरआई कारोबारी सीसी थंपी को भी जमीन बेची थी। एक ■ शेष पृष्ठ 6 पर

किरण देव की अध्यक्षता में प्रदेश कार्यसमिति की हुई पहली बैठक

रायपुर/नवप्रदेश। विधानसभा चुनाव जीतने के बाद भारतीय जनता पार्टी अब लोकसभा चुनाव 2024 की तैयारियों में जुट गई है। भाजपा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष किरण देव की अध्यक्षता में गुरूवार को रायपुर में प्रदेश कार्यसमिति की बैठक हुई। इस बैठक में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री अरुण साव, विजय शर्मा सहित संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारी भी शामिल हुए। बैठक में सबसे पहले प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने कार्यकर्ताओं को

जीत का श्रेय देते हुए बधाई दी। इसके बाद प्रदेश प्रभारी, सह प्रभारी सहित सभी राष्ट्रीय पदाधिकारी गण का धन्यवाद दिया। राष्ट्रीय पदाधिकारी गण की बैठक का जिक्र करते हुए प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने बताया कि आप सब की ओर से प्रधानमंत्री और राष्ट्रीय अध्यक्ष को बधाई दी। उन्होंने ■ शेष पृष्ठ 6 पर

13 जिंदा जल गए, कमिश्नर, कलेक्टर-एसपी को हटाया, आरटीओ और सीएमओ सस्पेंड

गुना/नवप्रदेश। गुना बस हादसा मामले में मध्यप्रदेश सरकार ने बड़ी कार्रवाई की है। गुना कलेक्टर तरुण राठी और एसपी विजय कुमार खत्री के साथ ही परिवहन आयुक्त संजय कुमार झा को हटा दिया गया है। आरटरओ रवि बरेलिया को सस्पेंड कर दिया गया है। फायर ब्रिगेड देर से पहुंचने के कारण सीएमओ (चीफ म्युनिसिपल ऑफि सर) बीडी कतरोलिया को भी सस्पेंड कर दिया गया है। वहीं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के आदेश पर अपर जिला दंडाधिकारी मुकेश कुमार शर्मा की अध्यक्षता में चार सदस्यीय समिति गठित कर दी गई है। समिति तीन दिन में अपनी रिपोर्ट सौंपेगी। सीएम ने मृतकों के

परिवार को 4-4 लाख रुपए और घायलों को 50-50 हजार रुपए की सहायता देने के निर्देश भी दिए हैं। बता दें कि मध्यप्रदेश के गुना में बुधवार रात करीब साढ़े 8 बजे हुआ। बस गुना से आरोन की ओर जा रही थी, तभी सामने से आ रहे एक डंपर से बस की टक्कर हो गई। टक्कर लगते ही बस पलट गई और उसमें आग लग गई। दो-ढाई घंटे की मशक्कत के बाद बस में लगी आग पर काबू पाया जा सका। इस हादसे में 13 लोग जिंदा जल गए थे। 11 शव बस के अंदर, जबकि दो गेट के पास मिले। करीब 16 लोग झुलस गए। परिवहन विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक, बस का रजिस्ट्रेशन और बीमा नहीं था। फिटनेस सर्टिफिकेट भी एक्सपायर हो ■ शेष पृष्ठ 6 पर

राम मंदिर पर राजनीति कर रही भाजपा, मुझे निमंत्रण नहीं, लेकिन मंदिर बनने से खुश : शरद

मुंबई (एजेंसी)। नेशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के प्रमुख शरद पवार ने कहा है कि उन्हें 22 जनवरी को होने वाले राम मंदिर के उद्घाटन में नहीं बुलाया गया है। उन्होंने कहा कि भाजपा राम मंदिर के नाम पर राजनीति कर रही है। पवार ने कहा कि भाजपा के पास लोगों का समर्थन पाने के लिए कोई ठोस आधार नहीं है, इसलिए ऐसा लग रहा है कि भाजपा राम मंदिर का इस्तेमाल करके लोगों को बांटने की कोशिश कर रही है। ये समझ नहीं आ रहा है कि भाजपा इस मुद्दे को राजनीति के लिए या व्यवसायिक मतलब के लिए इस्तेमाल कर रही है। हालांकि, हम खुश हैं कि मंदिर बन रहा है,

जिसके लिए बहुत लोगों ने दान दिया है। राममंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में बंगाल की सीएम ममता बनर्जी शामिल नहीं होंगी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, तृणमूल कांग्रेस की ओर से कार्यक्रम में कोई शिरकत नहीं करेगा। हालांकि, टीएमसी की ओर से आधिकारिक तौर इस बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई है। वहीं, पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह हेल्थ इश्यू की वजह से इवेंट में हिस्सा नहीं लेंगे। मंदिर ट्रस्ट ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, सोनिया गांधी और राहुल गांधी को भी निमंत्रण भेजा है। हालांकि, इन नेताओं ने अभी तक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए हामी नहीं भरी है। सीपीआई (एम) के महासचिव सीताराम येचुरी ने रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण ठुकरा दिया। उन्होंने कहा- धर्म व्यक्तिगत पसंद है, जिसे राजनीतिक लाभ के लिए इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। उनकी पार्टी ने एक्स पर पोस्ट कर धार्मिक कार्यक्रम को स्टेट स्पॉन्सर्ड इवेंट बनाने के लिए भाजपा और आरएसएस की निंदा की।

कतर ने भारतीय नौसैनिकों की सजा-ए-मौत को कैद में बदला

नई दिल्ली (एजेंसी)। कतर में कथिततौर पर जासूसी के आरोपी 8 पूर्व भारतीय नौसैनिकों की फांसी की सजा पर वहां की अदालत ने रोक लगा दी है। अब सजा-ए-मौत की जगह इन भारतीयों को जेल में रहना होगा। भारतीय विदेश मंत्रालय ने इसकी पुष्टि की है। कतर की कोर्ट ऑफ अपील ने फैसला गुरुवार को सुनाया। भारतीय विदेश मंत्रालय ने कहा- फैसले की डीटेल्स का इंतजार है। इसके बाद ही अगले कदम पर विचार किया जाएगा। सुनवाई के दौरान भारत के एम्बेसडर अदालत में मौजूद थे। उनके साथ सभी 8 परिवारों के सदस्य भी थे। भारत ने इसके लिए स्पेशल काउंसिल नियुक्त किए थे। हालांकि, फैसले की विस्तार से जानकारी अभी नहीं दी गई है। भारतीय विदेश मंत्रालय की तरफ से इस बारे में लिखित बयान जारी किया गया है। इसमें सजा-ए-मौत को कैद में बदले जाने की जानकारी दी गई है। बयान के मुताबिक- कतर की कोर्ट ऑफ अपील ने 'दाहरा ग्लोबल केस' में 8 पूर्व भारतीय नौसैनिकों की सजा में कमी कर दी है। फैसले की डीटेल्स का इंतजार है। बयान के मुताबिक- कतर में हमारे एम्बेसडर और दूसरे अफ सर आज अदालत में मौजूद थे। इसके अलावा सभी नौसैनिकों के परिजन भी वहां थे। हम अपने नागरिकों की हिफ ाजत के लिए शुरू से खड़े रहे हैं और आगे भी कॉन्स्यूलर एक्सेस समेत तमाम मदद दी जाएगी।

गरमा-गरम

सियासत... राहुल बोले- इंडिया गठबंधन और एनडीए में विचारधारा की लड़ाई

'नागपुर' से कांग्रेस ने फूंका आम चुनाव का बिगुल

नागपुर/नवप्रदेश। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस (आईएनसी) ने गुरूवार 28 दिसंबर को अपना 138वां स्थापना दिवस मनाया। कांग्रेस अगले साल 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के गढ़ महाराष्ट्र के नागपुर में एक विशाल रैली के जरिए अपने चुनाव अभियान की शुरूआत कर दी है। कांग्रेस के 139वें स्थापना दिवस पर इस रैली 'हैं हम तैयार' का आयोजन किया। इसमें देश भर के लाखों कार्यकर्ता शामिल हुए। सभा को प्रदेशाध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी वाड्रा समेत अन्य दिग्गज नेताओं ने संबोधित किया। कांग्रेस के स्थापना दिवस समारोह में राहुल गांधी ने कहा- इंडिया गठबंधन और एनडीए में विचारधारा की लड़ाई है। कुछ दिन पर भाजपा के एक सांसद मुझे लोकसभा में मिले। उन्होंने मुझसे कहा- बीजेपी में गुलामी चलती है... जो ऊपर कहा जाता है, वो बिना सोचे समझे करना पड़ता है। बीजेपी में रहकर सहा नहीं जाता। मैं हूं बीजेपी में, मगर दिल मेरा कांग्रेस में है। मैंने कहा- भाई दिल तेरा कांग्रेस में शरीर बीजेपी में। मतलब, दिल शरीर को कांग्रेस में लाने से डर रहा है, यही हो सकता है। मैंने कहा मन क्यों नहीं बन पा रहा है। आप एमपी हो। आप मुझे हिंट दे रहे हो। मन क्यों नहीं बन पा रहा

मन क्यों नहीं बन पा रहा है। हमारे महाराष्ट्र कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले ने पीएम से सवाल पूछा- जीएसटी में किसानों का क्या हिस्सा होगा। मोदी जी को सवाल अच्छा नहीं लगा, पटोले जी आउट हो गए। उनकी विचारधारा राजाओं की विचारधारा है। किसी की सुनना ही नहीं। ऑर्डर आएगा, आपको उसका पालन करना पड़ेगा। हमारे कार्यकर्ता मेरे सामने आते हैं और कहते हैं कि राहुल जी आपने जो ये किया अच्छा नहीं किया। मैं बताता हूं कि देखिए ये मैंने इस कारण से किया। मैं उनकी सुनता हूं। उनकी जो आवाज है उसका आदर करता हूं, रिस्पेक्ट करता हूं। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

हम जनशक्ति, लोकशक्ति की बात करते हैं

राहुल ने आगे कहा कि गांधी-नेहरू जेल गए। अंबेडकर ने सालों संघर्ष किया। हमारी विचारधारा कहती है कि देश की लगाम जनता के हाथ में होनी चाहिए। देश को जैसे पहले राजा चलाते थे। वैसे नहीं चलाया जाना चाहिए। हम जनशक्ति, लोकशक्ति की बात करते हैं। आप हमारे सारे के सारे कानून देखिए। आजादी की लड़ाई जनता ने लड़ी थी। राजाओं ने नहीं लड़ी थी। उनकी पार्टनरशिप थी अंग्रेजों के साथ। लोग भूल जाते हैं कि आजादी की लड़ाई अंग्रेजों के खिलाफ थी। नहीं, अंग्रेजों के साथ राजाओं के खिलाफ थी। कांग्रेस ने गरीब जनता के लिए ये लड़ाई लड़ी थी। अगर आप आजादी से पहले यहां आते तो हिंदुस्तान की जनता को, महिलाओं को कोई अधिकार नहीं थे। दलितों को छुआ नहीं जाता था। ये आरएसएस की विचारधारा है। ये कांग्रेस ने बदला है।

बिहार से अधिक उम्मीदें, बंगाल में कांटे की टक्कर, 6 राज्यों के प्रदर्शन से तय होगा इंडिया का भविष्य

नई दिल्ली(ए.)। विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' में सीटों के बंटवारे को लेकर सक्रियता बढ़ गई है। इससे छह राज्यों में लोकसभा की 196 सीटों पर असर पड़ सकता है। इन राज्यों में अभी 113 सीटें इस गठबंधन के पास हैं। राजनीतिक विशेषज्ञ मानते हैं कि यदि गठबंधन अच्छी तैयारी के साथ चुनाव मैदान में उतरे तो वह इन राज्यों में बेहतर प्रदर्शन कर सकता है। हालांकि दो राज्यों उत्तर प्रदेश और दिल्ली में गठबंधन के प्रभाव को लेकर राजनीतिक जानकार आश्वस्त नहीं हैं। इन दो राज्यों में 'इंडिया' के पास 87 में से महज छह सीटें हैं। यदि बसपा भी इसमें जुड़ती है तो भी उसकी मौजूदा ताकत महज 16 सीटों की बनती है।

'इंडिया' गठबंधन के दलों की प्रभावी उपस्थिति महाराष्ट्र, बिहार, तमिलनाडु, झारखंड, पश्चिम बंगाल और पंजाब में है। पिछले चुनाव में विपक्षी गठबंधन ने सबसे अच्छा प्रदर्शन तमिलनाडु में किया था और द्रमुक के नेतृत्व में 39 में से 38 सीटें जीतने में सफलता हासिल की थी। यह प्रदर्शन फिर से दोहराना उसके लिए आसान नहीं होगा लेकिन इसके बावजूद विपक्ष वहां अगले आम चुनावों में भी मजबूती से उभर सकता है। इसकी वजह प्रमुख विपक्षी दल अन्नाद्रमुक का अपेक्षित रूप से जमीन पर मजबूत नहीं होना है।

पश्चिम बंगाल में कड़ी टक्कर के आसार

पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस 22 और कांग्रेस ने दो सीटें जीती थीं। शेष 18 सीटें तब भाजपा ने जीती थी। यहां 'इंडिया' और भाजपा के बीच कड़ी टक्कर के आसार हैं तथा कांग्रेस और तृणमूल, वामदल यदि मिलकर चुनाव लड़ते हैं तो उनका प्रदर्शन

पहले से बेहतर होने की उम्मीद की जा रही है।

महाराष्ट्र में माहौल बदला

महाराष्ट्र के आम चुनाव के नतीजे सबसे ज्यादा रोचक हो सकते हैं। पिछली बार 48 में से शिवसेना ने 18, राकांपा ने चार तथा कांग्रेस ने एक सीट जीती थी। शिवसेना ने तब भाजपा के साथ मिलकर चुनाव लड़ा था। अब स्थितियां बदल चुकी हैं। शिवसेना और राकांपा टूट चुकी हैं। उद्धव और पवार विपक्षी खेमे में हैं और देखना यह है कि इन दलों का परंपरागत मतदाता उनके साथ टिका रहता है या बागियों के साथ बंट जाता है।

बिहार से सबसे ज्यादा उम्मीदें

'इंडिया' गठबंधन के सबसे बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद बिहार में है क्योंकि इस बार राजद, कांग्रेस, वाम दलों के अलावा जदयू भी इसका हिस्सा है। पिछली बार जदयू राजग के साथ था। जदयू ने तब 16 और कांग्रेस ने एक सीट जीती थी। बाकी कोई विपक्षी दल सीट नहीं जीत पाया था। झारखंड में भी पिछली बार झामुमो 14 में से दो सीट ही जीत पाया था। 'इंडिया' के लिए वहां भी अपनी ताकत बढ़ाने के मौके हैं। इस समय वहां गठबंधन की सरकार भी है।

पंजाब में गठबंधन पर टिकीं उम्मीदें

पंजाब में 13 में से आठ सीटें सीटें कांग्रेस तथा एक आम आदमी पार्टी के पास हैं। कांग्रेस और आप में गठबंधन होने से उनकी स्थिति बेहतर हो सकती है हालांकि यह भी देखना होगा कि क्या भाजपा और अकाली दल मिलकर लड़ते हैं या अलग-अलग राह पकड़ते हैं।

उत्तर प्रदेश और दिल्ली में राह आसान नहीं

गठबंधन उत्तर प्रदेश में भी होना तय है लेकिन बसपा को लेकर अभी स्थिति साफ नहीं है। पिछली बार बसपा ने 10, सपा ने पांच तथा कांग्रेस ने एक सीट जीती थी। प्रदेश में भाजपा की मजबूती और राम मंदिर की स्थापना के प्रभाव से विपक्ष के लिए अच्छी संभावनाएं कम हैं। इसी तरह दिल्ली में भी कांग्रेस-आप गठबंधन के बावजूद टक्कर कड़ी होगी और 'इंडिया' की राह आसान नहीं होगी।

कैलाश विजयवर्गीय ने छोड़ा पार्टी महासचिव का पद

भोपाल(वार्ता)। मध्यप्रदेश में डॉ मोहन यादव सरकार में कैबिनेट मंत्री बनाए गए भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता कैलाश विजयवर्गीय ने पार्टी के महासचिव पद से इस्तीफा दे दिया। श्री विजयवर्गीय ने स्वयं इस बारे में जानकारी देते हुए एक्स पर पोस्ट किया, 'आज मैं भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जगत प्रसाद नड्डा जी से मिला। हमारी पार्टी के सिद्धांत 'एक व्यक्ति एक पद' के अनुसार मैंने महासचिव पद से उन्हें इस्तीफ़ा सौपा। मेरा सौभाग्य रहा कि मैंने 9 वर्ष तक पहले श्री अमित शाह जी फिर श्री जेपी नड्डा जी के मार्गदर्शन में देश के विभिन्न स्थानों पर संगठन को गढ़ने में प्राणप्रण से कार्य किया। अब मुझे पार्टी ने मध्यप्रदेश में एक नई भूमिका के लिए भेजा है।

न्यूज गैलरी

प्रसिद्ध अभिनेता एवं डीएमडीके नेता विजयकांत का निधन

चेन्नई(वार्ता)। प्रसिद्ध दक्षिण भारतीय फिल्म अभिनेता एवं देसिया मुरपोक्कू द्रविड़ कड़गम (डीएमडीके) के संस्थापक विजयकांत का गुरुवार को यहां निधन हो गया। वह 71 वर्ष के थे। उनके परिवार में उनकी पत्नी और पार्टी महासचिव प्रेमलता तथा दो पुत्र हैं। विजयकांत निमोनिया से पीड़ित थे और चेन्नई के मिओट अस्पताल में भर्ती कराया गया था। सांस लेने में तकलीफ के कारण उन्हें वेंटिलेटर पर रखा गया था। जांच में उनके कोरोना पॉजिटिव रिपोर्ट भी आयी थी। डॉक्टरों के अथक प्रयास के बावजूद उन्हें बचाया नहीं जा सका और आज सुबह उनका निधन हो गया।

दिल्ली पुलिस ने आरोपियों की पॉलीग्राफ जांच के लिए अदालत से लगाई गुहार

नई दिल्ली(वार्ता)। दिल्ली पुलिस ने संसद भवन की सुरक्षा में सेंध लगाने के आरोप में गिरफ्तार सभी छह लोगों की पॉलीग्राफ़ जांच की अनुमति के लिए गुरुवार को अदालत से गुहार लगाई। पटियाला हाउस स्थित अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश हरदीप कौर की अदालत ने दिल्ली पुलिस की दलीलें सुनने के बाद कहा की वह इस मामले में दो जनवरी को विचार करेगी। अदालत ने कहा कि मामले के सभी अभियुक्तों के वकील के उपस्थित नहीं होने के कारण इस मामले में वह दो जनवरी को सुनवाई करेगी। तेरह दिसंबर को हुई घटना के मामले में गिरफ्तार सागर शर्मा, मनोरंजन डी, अमोल शिंदे, नीलम देवी, ललित झा और महेश कुमावत अदालती आदेश पर पांच जनवरी 2024 तक दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल की हिरासत में हैं। पुलिस उनसे पूछताछ कर रही है। आरोपियों को गैरकानूनी गतिविधियां अधिनियम (यूएपीए) और भारतीय दंड संहिता की विभिन्न संगीन धाराओं के तहत गिरफ्तार किया गया था।

शिक्षक भर्ती घोटाला केस में कोलकाता के नौ इलाकों में छापेमारी

नई दिल्ली(ए.)। ईडी ने शिक्षक भर्ती घोटाले की जांच के तहत कोलकाता के नौ अलग-अलग इलाकों में छापेमारी की। ईडी की नौ टीमों ने शहर के व्यस्त इलाके बड़ाबजार, काकुरगाछी और ईएम बाइपास में नौ लोगों के दफ्तर और आवास छापा मारा। इस छापेमारी पर एक अधिकारी ने कहा, 'प्राथमिक विद्यालय नौकरी घोटाले मामले में यह छापेमारी हमारे जांच का हिस्सा है। ये सभी लोग इस घोटाले में शामिल थे। हम बैंक और अन्य दस्तावेजों की तलाश कर रहे हैं।' बता दें कि गौ तस्करी घोटाले में गिरफ्तार किए गए एक व्यक्ति से मिली खुफिया जानकारी के बाद यह तलाशी अभियान गुरुवार की सुबह

चलाया गया।

सुप्रीम कोर्ट ने ईडी से मांगा था जवाब

हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने शिक्षक भर्ती 'घोटाला' मामले में कथित अनियमितताओं के सिलसिले में जेल में बंद टीएमसी विधायक माणिक भट्टाचार्य की जमानत की मांग वाली याचिका पर प्रवर्तन निदेशालय से जवाब मांगा है। ईडी ने पश्चिम बंगाल प्राथमिक शिक्षा बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष मानिक भट्टाचार्य को पिछले साल 11 अक्तूबर के दिन कथित तौर पर जांच में सहयोग नहीं करने के आरोप में गिरफ्तार किया था। वह नादिया जिले की पलाशीपारा सीट से सत्तारूढ़ टीएमसी विधायक हैं। शीर्ष अदालत ने पहले पश्चिम बंगाल में प्राथमिक विद्यालय के शिक्षकों की भर्ती में कथित अनियमितताओं के संबंध में प्रवर्तन निदेशालय द्वारा उनकी गिरफ्तारी के खिलाफ भट्टाचार्य की याचिका को खारिज कर दिया था, यह देखते हुए कि ईडी की कार्रवाई अवैध नहीं थी।

नोएडा-ग्रेटर नोएडा और गाजियाबाद में सभी स्कूल बंद

नोएडा। दिल्ली-एनसीआर समेत पूरे उत्तर भारत में भीषण ठंड का प्रकोप है। इसको देखते हुए गौतमबुद्धनगर और गाजियाबाद में स्कूलों में छुट्टियां घोषित कर दी गई हैं। वैसे तो सरकारी स्कूलों में हर साल 1 जनवरी से 14 जनवरी तक छुट्टियां रहती हैं, लेकिन इस बार इसमें तीन दिनों का इजाफा हो गया है। दोनों ही जिलों में 29 और 30 दिसंबर को स्कूलों को बंद रखने का आदेश दिया गया है, जबकि 31 को रविवार है। भीषण ठंड और कोहरे को देखते हुए गौतमबुद्धनगर के जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के निर्देश पर जिले के कक्षा 12वीं तक के स्कूल 29 व 30 दिसंबर को बंद रहेंगे।

ठंड और कोहरे के बीच बारिश के आसार, दिल्ली-यूपी समेत इन राज्यों में ऑरेंज अलर्ट

नई दिल्ली(ए.)। दिल्ली समेत पूरे उत्तर भारत में इस समय घुप कोहरा छाया हुआ है। यूपी, उत्तराखंड और हिमाचल में शीतलहर चल रही रही है। पहाड़ों में बर्फबारी के चलते मैदानी इलाकों में ठंड बढ़ गई है। कई जगहों पर विजिबिलिटी भी बहुत कम है। इस वजह से फ्लाइट और ट्रेनों पर भी असर पड़ रहा है। मौसम विभाग ने दिल्ली, हरियाणा, पंजाब और यूपी समेत कई उत्तर भारतीय राज्यों में कोहरे की वजह से ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। आईएमडी ने कई राज्यों में बारिश की संभावना भी जताई है।

कोहरे की वजह से ऑरेंज अलर्ट- मौसम विभाग ने कोहरे की वजह से दिल्ली समेत कई उत्तर

भारतीय राज्यों में ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। आज उत्तराखंड और हिमाचल में बर्फबारी के साथ कहीं-कहीं हल्की बारिश भी हो सकती है। हालांकि दिल्ली में बारिश के कोई आसार नहीं हैं। राजधानी दिल्ली में आज घुप कोहरे के साथ सुबह की शुरुआत हुई। हालांकि कोहरा बुधवार की तुलना में कम नजर आई लेकिन, तापमान में और गिरावट दर्ज की गई है। विजिबिलिटी 50 मीटर से कम की दर्ज की गई है। बुधवार को भी दिल्ली शहर भर में विजिबिलिटी 50 मीटर से भी कम हो गई थी। इससे सड़क, रेल और हवाई यातायात बाधित हुआ।

देरी से चल रही ट्रेनें

कोहरे और कम विजिबिलिटी के कारण कई ट्रेनों के परिचालन पर भी असर पड़ा है। रेलवे ने एक बयान में कहा कि गुरुवार सुबह नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर कई ट्रेनों की टाइमिंग चेंज की गई है। इससे सुबह-सुबह रेलवे स्टेशन पहुंचे यात्रियों को दिक्कत हुई। गुरुवार को अकेले दिल्ली से चलने वाली कम से कम 22 ट्रेनें देरी से चल रही हैं। बुधवार को भी यही हाल था, सुबह 8 बजे तक, 40 से अधिक उड़ानों में देरी हुई। कुछ को रद्द करना पड़ा।

कन्नड़ भाषा के विवाद पर कर्नाटक सरकार सख्त, डिप्टी सीएम बोले- संपत्तियों का नुकसान बर्दाश्त नहीं

बेंगलुरू(ए.)। कर्नाटक के डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार ने गुरुवार को कहा कि सरकार कन्नड़ भाषा के विवाद में किसी को भी कानून अपने हाथ में लेने की अनुमति नहीं देगी। बता दें कि कर्नाटक रक्षण वेदिके (नारायण गौड़ा गुट) के कार्यकर्ता बंगलूरू में दुकानों पर कन्नड़ भाषा में साइनबोर्ड लगाने की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। हाल ही में कार्यकर्ताओं ने इसे लेकर उन दुकानों में तोड़फोड़ भी की, जिन पर कन्नड़ भाषा में साइनबोर्ड नहीं थे। इस पर डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार ने सख्त रुख अपनाया है।

'सरकार अपनी आंखें नहीं मूंद सकती'

शिवकुमार ने कहा कि 'हम कन्नड़ समर्थक कार्यकर्ताओं के खिलाफ नहीं हैं लेकिन उन्हें कानून अपने हाथ में नहीं लेना चाहिए। हम बंगलूरू में संपत्तियों के नुकसान को बर्दाश्त नहीं करेंगे। हमें कन्नड़ भाषा को बचाने को बचाना है और हम इसके लिए लड़ने वाले लोगों का सम्मान भी करते हैं लेकिन इसका मतलब ये नहीं कि इसके नाम पर जो तोड़फोड़ हो रही है, सरकार उसकी तरफ से आंखें मूंद ले।'

इस साल मारे गए रिकॉर्ड 204 बाघ, महाराष्ट्र में सबसे अधिक 52 बाघ मरे

नई दिल्ली। इस साल अब तक भारत में 204 बाघ मारे गए हैं। सबसे अधिक 52 बाघ महाराष्ट्र में मारे गए। इसके बाद दूसरे नंबर पर मध्य प्रदेश है, जहां 45 बाघों की मौत हुई।? 26 मौतों के साथ उत्तराखंड तीसरे स्थान पर है। इनकी मौत के अलग-अलग कारणों के साथ शिकारियों ने 55 बाघों की जान ली है।? प्रोजेक्ट टाइगर के 50 साल पूरे होने के मौके पर गैर लाभकारी संस्था वाइल्डलाइफ प्रोटेक्शन सोसाइटी ऑफ इंडिया ने बाघों पर रिपोर्ट जारी की है। तमिलनाडु और केरल में 15-15 बाघों की मृत्यु हुई। कर्नाटक में 13, असम और राजस्थान में 10-10, यूपी में 7, बिहार और छत्तीसगढ़ में 3-3, ओडिशा और आंध्र प्रदेश में 2-2 बाघों की मौत हुई। तेलंगाना में इस वर्ष केवल एक बाघ की मौत हुई। अखिल भारतीय बाघ अनुमान की गणना के अनुसार 2018 से 2022 तक देश में बाघों की संख्या 200 बढ़ गई थी। 2022 में भारत में बाघों की संख्या 3,167 थी जबकि 2018 में यह 2,967 थी।

श्रीराम और हिंदुओं को लेकर नाराजगी कांग्रेस की पुरानी एलर्जी: धर्मेंद्र प्रधान

केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने बुधवार को कांग्रेस की आलोचना करते हुए दावा किया कि राम मंदिर और हिंदुओं के प्रति नाराजगी कांग्रेस की पुरानी एलर्जी को दर्शाती है। प्रधान ने कहा, यह समझ से परे है कि कांग्रेस भारत की आत्मा, मानस और मनोदशा से पूरी तरह से अलग क्यों है। उन्होंने कहा, राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस में नुकसान, निराशा और भय की भावना पैदा कर रही है। प्रधान का यह बयान सैम पित्रोदा के राम मंदिर पर उठाए गए सवाल के बाद आया है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पित्रोदा ने हाल ही में कहा था, क्या राम मंदिर असली मुद्दा है या बेरोजगारी और महंगाई? प्रधान ने पोस्ट में लिखा, प्राण प्रतिष्ठा की तारीख नजदीक आने से जहां पूरे देश में खुशी है, वहीं कांग्रेस में निराशा और भय है। इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के चेयरमैन सैम पित्रोदा के ईवीएम को लेकर दिए गए बयान पर पलटवार करते हुए केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा, हाल में हुए विधानसभा चुनावों में मिली पराजय के बाद कांग्रेस हार का कारण ढूंढने के बजाय बहाने तलाश रही है। जब वे एक राज्य में जीत गए तो क्या वहां अलग ईवीएम है। अब तो जनता भी उन पर हंसती है।

अब कर सकते हैं 4 शादियां, हर पत्नी से करना होगा समान बर्ताव

नई दिल्ली(ए.)। इस्लामिक कानूनों में भले ही एक मुस्लिम शख्स को 4 शादियां करने का अधिकार दिया गया है, लेकिन इसका यह मतलब नहीं कि वह पत्नियों से गैर-बराबरी का बर्ताव करे। उसे सभी पत्नियों को समान अधिकार देने होंगे। ऐसा न करना क्रूरता माना जाएगा। मद्रास हाई कोर्ट ने अपने एक फैसले में यह बात कही है। जस्टिस आरएमटी टीका रमन और पीबी बालाजी की बेंच ने इसके साथ ही महिला के आरोपों को सही करार देते हुए शादी खत्म करने का आदेश दिया। बेंच ने फैमिली कोर्ट के

फैसले को बरकरार रखते हुए कहा कि पति और उसके परिवार के लोगों ने पहली पत्नी का उत्पीड़न किया था। इसके बाद उसने दूसरी महिला से शादी कर ली और तब से उसके ही साथ रहता है। फैसले में कहा गया, 'पति ने पहली पत्नी के साथ समान बर्ताव नहीं किया, जैसा वह दूसरी के साथ कर रहा था। यह इस्लामिक कानून के मुताबिक जरूरी है।

60 प्रतिशत कन्नड़ के फैसले का बीजेपी ने किया समर्थन, केंद्रीय मंत्री बोले-यह इंग्लैंड नहीं है

बेंगलुरू(ए.)। कर्नाटक में एक बार फिर भाषा विवाद गर्मा रहा है। इसी बीच भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय मंत्री प्रल्हाद जोशी भी '60त्न कन्नड़ भाषा' के फैसले के समर्थन में आ गए हैं। हालांकि, उन्होंने हिंसा की निंदा भी की है। बुधवार को राजधानी बेंगलुर में कई स्थानों पर प्रतिष्ठानों पर मौजूद अंग्रेजी साइनबोर्ड्स को निशाना बनाया गया। प्रदर्शनकारियों के कई वीडियो भी वायरल हुए थे। बेंगलुरु ब्रुहट महानगरपालिका यानी बीबीएमपी ने आदेश जारी किए थे कि प्रतिष्ठानों पर मौजूद साइनबोर्ड्स पर 60 फीसदी कन्नड़ भाषा होना चाहिए। साथ ही कहा गया था कि इसका पालन नहीं करने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा कारोबारी का लाइसेंस भी रद्द हो सकता है। हालांकि, इसके लिए बीबीएमपी ने फरवरी 2024 तक का समय दिया था। जोशी ने कहा, 'सभी को साइन पढ़ने में आने चाहिए और सभी लोग अंग्रेजी नहीं पढ़ सकते हैं। अंग्रेजी या हिंदी जैसी किसी अन्य भाषा के साथ कन्नड़ में लिखने में क्या नुकसान है? यह इंग्लैंड तो नहीं है।' उन्होंने कहा, 'अगर कोई हिंसा हुई है, तो इसकी बिल्कुल अनुमति नहीं है, लेकिन इन लोगों को भी भावनाओं और जरूरत को समझना चाहिए।'

रूस 'मेक इन इंडिया' के तहत बनाएगा हथियार, पुतिन ने 'दोस्त' पीएम को भेजा न्योता

नई दिल्ली(ए.)। भारत ने एक बार फिर रूस के साथ अपने रिश्तों की सराहना की है। मॉस्को पहुंचे विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि रूस एक मूल्यवान साझेदार है, समय की कसौटी पर परखा हुआ साझेदार है। इधर, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को रूस आने का न्योता दिया है। खास बात है कि भारत और चीन दोनों ही ऐसी बड़ी शक्तियां हैं, जो यूक्रेन पर आक्रमण को लेकर खुलकर रूस की आलोचना नहीं की।

पीएम मोदी को न्योता

जयशंकर ने रूस के राष्ट्रपति भवन 'क्रेमलिन' में पुतिन से मुलाकात की। पुतिन ने जयशंकर से कहा, 'हमें अपने मित्र प्रधानमंत्री मोदी को रूस में देखकर खुशी होगी।' रूस की पांच दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर यहां आए जयशंकर ने इससे पहले अपने रूसी समकक्ष सर्गेई लावरोव से मुलाकात की। लावरोव के साथ

अपनी बातचीत के बाद संयुक्त रूप से संवाददाता सम्मेलन में जयशंकर ने कहा कि उन्हें विश्वास है कि प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति पुतिन अगले साल वार्षिक शिखर सम्मेलन में मिलेंगे। इससे पहले अपनी प्रारंभिक टिप्पणी में जयशंकर ने कहा कि दोनों नेता लगातार संपर्क में रहे हैं। जयशंकर ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'आज शाम राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से उन्हें शुभकामनाएं दी और एक निजी संदेश सौंपा। राष्ट्रपति पुतिन को उप प्रधानमंत्री डेनिस मंतुरोव और विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव के साथ मेरी चर्चाओं से अवगत कराया। दोनों देशों के संबंधों को आगे बढ़ाने पर उनके मार्गदर्शन की सराहना की।' जयशंकर ने यहां रूस के अपने समकक्ष सर्गेई लावरोव के साथ 'सार्थक' बैठक की और इस दौरान उन्होंने अंतरराष्ट्रीय स्थिति और समसामयिक मुद्दों पर बात की। रूस की पांच दिवसीय यात्रा पर आए जयशंकर ने लावरोव के साथ हिंद-प्रशांत क्षेत्र, यूक्रेन संघर्ष, गाजा की स्थिति, अफगानिस्तान और मध्य एशिया, ब्रिक्स, शंघाई सहयोग संगठन, जी20 और संयुक्त राष्ट्र पर भी विचार-विमर्श किया।

कोरोना वैरिएंट जेएन.1 को लेकर नेपाल अलर्ट उत्तराखंड बॉर्डर पर कब बैठेगी मेडिकल

पिथौरागढ़। देश में कोरोना नए वैरिएंट जेएन.1 की दस्तक के बाद फिर से संक्रमण का खतरा मंडराने लगा है। इंडिया में बढ़ते मामलों को देखते हुए सीमा पर नेपाल सरकार तो सतर्क हो गई। बॉर्डर पर डॉक्टरों की टीम तैनात की गई है। लेकिन, भारतीय प्रशासन लापरवाही बरत रहा है।

उत्तराखंड में पिथौरागढ़ जिले में भारत-नेपाल बॉर्डर पर झूलापुलों में भारत की तरफ से लोगों की जांच की कोई व्यवस्था नहीं की गई है। तो दूसरी ओर, नेपाल में स्वास्थ्य विभाग की टीम बैठी हुई है। पिथौरागढ़ में धारचूला से लेकर झूलाघाट तक बगैर जांच के ही नेपाली नागरिक प्रवेश कर रहे हैं। नेपाल सीमा पर कोरोना संक्रमण रोकथाम को लेकर कोई

पहल नहीं की जा रही है। बुधवार को झूलाघाट में झूलापुल खुलते ही दोनों देशों के नागरिक एक से दूसरे देश में आवाजाही करने लगे। इस दौरान उनकी किसी भी प्रकार की जांच नहीं हुई। यानि की लोग बगैर किसी स्वास्थ्य जांच के एक से दूसरे में आवाजाही कर रहे थे। झूलापुल में केवल एसएसबी की ही टीम नजर आई, जो नेपाल आवाजाही कर रहे लोगों की इंट्री और जांच में जुटी हुई थी। बाद में टीम नेपाल क्षेत्र पहुंची।

यहां नेपाल पुलिस के साथ ही स्वास्थ्य विभाग की भी टीम ड्यूटी पर तैनात नजर आई। उन्होंने बताया कि कोरोना संक्रमण को देखते हुए सरकार ने पूर्व में चौकी स्थापित की थी, जो जारी है। बॉर्डर पार करने वालों की निगरानी की जा रही है।

पिथौरागढ़ जिले धारचूला में भी जांच की नहीं कोई व्यवस्था

उत्तराखंड के पिथौरागढ़ जिले में धारचूला, जौलजीबी, बलुवाकोट सहित अन्य नेपाल सीमा पर स्थित झूलापुलों में भी कोरोना जांच की कोई व्यवस्था नहीं है। बुधवार को झूलापुलों में स्वास्थ्य विभाग की टीम नजर नहीं आई। लोगों का कहना है कि कोरोना के बढ़ते मामलों के बाद प्रशासन को सीमा पर सतर्कता बरतनी चाहिए। सीमांत के लोगों को कोरोना के नए खतरे से सुरक्षित रखा जा सके। शासनस्तर से झूलापुल में जांच के निर्देश प्राप्त नहीं हुए है। नेपाल में पूर्व से ही स्वास्थ्य चौकी स्थापित है। वर्तमान में कोविड की जांच वहां भी नहीं की जा रही है। दिव्या नाथ, प्रभारी झूलाघाट अस्पताल।

दिल्ली में केस मिलने के बाद उत्तराखंड में अलर्ट

दिल्ली में कोरोना नए वैरिएंट छ्वह्न.1 के केस मिलने के बाद उत्तराखंड में अलर्ट जारी किया गया है। स्वास्थ्य विभाग की एडवाइजरी जारी करते हुए अस्पतालों को अलर्ट मोड पर रहने को कहा गया है। खांसी, जुखाम और बुखार के मरीजों की जांच करने के निर्देश दिए गए हैं। किसी भी आपदा से निपटने को अस्पतालों में बेड भी रिजर्व किए गए हैं।

वोट शेयर 10% बढ़ाने का टारगेट राज्यसभा वाले मंत्री भी लड़ेंगे चुनाव

नई दिल्ली। अपनी चुनाव मशीनरी से अब तक एक कदम आगे दिखने वाली भाजपा अब लोकसभा इलेक्शन की तैयारी में जुट गई है। कुछ महीने पहले ही पार्टी अहम सीटों पर अपने उम्मीदवार तय कर लेना चाहती है ताकि कैंडिडेट्स को जनता से संपर्क के लिए वक्त मिल सके। बंगाल, तेलंगाना, ओडिशा, आंध्र, तमिलनाडु जैसे राज्यों में भाजपा सबसे पहले कैंडिडेट घोषित करना चाहती है, जहां पार्टी की स्थिति उत्तर और पश्चिम भारत के मुकाबले थोड़ी कमजोर है। ऐसे में भाजपा चाहती है कि उम्मीदवारों के सेलेक्शन पर काम शुरू कर दिया। बीते सप्ताह पार्टी ने इसे लेकर दो दिनों की मीटिंग भी थी, जिसमें खुद पीएम मोदी भी पहुंचे थे। भाजपा सूत्रों का कहना है कि नेतृत्व चुनाव में राज्यसभा से आने वाले मंत्रियों को भी उतारने पर विचार कर रहा है। इन नेताओं में एस. जयशंकर, पीयूष गोयल, निर्मला सीतारमण, अश्विनी वैष्णव, भूपेंद्र यादव जैसे दिग्गज शामिल हैं, जो सरकार का हिस्सा हैं, लेकिन राज्यसभा से आते हैं। पार्टी को लगता है कि इन नेताओं को उतारने से माहौल बनेगा और कुछ सीटों पर जीत तय हो सकती है। इसके अलावा चुनाव के बाद कई अन्य नेताओं को संगठन से सदन में लाया जा सकेगा। यह वही फॉर्मूला है, जिसे अभी 5 राज्यों के चुनाव में आजमाया गया था। यहां भाजपा ने राजस्थान से लेकर छत्तीसगढ़ तक कई सांसदों और मंत्रियों को भी चुनाव में उतार दिया था। तीनों ही राज्यों में भाजपा जीत गई है और कई दिग्गज नेता अब राज्य सरकार का हिस्सा हैं। माना जा रहा है कि चुनाव की तारीखों का ऐलान फरवरी के अंत तक या फिर मार्च में हो सकता है। इसलिए भाजपा जनवरी के अंत तक बड़ी संख्या में उम्मीदवार तय कर लेना चाहती है। पार्टी ने चुनाव में 2019 की तुलना में वोट शेयर को 10 फीसदी तक बढ़ाने की बात कही है। मीटिंग में पीएम नरेंद्र मोदी ने यह टारगेट दिया।

न्यूज गैलरी

कफ-सिरप के साथ हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार मर्डर केस में जा चुकी है जेल

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर के गुढ़ियारी थाना पुलिस ने प्रतिबंधित कप सिरप के साथ दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। इसमें एक हिस्ट्रीशीटर नाबालिग लड़की भी शामिल है जो इससे पहले भी कई मामले में जेल जा चुकी है। उसे आजाद चौक थाना पुलिस ने हत्या के केस में भी गिरफ्तार किया था। आरोपित राहुल साहू के साथ मिलकर वह शहर में नए वर्ष में कप सिरप की सप्लाई करने वाली थी। आरोपित ने पुलिस को पूछताछ में बताया कि वह उत्तर प्रदेश से कप सिरप लेकर आया था। वहीं, लड़की ने पुलिस को बताया कि वह ईरानी गैंग के लिए काम करती है। उनके कहने पर ही वह सिरप लेने आई थी। इसके लिए एडवांस में रकम भी दी गई थी। पुलिस ने अब तक मुख्य आरोपितों से पूछताछ नहीं की है। गुढ़ियारी थाना पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि एक लड़का और लड़की बैग में कप सिरप रखे हुए हैं। सूचना पर मौके पर पुलिस की टीम पहुंच गई। उसने पास रखे बैग की तलाशी ली गई। ट्राली बैग में कप सिरप भरी हुई थी। उनसे जब दस्तावेज की मांग की गई तो उसके संबंध में कोई दस्तावेज नहीं दिखाए। लगातार पुलिस को गुमराह कर रहे थे। इसके बाद पुलिस ने राहुल और नाबालिग हिस्ट्रीशीटर को गिरफ्तार किया। उनके कब्जे से 172 नग कप सिरप जब्त की गई है।

पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी की एमडी उज्जवला बघेल का इस्तीफा

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी की एमडी उज्जवला बघेल ने अपना इस्तीफा दिया है।

उन्होंने अपना इस्तीफा चार दिसंबर को ही ऊर्जा सचिव को प्रेषित कर दिया था। उनके स्थान पर राज्य सरकार ने एमडी डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी मनोज खरे को अतिरिक्त प्रभार सौंपा है। खरे का भी कार्यकाल खत्म हो गया है और सरकार ने मार्च तक उन्हें एक्सटेंशन दिया है।

दागोरी रेलवे फाटक रहेगा बंद

रायपुर/नवप्रदेश। रेल मंडल के दगोरी फाटक रेलवे समपार फाटक क्रमांक 376 (कि.मी. 741/23-25) में रेल पथ डाउन लाईन का अति आवश्यक मरम्मत कार्य हेतु दिनांक 29.12.2023 दिन शुक्रवार सुबह 08.00 बजे तक समपार फटक पर सड़क आवागमन बंद रहेगा।रेलवे की अपील समपार फाटक की मरम्मत करना रेल यातायात व यात्रियों की संरक्षा की दृष्टि से अति आवश्यक हैं । रेल प्रशासन सभी से सहयोग की आशा करता है।

युवक पर चाकू से हमला

रायपुर/नवप्रदेश। श्रीराम मंच के पास जागृतिनगर में हत्या करने के नियत से दो युवकों ने एक युवक पर चाकू से हमला कर घायल कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर खमतराई पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी रवि सोना 22 वर्ष जागृतिनगर का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी गोलू व चिराग ने प्रार्थी के दोस्त विकाश नायक से गाली-गलौज कर हत्या करने के नियत से चाकू से हमला कर घायल कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर खमतराई पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 506 बी, 307, 34 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

गांजा के साथ युवक गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। टिकरापारा पुलिस ने भाठागांव बस स्टेण्ड के पास एक युवक से 5 किलो गांजा जब्त किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ नारकोटिक्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर भाठागांव बस स्टेण्ड के पास आरोपी जावेद उल्ला खान 45 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से प्लास्टिक बोरी में रखे 5 किलो गांजा जब्त किया है। जिसकी कीमत 50 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है।

युवा समाज के सजग प्रहरी : राज्यपाल

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के राज्यपाल श्री विश्वभूषण हरिचंदन गत दिवस भुवनेश्वर में राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका विषय पर आयोजित राज्य स्तरीय युवा महोत्सव एवं गीतांजलि एक्सीलेंस अवार्ड -2023 कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर श्री हरिचंदन ने कहा कि युवा समाज के प्रहरी हैं। स्वस्थ एवं सुंदर देश के निर्माण में युवाओं की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। वे देश का भविष्य हैं. युवा ही देश को सही राह पर ले जा सकते हैं। युवा, गांधी, गोपबंधु और मधुबाबू से प्रेरणा लें और शोषितों को उनका अधिकार दिलाने में मदद करें

तथा राष्ट्र की भलाई में योगदान दें। राज्यपाल श्री हरिचंदन ने नशे की रोकथाम और समाज को नशे से दूर रहने का आह्वान किया। राज्यपाल ने कहा कि युवाओं को नशे से दूर रहना चाहिए और समाज को पंगु बना देने वाले नशे के प्रति सावधान रहना चाहिए। यह प्रशंसनीय है कि युवाओं ने कोरोना संकट के दौरान मदद के लिए अपने जीवन का बलिदान दिया है। उन्होंने कहा कि भारत के युवाओं की संख्या दुनिया में सबसे ज्यादा है। अगर युवा खुद को साबित करें तो हमारा देश दुनिया में सर्वश्रेष्ठ बन जायेगा। राज्यपाल ने युवाओं से स्वामी विवेकानन्द की तरह सुधारवादी और प्रगतिशील बनने के साथ-साथ नेताजी सुभाषचंद्र बोस के कौशल और साहस के गुणों को अपनाने का भी आह्वान किया। इस मौके पर 12 युवाओं को राज्यपाल ने सम्मानित किया। कार्यक्रम में जयदेव विधानसभा क्षेत्र के विधायक अरविंद सियालदी, खुर्दा के पूर्व विधायक फिलिप श्रीचंदन, संस्थान की सलाहकार सुचिस्मिता परवारी, चेयरमैन रंजन महापात्र, मेजर जोडे सहित सैकड़ों युवा उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव ने बाबा प्रियदर्शी रामजी और सत्यनारायण बाबा का लिया आशीर्वाद

रायगढ़/रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय गुरुवार को रायगढ़ प्रवास के दूसरे दिन बनोरा आश्रम पहुंचे। उन्होंने आश्रम में पहुंचकर सबसे पहले अघोरेश्वर बाबा राम जी की प्रतिमा के दर्शन किए। इसके बाद आश्रम में बाबा प्रियदर्शी रामजी से आशीर्वाद लेकर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि साधु-संतों का आशीर्वाद होना मानव जीवन के लिए बहुत जरूरी है। उनके आशीर्वाद से आध्यात्मिक शक्ति मिलती है, जिससे पूरी सकारात्मक ऊर्जा के साथ आगे बढ़ा जा सकता है। छत्तीसगढ़ में अघोर पंथ का बीजारोपण करने वाले वाले पूज्य अघोरेश्वर के शिष्य बाबा प्रियदर्शी राम जी के हाथों से तीन दशक पहले रायगढ़ के पूर्वांचल स्थित ग्राम बनोरा में इस ट्रस्ट की नींव रखी गई थी, तब से लेकर आज तक यह ट्रस्ट राष्ट्र निर्माण में अपनी अहम भूमिका निभा रहा है। मनुष्य को आत्मिक रूप से शक्तिशाली बनाने के लिए अघोर गुरु पीठ ट्रस्ट बनोरा की स्थापना 3 दशक पहले की गई है। वहीं इसके पहले मुख्यमंत्री ने रायगढ़ प्रवास के दौरान बुधवार देर रात सत्यनारायण बाबा जी से आशीर्वाद लेने बाबाधाम कोसमनारा पहुंचे। यहां उन्होंने प्रदेशवासियों की खुशहाली और समृद्धि की कामना की। उल्लेखनीय है कि सत्यनारायण बाबा सुबह से देर शाम तक ध्यान में रहते हैं और श्रद्धालुओं से इसके पश्चात मिलते हैं। मुख्यमंत्री ने बाबा का आशीर्वाद लिया। बाबा ने उन्हें शुभ संकल्प के साथ छत्तीसगढ़ के विकास के लिए कार्य करने का आशीर्वाद दिया।

कांग्रेस अपने कार्यकर्ताओं को खींच-खींचकर ले गई नागपुर : केदारनाथ

रायपुर/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता केदारनाथ गुप्ता ने तंज कसा है। भाजपा प्रवक्ता ने कहा- कांग्रेस पार्टी को उसके स्थापना दिवस पर

अपने कार्यकर्ताओं को ढोकर और खिंच-खींचकर ले जाना पड़ रहा है। बीजेपी बोली जिला अध्यक्षों को 10 गाड़ी और विधायकों को 50 गाड़ी का टारगेट थमाया गया है। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता केदारनाथ गुप्ता ने तंज कसा है कि कांग्रेस नेता अपनी पार्टी को सबसे पुरानी पार्टी बता रहे हैं और हालत यह है कि उसके स्थापना दिवस पर भी ढोकर ले जाना पड़ रहा है। कोई स्वस्फूर्त इस कार्यक्रम में जाना नहीं चाहता। श्री गुप्ता ने कहा कि किसी के दिल में आज कांग्रेस के लिए सम्मान बाकी नहीं है और जब सम्मान बाकी नहीं तो स्वस्फूर्त जाएंगे कैसे? भाजपा प्रदेश प्रवक्ता ने कहा कि निश्चित रूप से कांग्रेस का पूरी तरह से सूर्य का अस्त हो चुका है। श्री गुप्ता ने कहा कि 20 करोड़ रुपए का माँ दंतेश्वरी में डीएमएफ के तहत कैसे काम हो रहा था? पूरा भ्रष्टाचार कर दिया। न गाय को छोड़ा,न राम को छोड़ा, ना ही दंतेशवरी मॉ को छोड़ा,धर्म के नाम पर डीएमएफ में भी 20 करोड़ का भ्रष्टाचार सामने आया, यह बंदरबाँट अब नहीं चलेगी।

पीड़ित महिला की राज्यपाल से गुहार बेटी से मिलवा दो वरना इच्छा मृत्यु दो

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के पास एक महिला ने अपनी 5 साल की बेटी से मिलने के लिए गुहार लगाई है। महिला का कहना है कि उन्हें उनकी बेटी से मिलवा दो वरना इच्छा मृत्यु दे दो। शिकायत में महिला ने अपने पति पर कई गंभीर आरोप लगाए है। जिसमें उन्होंने पति पर मारपीट कर धक्के मार कर घर से निकालने की बात कही है। साथ ही महिला का आरोप है कि उसका पति 5 साल की बेटी को उससे मिलने नही दे रहा और बच्ची दहशत में जिंदगी जी रही है। हालांकि पति-पत्नी के बीच इस पूरे विवाद की सुनवाई अभी रायपुर कोर्ट में जारी है। रायपुर के बैरनबाजार पीडब्ल्यूडी कॉलोनी की रहने वाली राखी सिन्हा ने मीडिया से चर्चा करते बताया कि उनके पति अभिनव श्रीवास्तव के साथ शादी के कुछ समय बाद से लड़ाई झगड़ा चालू हो गया। 19 अक्टूबर को मेरे पति की एक निकट संबंधी के कारण घर में लड़ाई झगड़ा हुआ। फि र उन्होंने मेरे साथ मारपीट किया और घर से धक्के मार कर बाहर निकाल दिया। उन्होंने 5 साल की बेटी को अपने कस्टडी में रख लिया है।

छग में पांव पसार रहा कोरोना

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में कोरोना का नया वैरिएंट का प्रसार धीरे-धीरे ही सही पर बढने लगा है। राज्य में पांच नए कोरोना संक्रमित मरीजों की पहचान की गई है। आपको बता दें कि सबसे ज्यादा दुर्ग में 7 मरीज मिले है। आज मिले 5 मरीज के बाद छत्तीसगढ़ के बाद अब एक्टिव मरीजों की संख्या बढ़कर 19 हो गई है। वहीं सभी संक्रमित मरीजों की रिपोर्ट की जीनोम सिक्वेसिंग के लिए सैंपल को एम्स में भेजे गए है।

पूर्व मंत्री रूद्रकुमार के बंगले में लगी आग

रायपुर/नवप्रदेश। छग के पूर्व मंत्री रुद्र कुमार के रायपुर के गंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत बंगले में आग लग गई। खबरों के अनुसार पूर्व मंत्री के बंगले के कंप्यूटर रूम में आग लगी। बताया जा

रहा है कि आग लगने से आलमारी में रखे सारे दस्तावेज जलकर खाक हो गए। सूचना मिलते ही फ ायर ब्रिगेड की एक गाड़ी मौके पर पहुंची। दमकलकर्मियों को आग पर काबू पाने में कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। वहीं साथ में गंज थाना की टीम भी मौके पर पहुंच गई। आग लगने की स्थिति स्पष्ट नहीं हो सकी है। जानकारी के अनुसार पूर्व मंत्री का बंगला गुरूवार को खाली किया जा रहा था। इसी दौरान बंगले के कंप्यूटर रूम में आग लगने की घटना हुई है। यह भी बताया जा रहा है कि जब बंगले के कंप्यूटर रूम में आग लगी तो इस दौरान पूर्व मंत्री रुद्र गुरु भी वहां मौजूद थे।

नक्षत्र स्कूल किड्स एकेडमी का वार्षिक समारोह संपन्न

रायपुर/नवप्रदेश। नक्षत्र स्कूल, किड्स एकेडमी, रायपुर द्वारा द्वितीय वार्षिक समारोह रविवार दिनाँक 24.12.2024 को

आयोजित किया गया। इस समारोह के मुख्य अतिथि श्रीमति रिचा साव, प्रिंसिपल दिशा स्कूल ऑफ हायर सेकेंडरी स्टडीज, रायपुर और गेस्ट ऑफ़ ऑनर श्रीमान मुकेश शाह, निदेशक, वीर छत्रपति शिवाजी इंग्लिश मीडियम स्कूल, रायपुर थे। मुख्य अतिथि ने सरस्वती वंदना कर दीप प्रज्वलित किया। उन्होंने अपने भाषण में नक्षत्र स्कूल की सराहना करते हुए स्कूल के नन्हे बच्चों के नृत्य की सराहना की। बच्चों द्वारा विविधता में एकता संदेश देते हुए राजस्थानी, कश्मीरी, पंजाबी, दक्षिण भारतीय गानों पर नृत्य किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्रीमति रिचा साव, गेस्ट ऑफ़ ऑनर श्रीमान मुकेश शाह, नक्षत्र स्कूल के संचालकगण डॉ. अरुण कुमार दुबे, डॉ. आभा दुबे, डॉ. दिव्या पाण्डेय और श्रीमती माधुरी दुबे द्वारा बच्चों की सराहना करते हुए उन्हें ट्रॉफिया और प्रमाणपत्र प्रदान किया। स्कूल की प्रिंसिपल श्रीमती श्वेता राठौड़ और शिक्षिकाए श्रीमती रोशनी शर्मा और श्रीमती दीप्ति सोनी ने इस आयोजन को सफल बनाने में अपना योगदान प्रदान किया।

मिनी ट्रक लेकर पहुंचे चोर, गाड़ी छोड़कर भागे

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर चोर अब तक रात के अंधेरे में आकर सेंधमारी कर जाते रहे हैं लेकिन अब दिनदहाड़े और चोरी का सामान लेने बकायदा मिनी ट्रक भी लेकर आने लगे हैं। फिल्मी स्टाइल की यह चोरी राजधानी से लगे बरबंदा गांव में हुई। विधानसभा इलाके के इस गांव में रहने वाले द्रोण कुमार वर्मा के घर यह चोरी हुई। अग्यात चोर मंगलवार दोपहर तीन बजे छोटा हाथी टाटा एस सीजी 04जेए 9345 में आए। बंद घर का ताला तोड़कर भीतर रखे सोफासेट, डायनिंग टेबल लोड कर भाग निकले। देर शाम घर लौटे द्रोण ने रात आठ बजे विस थाने में धारा 457,380 का मामला दर्ज कराया। टिकरापारा इलाके के संजय नगर में सोनू साहू, यशवंत, दादू साहू कल शाम नंदिनी किराना दुकान में चोरी की नीयत से घुसे। आवाज आने पर दुकानदार शरद गुप्ता (48) जाग गया। इस पर तीनों लड़कों ने भाग निकलने शरद के साथ झूमाझटकी की और हमारे खिलाफ रिपोर्ट लिखवाने की बात कहते हुए किसी नुकीली चीज से वार दिया।

राजधानी रायपुर में इंडियन मीडिया जर्नलिस्ट यूनियन का महासम्मेलन

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के पुजारी पार्क में आईएमजेयू का महासम्मेलन हुआ। इस सम्मलेन में 18 प्रदेशों से सभी वरिष्ठ पत्रकार राजधानी रायपुर पहुंचे और पत्रकारों के हितों में कई सार्थक चर्चा हुई। साथ में प्रदेश के दिग्गज पत्रकारों का सम्मान किया गया और देश में एक अलग भूमिका निभाने वाले सभी डॉक्टर का सम्मान किया गया। राजधानी रायपुर में इंडियन मिडिया जर्नर्लिस्ट पत्रकार संघ प्रदेश सम्मेलन में शामिल हुए। सम्मेलन का आयोजन पुजारी पार्क में किया गया था। कार्यक्रम के दौरान प्रदेश इकाईयो के द्वारा राष्ट्रीय कार्यकारिणी का पारंपरिक स्वागत किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आईएमजेयू के नेशनल प्रेजिडेंट बाला भास्कर ने कहा कि लोकतंत्र में मीडिया की विशेष भूमिका रहती है। पत्रकार आलोचना के माध्यम से गलतियां सुधारने का अवसर प्रदान करते है। श्री भास्कर ने कहा- पत्रकार एक तरह से समाज को जागरूक करता है, समाज के लोगों को एक पत्रकार विभिन्न क्षेत्रों की जानकारियां देता है। जिससे गांव के लोग किसान एवं मजदूर वर्ग भी जानकारी पाकर अपने जीवन में आगे बढ़ पाते हैं। वास्तव में पत्रकार हम सभी के लिए काफी महत्वपूर्ण होते हैं। पत्रकारिता का उद्देश्य समाज में व्याप्त बुराईयों को दूर करने और लोगों में जागरूकता लाना है। अगर लोग जागरूक होंगे तो सरकार जागृत होगी और सरकार जब जागरूक होगी तो लोगों के लिए भी बहुत कुछ अच्छा करेगी। उन्होने कहा कि शासन-प्रशासन के संज्ञान में समय-समय पर कमियों को उजागर करें। वहीं अच्छाइयों की प्रशंसा भी जरूर करें। बाला भास्कर ने छत्तीसगढ़ आईएमजेयू पत्रकार का धन्यवाद भी दिया। कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार, शख्सियतों का सम्मान समारोह हुआ।

कलिंगा विवि में एकता और उत्सव की एक शाम

रायपुर/नवप्रदेश। मनोरंजक शाम को उत्सव की आनंददायक ध्वनियों से गूंज उठा, जब छात्र, शिक्षक और कर्मचारी एक शानदार क्रिसमस की पूर्व संध्या और नए साल के उत्सव के लिए एकत्र हुए। प्रभारी, छात्र कल्याण डीन और उनकी टीम की देखरेख में आयोजित यह कार्यक्रम सांस्कृतिक विविधता, संगीत और उत्सव की खुशी का एक सुंदर मिश्रण था।

शाम की शुरुआत एक अंतरराष्ट्रीय छात्र की शांतिदायक समग्र प्रार्थना से हुई, जिसमें कलिंगा विश्वविद्यालय में पढ़ने वाले विश्व के अनेक देशों के छात्र शांति और चिंतन के एक पल के लिए एक साथ आए। उपस्थित लोगों की विविध सांस्कृतिक पृष्ठभूमि ने प्रार्थना में एक अद्वितीय और समृद्ध आयाम जोड़ा और शाम के लिए एक सौहार्दपूर्ण माहौल बनाने में मदद की। यह जश्न शानदार बैंड प्रदर्शन के साथ जारी रहा, जिससे भीड़ क्रिसमस और आने वाले नए साल की भावना का जश्न मनाने के लिए झूमने पर मजबूर हो गई। शाम को कलिंगा विश्वविद्यालय के सदस्यों द्वारा विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक प्रदर्शन प्रस्तुत किए गए, जो कलिंगा विश्वविद्यालय के जीवंत और सकारात्मक माहौल को दर्शाते हैं। अध्यक्ष, रजिस्ट्रार और छात्र कल्याण डीन के नेतृत्व में हुआ आनंददायक केक काटने का समारोह शाम का चरम बिंदु था और छुट्टियों के साथ आने वाली खुशी और गर्मजोशी का प्रतीक था। केक की औपचारिक कटाई साझा खुशी का एक सामूहिक क्षण था, जिससे उपस्थित लोगों के बीच समुदाय की भावना को बढ़ावा मिला। शाम को प्रशासनिक विभाग से विशाल सिंह सांता क्लॉज के रूप में दिखे, जिन्होंने उपस्थित लोगों को चॉकलेट और मफिन वितरित किए। जैसे-जैसे रात आगे बढ़ी, माहौल उत्साह से भर गया, जैसे-जैसे डीजे बजता गया, संगीत बजता गया, जिससे हर कोई नाचने लगा और आनंदमय रवैये में भाग लेने लगा। डीजे नाइट हंसी, खुशी और सांस्कृतिक आदान-प्रदान से भरे दिन का आदर्श अंत था। छात्र कल्याण की प्रभारी अधिष्ठाता लेफ्टिनेंट विभा चंद्राकर ने छात्रों की उत्साहपूर्ण भागीदारी और आयोजन समिति के सदस्यों - डॉ. सजीव कुमार यादव, डॉ. स्मिता प्रेमानंद, डॉ. ए. विजयानंद के सहयोगात्मक प्रयास के प्रति आभार व्यक्त किया। डॉ. डी.एम. साहू, डॉ. मनोज मैथ्यू, सु अर्चना नागवंशी, सु ग्लेसी अनियान, जितेश महंत, मनीष सिंह, यूनुस रज़वी, अंश बत्रा, राजेश रावत, सु निकिता जोशी, तोशान तारक, सु आयुषी कुचनवार, अनामिका शुक्ला एवं प्रशासन टीम। कलिंगा विश्वविद्यालय में समारोह ने सभी उपस्थित लोगों में खुशी और उत्साह का संचार किया।

धान खरीदी के लिए कांग्रेस बनाएगी निगरानी समिति

रायपुर/नवप्रदेश। धान खरीदी को लेकर कांग्रेस पार्टी जल्द ही निगरानी समिति गठित करेगी। कांग्रेस कमेटी प्रदेशाध्यक्ष दीपक बैज ने इसके लिए आदेश जारी किया है। कांग्रेस पार्टी लगातार ये आरोप लगा रही है कि किसानों को सही समर्थन मूल्य नहीं मिल पा रहा है। धान खरीदी नहीं हो पा रही है। कांग्रेस पार्टी का कहना है कि धान संग्रहण केंद्र में किसानों को टोकन के लिए 15 दिन बाद बुलाया जा रहा है, ताकि समय निकलने के बाद किसान अपना धान नहीं बेच पाएं। साथ ही धान की सूखत का भी नुकसान किसानों को हो। ये

कमेटी प्रदेश भर के सभी धान खरीदी केन्द्रों की निगरानी करेगी। किसानों का कितना धान बेचा जा रहा है, समर्थन मूल्य मिल रहा है या नहीं या किसी अन्य प्रकार की गड़बड़ी न हो पाए, इसकी मॉनिटरिंग ये कमेटी करेगी। समिति में समन्वयक और सदस्य प्रदेश भर से बनाए जाएंगे।

गांजा के साथ युवक गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। टिकरापारा पुलिस ने भाठागांव बस स्टेण्ड के पास एक युवक से 5 किलो गांजा जब्त किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ नारकोटिक्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर भाठागांव बस स्टेण्ड के पास आरोपी जावेद उल्ला खान 45 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से प्लास्टिक बोरी में रखे 5 किलो गांजा जब्त किया है। जिसकी कीमत 50 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है।

सिंधी काउंसिल ने जरूरतमंदो को किया कंबल वितरित

रायपुर/नवप्रदेश। सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया छत्तीसगढ़ इकाई द्वारा आज आकाशवाणी की झुग्गी बस्ती में कंबल वितरण का आयोजन किया गया सिंधी काउंसिल के प्रदेश अध्यक्ष ललित जैसिंघ ने बताया लगातार चार दिन तक अलग अलग झुग्गी बस्तियों में कंबल वितरित किया जाएगा स्व कांतादेवी जसवानी रायपुर, स्व हरीराम सिदारा बिलासपुर, स्व हीरालाल पंजवानी रायपुर की स्मृति में कंबल वितरण किया जाएगा आज के आयोजन के मुख्य अतिथि शदाणी दरबार तीर्थ के सचिव उदय शदाणी ने कहा सिंधी काउंसिल लगातार हर जरूरतमंद को जरूरी वस्तु उपलब्ध करवाता रहता है. अभी ठंड के मौसम में कंबल वितरण किया जा रहा है सिंधी काउंसिल के प्रदेश अध्यक्ष ललित जैसिंघ ने कहा कोई भी इंसान ठंड में न रहे सबको हम कंबल उपलब्ध करवाए हमारी संस्था का उद्देश हर वर्ग की जरूरत को पूरा करना है आज के आयोजन में सिंधी कॉन्सिल के प्रदेश अध्यक्ष ललित जैसिंघ,शदाणी दरबार तीर्थ के सचिव उदय शदाणी,गोल्डी सिदारा,राजीव जसवानी,आकाश पंजवानी,महेश खिलनानी,आकाश बजाज,कुबेर महाराज,कमल कुमार उपस्थित थे।

नवा रायपुर प्रीमियर लीग 3 जनवरी से

■ मंत्री टंक राम वर्मा टूर्नामेंट का करेंगे उद्घाटन

रायपुर/नवप्रदेश। विभागाध्यक्ष राजपत्रित अधिकारी संघ एवं शासकीय कर्मचारी संघ के संयुक्त तत्वाधान में नवा रायपुर में नवा रायपुर प्रीमियर लीग का आयोजन 3 जनवरी से सेक्टर 25 स्थित ग्राम राखी स्कूल के सामने स्थित मैदान में किया जा रहा है। इस आयोजन के रंगारंग कार्यक्रम का शुभारंभ

श्री टंक राम वर्मा, मंत्री छत्तीसगढ़ शासन के करकमलों किया जाएगा। नवा रायपुर प्रीमियर लीग के संयोजक कमल वर्मा ने विज्ञप्ति जारी कर बताया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य शासकीय अधिकारियों और कर्मचारियों का शासकीय कार्यों के प्रति मानसिक, शारीरिक क्षमताओं में वृद्धि करने के साथ ही उनके प्रतिभा व फिटनेस को जीवित रखने का एक माध्यम है। विगत पांच वर्षों से यह आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन को लेकर नवा रायपुर एवम् पुराना रायपुर के विभिन्न शासकीय कार्यालयों में अभूतपूर्व उत्साह है। स्थानीय विधायक गुरु खुशवंत साहेब कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे।श्री विजय बघेल सांसद दुर्ग, इंद्र कुमार साहू, विधायक अभनपुर एवं नवीन मार्कण्डेय,पूर्व विधायक एनपीएल समारोह के अतिविशिष्ट अतिथि होंगे। साथ ही क्षेत्र के जन प्रतिनिधिगण विशेष रूप से इस आयोजन में उपस्थित रहेंगे। नवा रायपुर प्रीमियर लीग टूर्नामेंट में क्रिकेट के अलावा बैडमिंटन, कैरम, वॉलीबॉल प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जा रहा है। इस भव्य आयोजन के सफल संचालन हेतु विभिन्न समितियों का गठन किया गया है जिसमे संतोष कुमार वर्मा को क्रिकेट, टाकेश ठाकुर को बैडमिंटन, जी.आर.परसे एवं रामप्रसाद भुसाल को वॉलीबॉल, इब्राहिम कुरैशी एवं शैलेष शर्मा को कैरम प्रतियोगिता के लिए आयोजन समिति ओर से प्रभारी नामांकित किया गया है।

संपादकीय

क्या फिर पलटी मारेंगे नीतीश

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार इन दिनों आईएनडीआईए से बेहद नाराज चल रहे हैं। यही वजह है कि उनके एक बार फिर पलटी मारने के कयास लगाए जा रहे हैं। हालांकि भाजपा ने पहले ही यह स्पष्ट कर दिया है कि नीतीश कुमार को एनडीए में जगह नहीं दी जाएगी। इसके बावजूद राजनीति में कभी भी कुछ भी हो सकता है। जदयू में इन दिनों घमासान मचा हुआ है। जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह के इस्तीफे की भी खबर सामने आई थी लेकिन उन्होंने इस खबर का खंडन कर दिया है। गौरतलब है कि ललन सिंह 2021 में राष्ट्रीय अध्यक्ष बने थे और उनके 2 साल का कार्यकाल पूरा हो चुका है। नई दिल्ली में जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक होने जा रही है। जिसमें ललन सिंह को राष्ट्रीय अध्यक्ष पद से हटा कर नीतीश कुमार खुद पार्टी की कमान संभाल सकते हैं। दरअसल जदयू के भीतर कुछ भी ठीक नहीं चल रहा है। ललन सिंह की लालू यादव से बढ़ती नजदीकी भी नीतीश कुमार को पसंद नहीं आ रही है। नीतीश कुमार इस बात को लेकर भी लालू यादव से खफा हैं कि उन्होंने नई दिल्ली में हुई आईएनडीआईए की चौथी बैठक में गठबंधन संयोजक पद के लिए नीतीश कुमार का नाम आगे नहीं बढ़ाया न ही उन्हें प्रधानमंत्री पद का चेहरा बनाने का प्रस्ताव रखा। जबकि बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के नाम का प्रस्ताव रख दिया। जिसका नई दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने समर्थन कर दिया। हालांकि यह प्रस्ताव अभी पारित नहीं हुआ है। खुद मल्लिकार्जुन खड़गे ने भी इस प्रस्ताव पर कोई खास रूचि नहीं दिखाई है किन्तु नीतीश कुमार को यह बात खल गयी है कि जिस गठबंधन को अस्तित्व में लाने के लिए उन्होंने इतनी मेहनत की थी। उसी गठबंधन में उनकी उपेक्षा की जा रही है। और लालू यादव खामोश रह कर तमाशा देख रहे हैं। ऐसी स्थिति में नीतीश कुमार एक बार फिर पाला बदल लें तो कोई ताज्जुब नहीं होगा वे पाला बदलने में कीर्तिमान बना चुके हैं। वे अब तक आईएनडीआईए छोड़कर एनडीए में शमिल हो भी जाते लेकिन भाजपा ने उनके लिए नो एंट्री का बोर्ड लगा रखा है। नीतीश कुमार के सामने सबसे बड़ी दिक्कत यही है कि भाजपा उन्हें हरी झंडी नहीं दिखा रही है। जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह की निकटता लालू यादव से बढ़ने के कारण नीतीश कुमार को यह डर भी सता रहा है कि कहीं ललन सिंह जदयू के कुछ विधायकों को साथ लेकर राष्ट्रीय जनता दल में शामिल न हो जाए क्योंकि लालू यादव अपने पुत्र तेजस्वी यादव को बिहार का मुख्यमंत्री बनाने के लिए जोड़ तोड़ कर रहे हैं। जदयू में चल रही खींचतान को लेकर नीतीश कुमार ने बयान दिया है कि पार्टी में कोई मतभेद नहीं है। पूरी पार्टी एकजुट है लेकिन ललन सिंह के बारे में उन्होंने कुछ भी नहीं कहा है। इस बीच जदयू की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक के दौरान जदयू के नई दिल्ली स्थित पार्टी मुख्यालय के बाहर लगे पोस्टरों से ललन सिंह की फोटो गायब कर दी गयी है। इसी वजह से यह कयास लगाए जा रहे हैं कि ललन सिंह की छुट्टी होने जा रही है। उनके स्थान पर अब खुद नीतीश कुमार पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बन सकते हैं या फिर अपने किसी खास समर्थक को जदयू का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनवा सकते हैं ताकि जदयू पर नीतीश कुमार की पकड़ मजबूत बनी रह पाए। यदि उनकी पार्टी में ही कलह रहेगी तो फिर नीतीश कुमार के राष्ट्रीय राजनीति में आने का सपना आखिर कैसे पूरा हो पाएगा। नीतीश कुमार की पहली प्राथमिकता अभी अपनी पार्टी को एकजुट रखने की है ताकि वे लोकसभा चुनाव के दौरान बिहार में ज्यादा से ज्यादा लोकसभा सीटों पर अपना दावा ठोक सके और आईएनडीआईए की ओर से खुद को भावी प्रधानमंत्री के रूप में पेश कर सके। यदि ऐसा नहीं हुआ तो वे पाला भी बदल सकते हैं लेकिन वे कहा जाएंगे यह एक बड़ा सवाल है।

हूती समुद्री आतंक डूबायेगा दुनिया की अर्थव्यवस्था

आचार्य विष्णु हरि

अब दुनिया के सामने हूती आतंकवाद की खतरनाक चुनौतियां खड़ी हो गयी है, इस खतरनाक चुनौतियों से लडने के लिए अभी तक कोई वैश्विक नीति नहीं बनी है। जबकि वैश्विक नीति बनाने की जरूरत है। खासकर संयुक्त राष्टसंघ की इस संबध में भूमिका सर्वश्रेष्ठ होनी चाहिए। लेकिन संयुक्त राष्टसंघ में अभी तक कोई चर्चा तक नहीं हुई है। सबसे बड़ी बात यह है कि कुछ इस्लामिक देश हूती आतंकवाद को न केवल हवा पानी दे रहे हैं बल्कि हथियार और पैसे भी दे रहे हैं। पहले समुद्री ठाकू होते थे जो जहाजों को लूटा करते थे। पर अब समुद्री ठाकुओं की जगह हूती आतंकवादियों ने ले रखा है। हूती आतंकवादी समुद्री जहाजों को निशाना तो बना ही रहे हैं, इसके साथ ही साथ समुद्री जहाजों पर मिसाइलें भी दाग रहे हैं। समुद्री जहाजों का अपहरण कर फिरौती भी वूसल रहे हैं। इसके कारण भारत जैसे कई देशों के लिए गंभीर चुनौतियां खडी हो गयी हैं। भारत का समुद्री व्यापार अरब सागर और लाल सागर के माध्यम से होता है। अरब और लाल सागर में ही हूती आतंकवादियों की खतरनाक सक्रियता है। अब अमेरिका और यूरोप भी कम चिंतित नहीं है। लेकिन दुनिया की नजर भारत की ओर है। अमेरिका और यूरोप की दृष्टि है कि अरब सागर और लाल सागर में समुद्री जहाजों की सुरक्षा का भार भारत उठायें और हूती आतंकवादियों का भी भारत सफाया करे। हूती आतंकवादी भारत के प्रति इस्लामिक कारणों से खिलाफहैं, भारत में भी इस्लामिक राज स्थापित करने का जिहाद भी जगजाहिर है। अलकायदा और इस्लामिक स्टेट जैसे आतंकवादी संगठनों की भारत के प्रति घृणा और जिहाद को भी देखा जाना चाहिए। लेकिन अब इस घृणा, हिंसा और जिहाद में हूती जैसे आतंकवादी संगठन भी शामिल हो गये हैं।

वर्तमान में समुद्री क्षेत्र में भारतीय जहाज पर हुए हमले को लेकर दुनिया भर में खूब चर्चा हुई है और इस हमले को लेकर एक वैश्विक जनादेश भी उभरा है। खासकर अमेरिका और यूरोप की नजरें गंभीर हुई हैं। हमला भारतीय जहाज पर होता है लेकिन आगबबूला अमेरिका और यूरोप होता है? यह बात समझनी थोडी कठिन लगती है। लेकिन सच है। इसके कारणों की खोज करनी होगी। कारण आसान है और लक्षित है। समुद्र में अगर भारतीय जहाज सुरक्षित नहीं हैं तो फिर अमेरिकी और यूरोपीय जहाज कैसे सुरक्षित होंगे, उन पर भी संकट के बादल मंडरा रहें हैं। अगर समुद्री क्षेत्र में जहाजों की आवाजाही प्रभावित हुई तो इसका असर भारत जैसे विकासशील देशों के उपर तो पड़ेगा ही इसके अलावा अमेरिकी और यूरोपीय देशों के उपर भी पडेगा। इसके साथ ही साथ अरब के इस्लामिक देशों के उपर भी पडेगा, अरब के इस्लामिक देशो से तेल पदार्थ की खरीद करने से परहेज करेंगे, क्योंकि अरब सागर और लाल सागर के रास्ते तेल की ढुलाई पर हूती जैसे आतंकवादियों की हिंसा और वसूली का राज चलता है। अमेरिका ने हूती को लेकर ईरान के सिर पर ठिकरा फोड़ा है। अमेरिका ने कहा है लाल सागर और अरब सागर में हूती की जो हिंसा हो रही है, उसके पीछे ईरान का हाथ है। भारतीय जहाज पर जो हमले हुए हैं वे हमले सीधे तौर पर ईरान की जमीन से हुए है। ईरान की जमीन और हवाई क्षेत्र का हूती आतंकवादियों ने प्रयोग किया है। जानना यह भी जरूरी है कि भारतीय जहाज पर जो हमला हुआ था वह मिसाइल हमला ही था। मिसाइल हमला दूर से हुआ था। मिसाइल हमले में किसी की मृत्यु तो नहीं हुई थी पर जहाज के क्षतिग्रस्त होने की सूचना थी और जहाज का अपहरण करने के फिराक में हूती आतंकवादी थे। भारत ने तत्काल कार्रवाई की थी। भारत ने अपना समुद्री युद्धक जहाज और एक बडी युद्धक सैनिक टूकडी भेजी थी। भारतीय युद्धक जहाज ने संकट में पडे जहाज की सुरक्षा की थी और हूती आतंकवादियों की हिंसक मानसिकता को विफल कर दिया था। ईरान ने अमेरिकी आरोपों का खंडन किया था और कहा था कि अमेरिका मनगढंत आरोप लगा रहा है और ईरान की छवि खराब कर रहा है। यहां विचार के विन्दु यह भी है कि क्या ईरान भी पाकिस्तान की तरह आतंकवादी देश है? ईरान क्या सही में हूती का संरक्षक है? ईरान क्या सही में भारतीय जहाज पर हमले की साजिश में शामिल था? क्या अमेरिका का आरोप सही है? क्या अमेरिका अपनी दुश्मनी निकालने के लिए इस तरह का आरोप लगा रहा है? यह सही है कि ईरान और अमेरिका के बीच दुश्मनी है। अमेरिका परमाणु विस्तार के प्रश्न पर ईरान से असहमति रखता है, दुश्मनी रखता है, अमेरिका परमाणु समझौते भी तोड़ चुका है और ईरान पर कोई एक नहीं बल्कि कई तरह के प्रतिबंध लगा रखे हैं, इन प्रतिबंधों से ईरान की अर्थव्यवस्था खराब हुई है।

विकसित भारत की संकल्प यात्रा में किसान

किसान आत्म सम्मान योजना के तहत किसानों को सालाना 6 हजार रुपये की आर्थिक मदद दी जाती है। किसानों के खाते में ये राशि हर चार महीने के अन्तराल पर तीन किस्तों में 2 हजार रुपये भेज दिये जाते हैं, अब तक किसान सम्मान निधि योजना की 15 किस्तें किसानों को प्राप्त हो चुकी ह ।

इन सबके अतिरिक्त साइल हेल्थ कार्ड योजना, नीम कोटेड यूरिया योजना, राष्ट्रीय बागवानी मिशन योजना आदि का क्रियान्वयन किया गया है। प्रधानमंत्री मोदी जी की यशस्वी योजनाएं किसानों के आर्थिक स्थिति को मजबूत बनाने में सहायक हुई है। प्रधानमंत्री जी ने किसानों के हितों और आत्मसम्मान की रक्षा के लिए न केवल अनेक योजनाओं का क्रियान्वयन किया है अपितु समय-समय पर यह सुनिश्चित करने का प्रयास किया कि इन योजनाओं का लाभ किसानों तक पहुंच रहा है कि नहीं, इसके लिए समय-समय पर किसानों के साथ प्रधानमंत्री मोदी जी ने संवाद स्थापित किया है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी विकसित राष्ट्र के नव निर्माण के लिए अनेक महत्वपूर्ण कार्य योजनाओं की आधारशिला रखी। छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव से विकसित भारत की संकल्प यात्रा को हरी झंडी दिखाते हुए 2047 तक विकसित भारत की रूपरेखा का खाका खींचा। विकसित भारत की संकल्प यात्रा के संवाद कार्यक्रम में देश भर से लाखो लाभार्थी आनलाइन हिस्सा लिया, इसके साथ ही साथ देशभर से दो हजार से अधिक ड्क्क्ल्ड्ड (विकसित भारत संकल्प यात्रा) वैन के साथ अनेक सेवा केन्द्र खोले जा रहे हैं।

प्रधानमंत्री जी के इस विकसित भारत संकल्प यात्रा का लक्ष्य अन्तिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक सम्पूर्ण योजना का लाभ सुनिश्चित करना। प्रधानमंत्री जी ने देश की जनता को संबोधित करते हुए कहा कि मेरी सरकार कोई माई-बाप सरकार नहीं है वरन यह माता-पिताओं के सेवा करने वाली सरकार हैं। इसके आगे बोलते हुए देश के आम जनमानस को आश्वस्त करने का प्रयास किया कि देश का हर गरीब मेरे लिए वीआईपी हैं, हर माता-बहन, बेटी मेरे लिए वीआईपी है, देश का हर युवा मेरे लिए वीआईपी हैं। विकसित भारत की संकल्प यात्रा का रथ निकालकर देश के नागरिकों को उनसे जुड़ी महत्वपूर्ण सरकारी योजनओं से जुड़ने का अवसर मिल रहा है जिससे देश का हर युवा जुड़ रहा है। विकसित भारत के संकल्प के साथ मोदी की गारंटी वाली गाड़ी देश के कोने-कोने में पहुंच रही है। इस यात्रा को प्रारंभ हुए एक महीना पूरा हो चुका है, इस एक महीने में यह यात्रा हजारों गावों के साथ-साथ हजारों शहरों में पहुंच चुकी है।

प्रधानमंत्री जी ने अपने भाषण के माध्यम से वीआईपी व्यवस्था के कल्चर पर प्रहार करने का कार्य किया। मोदी जी ने जनमानस के विश्वास को मजबूत करते हुए कहा कि मोदी की गारंटी का मतलब, पूरी होने की गारंटी है। मई 2014 में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने के बाद से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अनेक जन कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन का संकल्प लिया उन्होंने अन्तिम पंक्ति में खड़े हर व्यक्ति की समानता, स्वतंत्रता, स्वास्थ्य, सम्मान और अस्मिता की रक्षा का संकल्प लिया जिसके लिए अनेक कल्याणकारी योजनाएं तब से लेकर अब तक संचालित की जा रही हैं।

प्रधानमंत्री जी ने अमृत काल में एक-एक पल की कीमत समझाते हुए राष्ट्र निर्माण के लिए कार्य करने को कहा। इस संबोधन के माध्यम से प्रधानमंत्री जी ने 2047 तक विकसित भारत, सशक्त भारत की योजना का खाका खींचा। इस विकसित भारत की संकल्प यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री जी ने शिक्षण संस्थानों के छात्रों से सम्पर्क स्थापित करने का प्रयास किया और राष्ट्र निर्माण का उत्तरदायित्व शिक्षकों और विद्यार्थियों पर सौंपते हुए युवाओं को राष्ट्र के विकास के पुनीत कार्य से जोड़ा।

प्रधानमंत्री मोदी जी ने विकसित भारत के निर्माण में युवाओं, महिलाओं, किसानों, बालिकाओं, रेहड़ी पटरी वालो, दिहाड़ी मजदूरों एवं आम जनमानस के लिए अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं कार्यान्वित करने का कार्य किया। हाल ही में हुए पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव में मिली जीत के लिए अनेकों तथ्य उत्तरदायी हैं परन्तु जिस एक विषय ने सबका ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया वह लाडली बहना योजना थी, दूसरा सबसे महत्वपूर्ण विषय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का करिश्माई व्यक्तित्व है जिस पर आम जनमानस पूर्ण विश्वास कर रहा है।

प्रधानमंत्री मोदी जी ने विकसित भारत की संकल्प यात्रा में किसानों के कल्याण के लिए अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं कार्यान्वित की जिसमें कुसुम योजना के तहत किसानों को सोलर पंप लगवाने पर 90 प्रतिशत तक सब्सिडी का ऑफर है, राज्य के जिन किसानों के पास 2 हेक्टेयर तक जमीन है ऐसे किसान कुसुम योजना का लाभ उठा सकते हैं। कुसुम योजना के अंतर्गत बंजर भूमि को उपयोगी बनाने पर जोर दिया गया है। इसके साथ ही प्रधानमंत्री जी ने मानधन योजना का शुभारंभ 12 सितंबर 2019 को झारखंड के रांची में की थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किसानों की वृद्धा अवस्था को सुखद बनाने के लिए किसानों को पेंशन देने के लिए मानधन योजना का शुभारंभ किया है। इस योजना के अंतर्गत छोटी जोत के हर किसान 20 वर्ष से लेकर 40 वर्ष तक 55 रुपये मासिक से लेकर 200 रुपये मासिक अंशदान करके 60 वर्ष की आयु के पश्चात उन्हें 3 हजार की मासिक पेंशन पायेंगें। मानधन योजना से जहां किसानों की वृद्धावस्था को सुखमय बनाने का प्रयास किया गया वही फसल बीमा योजना ने किसानों के फसलों की आकस्मिक दुर्घटनाओं के पश्चात उत्पन्न होने वाली समस्याओं के संकट से उबारने का कार्य किया। फसल बीमा योजना की घोषणा 18 फरवरी 2016 को हुई थी। यह योजना सभी खाद्य, तिलहन फसलों और वार्षिक वाणिज्यिक बागवानी फसलों को सुरक्षा प्रदान करने की गारंटी देती है। इस योजना के साथ ही साथ 2015-2016 में प्रारंभ हुई कृषि सिंचाई योजना ने किसानों की खेत पर पानी की भौतिक पहुंच को बढाना था। इन योजनाओं के इतर प्रधानमंत्री मोदी जी ने किसानों के सम्मान के लिए अनेक निष्ठापूर्ण समर्पित योजनाओं का क्रियान्वयन किया। किसान आत्म सम्मान योजना के तहत किसानों को सालाना 6 हजार रुपये की आर्थिक मदद दी जाती है। किसानों के खाते में ये राशि हर चार महीने के अन्तराल पर तीन किस्तों में 2 हजार रुपये भेज दिये जाते हैं, अब तक किसान सम्मान निधि योजना की 15 किस्तें किसानों को प्राप्त हो चुकीं है। इन सबके अतिरिक्त साइल हेल्थ कार्ड योजना, नीम कोटेड यूरिया योजना, राष्ट्रीय बागवानी मिशन योजना आदि का क्रियान्वयन किया गया है। प्रधानमंत्री मोदी जी की यशस्वी योजनाएं किसानों के आर्थिक स्थिति को मजबूत बनाने में सहायक हुई है। प्रधानमंत्री जी ने किसानों के हितों और आत्मसम्मान की रक्षा के लिए न केवल अनेक योजनाओं का क्रियान्वयन किया है अपितु समय-समय पर यह सुनिश्चित करने का प्रयास किया कि इन योजनाओं का लाभ किसानों तक पहुंच रहा है कि नहीं, इसके लिए समय-समय पर किसानों के साथ प्रधानमंत्री मोदी जी ने संवाद स्थापित किया है।

आज का इतिहास

नई दिल्ली(वार्ता)। 1845 में 29 दिसंबर के दिन ही टेक्सास अमेरिका का 28वां राज्य बना था। 1911 में आज ही के दिन मंगोलिया किंग वंश के शासन से आजाद हुआ था। 1922 में 29 दिसंबर के दिन ही नीदरलैंड ने संविधान अंगीकार किया था। 1972 में आज ही के दिन कलकत्ता में मेट्रो रेल का काम शुरू हुआ था। 2006 में आज ही के दिन चीन ने राष्ट्रीय रक्षा पर श्वेत पत्र जारी किया था। 2002 में 29 दिसंबर को ही पाकिस्तान पर्यटकों को भारत के तीन शहरों में घूमने की अनुमति दी गई थी। 1996 में आज ही के दिन नाटो के बढ़ते प्रभाव को रोकने के लिए एकत्र होकर कार्य करने के मुद्दे पर रूस एवं चीन में सहमति बनी थी। 1988 में 29 दिसंबर के दिन ही ऑस्ट्रेलिया में विक्टोरियाई पोस्ट ऑफिस संग्रहालय बंद हुआ था। 1984 में आज ही के दिन कांग्रेस ने स्वतंत्र भारत के इतिहास में सबसे भारी बहुमत से संसदीय चुनाव जीता था। 1983 में 29 दिसंबर के दिन ही भारतीय क्रिकेटर सुनील गावास्कर ने टेस्ट क्रिकेट में अधिकतम 236 रन वेस्टइंडीज के खिलाफ बनाए थे। 1978 में आज ही के दिन स्पेन में संविधान प्रभाव में आया था।

QUIZ TIME

1) मुख्य न्यायाधीश रवि मलिमथ के द्वारा किस राज्य की हाईकोर्ट में देश की पहली लाइव सुनवाई हुई?

2) जैन धर्म में पूर्णज्ञान के लिए क्या शब्द है?

3) दुलहस्ती परियोजना किस नदी पर स्थित है?

4) भारत में सर्वप्रथम वातानुकूलित रेलगाड़ी कब और कहाँ-कहाँ शुरू की गयी?

5) हाल ही में यूनेस्को ने कहाँ के रामबाग गेट और प्राचीर को पुस्कृत किया है?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) मध्यप्रदेश (2) कैवल्य (3) चिनाब नदी, जम्मू और कश्मीर (4) 1936 में, मुंबई से बड़ौदा (5) अमृतसर

आज का पंचांग

बुध : वृश्चिक (उदित, पूर्व, वक्री), गुरु : मेष (उदित, पश्चिम, वक्री), शुक्र : वृश्चिक (उदित, पश्चिम, मार्गी), शनि : कुम्भ (उदित, पूर्व, मार्गी), राहु : मीन, केतु : कन्या

सूर्योदय : 07:19, सूर्यास्त : 05:38, चन्द्रोदय : 18:32, चन्द्रास्त : 08:25, अयन : उत्तरायणे (दक्षिणगोलीय), ऋतु : शिशिर, शक सम्वत : 1945 (शोभकृत), विक्रम सम्वत : 2080 (पिंगल), मास : पौष, पक्ष : कृष्ण, तिथि : तृतीया, नक्षत्र : पुष्य, योग : वैधृति, प्रथम करण : तैतिल (19:19 तक), द्वितीय करण : गर (पूर्ण रात्रि)

॥ गोचर ग्रहाः ॥

सूर्य : धनु, चंद्र : कर्क (18:37 से), मंगल : धनु (अस्त, पश्चिम, मार्गी),

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अभिजित मुहूर्त : 11:58 से 12:39, अमृत काल : 22:31 से 24:13, गुरुपुष्य योग : 25:05 से 31:12, सर्वार्थसिद्धि योग : पूरे दिन, अमृतसिद्धि योग : 25:05 से 31:12, विजय मुहूर्त : 14:00 से 14:41, गोधूलि मुहूर्त : 17:22 से 17:50, सायाह्न सन्ध्या : 17:25 से 18:48, निशिता मुहूर्त : 23:51 से 24:46, राहुकाल : 10:30 से 12:00, राहुवास : दक्षिण, यमगण्ड : 07:12 से 08:28, दुर्मुहूर्त : 10:36 से 11:17, होमाहुति : मंगल।

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेषः आज दोपहर तक अपने सभी कार्य पूर्ण करने का प्रयास करें इसके बाद परिस्थिति कलहकारी बनेगी जिसका भला करने का सोचेंगे उसी का व्यवहार आपको आहत करेगा।

वृषः आज आप मध्यान तक जितना परिश्रम करेंगे इसके बाद के समय उससे पूर्ण संतुष्ट रहेंगे धन लाभ भी होने के साथ भविष्य में आय के मार्ग भी बनेंगे।

मिथुनः आज का दिन भी आपके लिए लाभदायी रहेगा बीते कल के अधूरे कार्य आज पूर्ण होने से धन की आमद होगी।

कर्कः आज दिन के मध्यान तक आप सेहत को लेकर परेशान रहेंगे। शारीरिक स्फूर्ति गायब रहेगी।

सिंहः आज दिन के मध्यान तक का समय सामान्य बना रहेगा लेकिन इसके बाद कही से अशुभ समाचार मिलने से परेशान रहेंगे।

कन्याः आज का दिन आपके लिए आनंद दायक रहेगा। आप आज प्रत्येक कार्य को देखभाल कर ही करेंगे जिससे सफलता का प्रतिशत अधिक रहेगा।

तुलाः आज आप दिन के आरंभिक भाग में अनुकूल परिस्थितियों का जमकर लाभ उठायेंगे। कला एवं संगीत में आज विशेष रूचि रहेगी।

वृश्चिकः आज का दिन मिश्रित फलदायी रहेगा मध्यान बाद तक प्रत्येक कार्यो में उदासीनता दिखाएंगे परन्तु धार्मिक कार्यो के प्रति आकर्षित रहेंगे।

धनुः आज का दिन भी शुभ फलों की प्राप्ति कराएगा लेकिन आज चोटादि का भी भय है जोखिम ना लें वाहन से सतर्क रहें।

मकरः आज का दिन पूर्वार्ध आपके लिए धन वृद्धि कारक रहेगा। कार्य क्षेत्र पर आज अधिकारियो का प्रोत्साहन मिलने से उन्नति के मार्ग खुलेंगे।

कुंभः आज का दिन आपके लिए मिला जुला रहेगा। दोपहर तक लगभग सभी कार्यो में विलंब होगा जो कार्य करेंगे उनके पूर्ण होने में भी संशय बना रहेगा।

मीनः आज दिन की शुरुआत आलस्य प्रमाद से होगी ध्यान रहें कार्यो को लेकर टालमटोल की प्रवृति हानि करा सकती है।

शब्द सागर

शब्द सामर्थ्य -287

(भा

बाएं से दाएं

1. समाप्ति, खात्मा 3. रोगी, बीमार 5. गंभीरता, गहराई 6. बलपूर्वक, जबरदस्ती, व्यर्थ 9. लानत, तिरस्कार सूचक एक शब्द 10. लक्ष्मी, कमला 11. औषधालय 13. नाव खेने का लकड़ी का यंत्र 14. सतह, 'लेवल' 15. बिजली, तड़ित 17. चौकसी, सावधानी, बचाव 19. कहने वाला, वाचनकर्ता 20. सुंदर, अच्छा, बढ़िया 21. लगातार, तड़-तड़ करते हुए।

ऊपर से नीचे

1. शरीर का कोई भाग, शरीर 2. खोज-बीन, जांच-पड़ताल 3. वोट देने का हक 4. जो अत्यधिक शक्तिशाली व कठोर प्रकृति का हो, दृढ़ बरसात, पावस, भरना, अटना, अंद घटना, हादसा, लिबाज़, पहनने नीला वस्त्र पहने वस्त्र 17. ऐक्य, भाव 18. दिल्ली जेल।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 286

गैस एजेंसियां केवाईसी के नाम पर बेच रहीं 190 रूपए में पाइप

बिलासपुर/नवप्रदेश। गैस सब्सिडी के लिए इन दिनों ई-केवाईसी कराई जा रही है। लोगों को शिकायत है कि केवाईसी के नाम पर गैस एंजेसियों द्वारा सुरक्षा 190 का सुरक्षा पाइप बेचा जा रहा है। पाइप खरीदने से मना करने पर मना करने पर सब्सिडी का लाभ नहीं मिलने का हवाला देकर डराया जा रहा है।

लोग मजबूरन गैस पाइप खरीद रहें हैं। एक उपभोक्ता ने बाताया कि उनको गैस कनेक्शन पाइप वर्ष पुराना है, उसके बावजूद उसे पाइप खरीदने के लिए कहा गया।कुछ गैस एंजेसियों ने बाहर सूचना बोर्ड लगा दिया है, कि हर पांच साल में सुरक्षा पाइप बदलना जरूरी है। व्यापार विहार स्थित साई प्रसाद गैस एंजेसी के कर्मचारी ने पाइप लेन पर ही सब्सिडी का लाभ मिलने का हवाला दिया। मंदिर चौक स्थित वर्तिका इंडेन गैस एंजेसी द्वारा भी बताया गया कि केवाईसी के समय पर पाइप लेना जरूरी है। कुछ एंजेसियों में गैसे सिलेंडर खरीदने पर ही ई-केवाईसी की जा रही है, जिससे लोगों को लंबी कतारों में जूझना पड़ रहा है। केवाईसी 31 दिसंबर अंतिम तिथि होने के वजह से उपभोक्ता सुबह से ही गैस एंजेसियों में लंबी लाइन लगा रहे हैं। हालाकि बताया जा रहा है कि केवाईसी के लिए 31 मार्च तक

बुजुर्गों, दिव्यांगों को परेशानी

गैस सिलेंडर पर सब्सिडी के लिए केवाईसी कराने स्वयं गैस कार्डधारक का आना जरूरी है। कुछ उपभोक्ता बुर्जुग और कुछ दिव्यांग है। ऐसे में उन्हें एजेंसी आना पड़ रहा है और लंबी लाइन का हिस्सा बनना पड़ रहा है। दूसरी तरफ आधार कार्ड लिंक नहीं होने की वजह से कई दिनों तक एजेंसी और 'वाइस सेंटर का चक्कर लगाना पड़ रहा है।

ई- केवाईसी के लिए जरूरी दस्तावेज

केवाई सी के लिए आधार कार्ड की फ टो कॉपी, गैस कार्ड की फोटो कॉपी के साथ कार्डधारकों का आना जरूरी है। सभी ग्राहकों को हर पांच साल में सुरक्षा पाइप बदलना कंपनी नियमों के तहत जरूरी है। एजेंसी में केवाईसी के लिए आने वाले हर काडधारक को पाइप लना जरूरी कर दिया गया है।

एजेंसियों पर कार्रवाई होगी

केवाईसी के लिए यदि गैस एजेंसी संचालकों के द्वारा उपभोक्ताओं से सुरक्षा पाइप के नाम पर यदि कोई राशि ली जा रही है, तो मामले की जांच कराकर दोषी गैस एजेंसी संचालकों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

अवनीश शरण
कलेक्टर बिलासपुर

जुआसट्टा के 15 प्रकरणों में पौने दो लाख रुपए जब्त

35 आरोपियों की हुई गिरफ्तारी

बिलासपुर/नवप्रदेश। पुलिस द्वारा चलाए जा रहे जुआ सट्टा रोकने ग्रामीण एवं शहरी दोनों क्षेत्रों में ताबडतोड़ करते हुए 24 घण्टे में जिले में जुआ के 8 एवं सट्टा के 7 कुल 15 प्रकरणों में कुल 17125 रुपए जब्त किए गए हैं।

इस कार्यवाही के दौरान जुआ के 8 प्रकरणों में सिरगिट्टी एवं सिविल लाइन में 2-2 प्रकरण तथा सकरी, कोनी, कोटा एवं सरकंडा थाने में 1-1 प्रकरण दर्ज किया गया है, जिसमें 10530 रुपए जब्त हुए हैं। वहीं सट्टा के 7 प्रकरणों में कोतवाली और सरकंडा में 2-2 प्रकरण तथा तोरवा, सिविल लाइन एवं बिल्हा थाने में 1-1 प्रकरण दर्ज किया गया है, जिसमें 6595 रुपए जब्त किए गए हैं। इन सभी 15 प्रकरणों में छत्तीसगढ़ जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम, 2022 की विभिन्न धाराओं के तहत अपराध कायम किया गया है, तथा इन 15 प्रकरणों में कुल 35 व्यक्तियों को गिंरफ्तार किया गया है, जिन्हें अतिशीघ्र माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जाएगा। पुलिस अधीक्षक श्री सिंह के निर्देशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अर्चना झा, नगर पुलिस अधीक्षक सिविल लाइन संदीप कुमार पटेल नगर पुलिस अधीक्षक कोतवाली पूजा कुमार अनुविभागीय पुलिस अधिकारी उदयन बेहार, अनुविभागीय पुलिस अधिकारी कृष्ण कुमार पटेल एवं अनुविभागीय पुलिस अधिकारी (कोटा) सिद्धार्थ बघेल के मार्गदर्शन में बिलासपुर के सभी थानों में जुआ एवं सट्टा के विरुद्ध कार्रवाई के लिए विशेष अभियान चलाया गया।

न्यूज गैलरी

सेको काई कराटे इंटरनेशनल बिलासपुर के खिलाड़ियों ने जीता मेडल

बिलासपुर/नवप्रदेश। 27 दिसंबर राष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता का बालाजी स्कूल हॉल रायपुर में सफल आयोजन हुआ, जिसमे छत्तीसगढ़ सहित विभिन्न राज्यों जैसे मध्य प्रदेश, बंगाल, उड़ीसा, असम, महाराष्ट्र, के खिलाडियों ने प्रतिस्पर्धा में भाग लिया,वही छत्तीसगढ़ से सेको काई कराटे इंटरनेशनल बिलासपुर जिले के 5 सब जूनियर एवं एक कैडेट खिलाडयो का चयन हुआ था, इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में अपना हुनर दिखाते हुए अवि यादव गोल्ड मेडल, आयुष माल गोल्ड मेडल, समीक्षा सारथी सिल्वर मेडल, मो. ओन खान ब्राउन्स मेडल, मलेपति मिन्नत्ती ब्राउंस मेडल हासिल किया। जिला कराटे अध्यक्ष राजेश पांडेय एवं सचिव हरिशंकर साहू सहित कोच राजेश सारथी एवं महिला कोच देवश्री बघेल ने खिलाड़ियों को बधाई दी!

लिपिक वर्गीय कर्मचारियों को मिलेगा लेखा प्रशिक्षण

बिलासपुर/ नवप्रदेश। शासकीय कार्यालयों में पदस्थ लिपिक वर्ग के कर्मचारियों के लिए माह मार्च से जून 2024 तक लेखा प्रशिक्षण का आयोजन शासकीय लेखा प्रशिक्षण शाला बिलासपुर में किया जाएगा। यह प्रशिक्षण बिलासपुर संभाग के कर्मचारियों के लिए है। जिसके लिए सभी शासकीय कार्यालयों के प्रमुखों को सूचित किया गया है कि वे तीन वर्ष की नियमित सेवा पूरी कर चुके लिपिक वर्गीय कर्मचारियों के लेखा प्रशिक्षण के लिए आवेदन पत्र को न्यू कम्पोजिट बिल्डिंग स्थित शासकीय लेखा प्रशिक्षण शाला में जमा करें। आवेदन 1 जनवरी से 31 जनवरी 2024 तक कार्यालयीन समय में जमा किये जा सकते है। पूर्व में आवेदन कर चुके सभी कर्मचारियों को भी पुनः आवेदन करना अनिवार्य है। कोविड के दोनों टीके लग चुके आवेदकों को प्रशिक्षण हेतु प्राथमिकता दी जाएगी। कोविड 19 टीकाकरण का प्रमाण-पत्र जमा करना अनिवार्य है।

प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना के तहत आवेदन आमंत्रित

बिलासपुर/ नवप्रदेश। जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र द्वारा प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन (पीएमएफएमई) के तहत आनलाईन आवेदन आमंत्रित किया गया है। योजनांतर्गत विद्यमान निजी एवं नवीन सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों जैसे राईस मिल, पोहा मिल, केटल फीड, बेकरी, नमकीन उद्योग, रेडी-टू-इट उत्पाद, मसाला उद्योग, पापड़, बड़ी, आचार, मुरमुरा उद्योग, फुटा चना उद्योग आदि को शामिल किया गया है। इस योजना के अंतर्गत प्रति पात्र उद्योंगो को परियोजना लागत का 35 प्रतिशत की दर से क्रेडिट लिंक्ड सब्सिडी परन्तु अधिकतम 10 लाख रू. दिये जाने का प्रावधान है एवं लाभार्थी का कुल लागत का न्यूनतम 10 प्रतिशत अंशदान राशि होगा एवं शेष राशि बैंक ऋण होगा। आवेदक आवेदन हेतु पीएमएफएमई के ऑनलाईन पोर्टल http:// pmfme. mofpi.gov.in में रजिस्ट्रेशन कर आवेदन कर सकता है। इस योजना एवं आवेदन की प्रक्रिया की अधिक जानकारी के लिए कार्यालय मुख्य महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र, प्रथम तल न्यू कम्पोजिट बिल्डिंग, बिलासपुर में संपर्क कर सकते है।

बिलासपुर रेलवे स्टेशन में होंगी आधुनिक सुविधाएं

मंडल रेल प्रबंधक प्रवीण पाण्डेय ने किया बिलासपुर स्टेशन का निरीक्षण

बिलासपुर/नवप्रदेश। रेल मंत्रालय के महत्वाकांक्षी परियोजना के अंतर्गत यात्रियों को विश्वस्तरीय सुविधा प्रदान करने हेतु ÷अमृत भारत स्टेशन÷ योजना के अंतर्गत स्टेशनों को आधुनिक सुविधाओं से विकसित किया जा रहा है । इसी कड़ी में बिलासपुर स्टेशन को 435 करोड़ रुपए की लागत से विश्व स्तरीय सुविधाओं के साथ नया रूप दिया जा रहा है। बिलासपुर रेलवे स्टेशन को पुनर्विकसित कर आधुनिक और सुविधायुक्त बनाकर एयरपोर्ट की तर्ज पर विकसित किया जाएगा। बिलासपुर रेलवे स्टेशन को नया लुक देने हेतु किए जाने वाले सभी कार्यों को मूर्त रूप देने का कार्य प्रारम्भ कर दिया गया है।

इसी संदर्भ में आज दिनांक 28 दिसम्बर 2023 को मंडल रेल प्रबंधक प्रवीण पाण्डेय द्वारा बिलासपुर रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होने जीएसडी कार्यालय से लेकर पार्किंग क्षेत्र, बुधवारी बाजार रोड, बापू नगर क्षेत्र, दोनों रेलवे स्कूल सहित पूरे स्टेशन सर्कुलेटिंग क्षेत्र का निरीक्षण किए। निरीक्षण के दौरान मास्टर प्लान के अनुसार बिलासपुर स्टेशन में किए जाने वाले विकास कार्यों की पूरी रूपरेखा को अधिकारियों द्वारा उन्हे दिखाया गया। इसका गहन अवलोकन कर उन्होने अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान उनके साथ अपर मंडल रेल प्रबंधक योगेश कुमार देवांगन, मुख्य परियोजना प्रबंधक (गति शक्ति) सहित मंडल के सभी शाखाधिकारी व गति शक्ति यूनिट के अधिकारीगण मौजूद थे।

कांग्रेस चुनौतियों के बावजूद अपने लक्ष्य के प्रति सजग- जफर

कांग्रेस का 139वां स्थापना दिवस मनाया गया

बिलासपुर/नवप्रदेश। कांग्रेस का 139वां स्थापना दिवस आज कांग्रेस भवन में मनाया गया। महात्मा गांधी, जवाहर लाल नेहरू और सरदार वल्लभ भाई पटेल की छायाचित्रों पर माल्यार्पण किया गया ,केक काटकर कांग्रेस जन एक दूसरे को बधाई दी। इस अवसर पर संयोजक ज़फ़र अली, हरीश तिवारी ने कहा कि कांग्रेस की स्थापना 28 दिसम्बर 1885 को बम्बई में हुई ,समय के साथ कांग्रेस के कार्यक्रमो में विस्तार हुआ, कांग्रेस को अनेक चुनौतियों का सामना करना पड़ा पर कांग्रेस अपने लक्ष्य के प्रति सजग थी ,1915 में गांधीजी के आगमन के बाद कांग्रेस में किसान, मजदूर, महिला, युवा, सभी वर्ग के लोग जुड़े, गांधी जी ने तीन बड़े बड़े आंदोलन से देश की फिजा बदल कर अंग्रेजो को भारत छोड़ने के लिए मजबूर किया। 15 अगस्त 1947 को देश आजाद हुआ तब देश में सुई तक नही बनती थी ,प्रथम प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू, लाल बहादुर शास्त्री, इंदिरा गांधी,राजीव गांधी, नरसिम्हा राव, मनमोहन सिंह की सूझबूझ से एक मजबूत राष्ट का निर्माण हुआ ,किंतु 2014 के बाद देश में ऐसी स्थिति निर्मित की गई कि देश के केन्द्रीय प्रतिष्ठानों को , जहाज, रेल, एयर पोर्ट, पेट्रोल-गैस कम्पनी, जल ,जंगल, जमीन को, खनिज संपदा को व्यक्ति विशेष को जबरदस्ती बेचा जा रहा है,विदेश नीति खत्म है, बेरोजगारी, भुखमरी, भ्रष्टाचार में देश सर्वोच्च स्तर पर है ,देश बड़बोलेपन से ग्रसित है ।

कार्यक्रम में हरीश तिवारी, ज़फ़र अली,एसएल रात्रे, विनोद शर्मा, त्रिभुवन कश्यप, माधव ओतलवार, चन्द्र शेखर मिश्रा ,शिवा मिश्रा, प्रवक्ता ऋषि पांडेय, ब्लाक अध्यक्ष अरविंद शुक्ला, विनोद साहू, पिंकी बतरा, सीमा घृतेश,आशा पांडेय,अफ़रोज़बेगम, सुदेशनन्दिनी, स्वर्णा शुक्ला, प्रियंका यादव, राम दुलारे रजक, अजय यादव आदि शामिल थे।

नहर निर्माण के लिए भू-अर्जन समाघात दल ने की अनुशंसा

1093 हेक्टेयर कृषि भूमि को सिंचाई सुविधा का लाभ

बिलासपुर/ नवप्रदेश। जिले के बेलगहना तहसील के केन्दा गांव में मुख्य नहर निर्माण के लिए भूमि का अर्जन किया जाना है। सामाजिक समाघात दल ने ग्राम केन्दा में भू-अर्जन से पड़ने वाले प्रभाव का आंकलन किया। मूल्यांकन में पाया गया कि केन्दा गांव में भू-अर्जन से 5 किसानों की 1.74 एकड़ भूमि एवं 25 किसानों के 10.34 एकड़ भूमि प्रभावित हो रही है जिसका समाघात दल ने किसानों से भी सहमति लिया और पाया कि अर्जित भूमि से कोई मकान आदि प्रभावित नहीं हो रहा है और न ही किसी भी परिवार के विस्थापन की संभावना है। सामाजिक समाघात दल द्वारा यह पाया गया है कि अधोसंरचना पर कोई बाधा नहीं है तथा अधोसंरचना का कार्य प्रभावित नहीं हुआ है। समाघात दल इस बात से संतुष्ट है कि जल संसाधन विभाग को जितनी भूमि की आवश्यकता है उतनी ही भूमि का अधिग्रहण किया जा रहा है एवं बसाहट से न्यूनतम दूरी का ध्यान रखा गया है। समाघात दल ने ग्राम केन्दा तहसील बेलगहना के अंतर्गत जल संसाधन संभाग पेण्ड्रारोड के नहर निर्माण हेतु ग्राम केन्दा में रकबा 4.184 एकड़ भूमि का अर्जन लोकहित में किए जाने की अनुशंसा की है। नहर निर्माण होने से ग्राम केन्दा एवं अन्य 3 ग्रामों के 1093 हेक्ट. कृषि भूमि को सिंचाई सुविधा का लाभ मिलेगा।

विधायक धरमलाल ने दिलाया विकसित भारत का संकल्प

हितग्राहियों ने अपने अनुभव किए साझा

बिलासपुर/ नवप्रदेश। केंद्रीय योजनाओं के प्रचार-प्रसार एवं हितग्राहियों को योजनाओं से लाभान्वित करने के उद्देश्य से शुरू की गई विकसित भारत संकल्प यात्रा का सिलसिला बिलासपुर जिले में लगातार जारी है। इसी कड़ी में नगर पंचायत बोदरी के सांस्कृतिक भवन प्रांगण में कार्यक्रम का आयोजन बिल्हा विधायक श्री धरमलाल कौशिक के मुख्य आतिथ्य में किया गया।

कार्यक्रम में लगभग 4 हजार हितग्राहियों ने हितग्राहियों ने प्रधानमंत्री आवास योजना, पी.एम. स्व निधि योजना, उज्जवला योजना जैसी विभिन्न योजनाओं की जानकारी ली एवं 2 हजार 174 हितग्राहियों ने विभिन्न योजनाओं में अपना पंजीयन कराया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्री धरमलाल कौशिक ने लोगों को ''विकसित भारत का संकल्प'' दिलाया। उन्होंने शिविर के सभी स्टॉलों का भ्रमण कर हितग्राहियों से चर्चा की। कार्यक्रम में ''विकसित भारत संकल्प यात्रा मोबाईल वेन'' का आगमन दोपहर 1 बजे हुआ, जिसका स्वागत न.पं. बोदरी के अध्यक्ष श्री परदेशी ध्रुवंशी एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती भारती साहू एवं अन्य उपस्थित पार्षदों द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान ऑनलाईन लिंक के माध्यम से क्विज प्रतियोगिता में कुल 22 एवं ऑफलाईन क्विज प्रतियोगिता में कुल 10 प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में शास. कन्या उच्च माध्य. शाला चकरभाठा के छात्राओं द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में 13 लाभार्थियों द्वारा शासन की योजना से मिले लाभ का ''मेरी कहानी मेरी जुबानी'' कार्यक्रम के माध्यम से जानकारी दी गई। कार्यक्रम का संचालन पूर्व पार्षद न.पं. बोदरी श्री कुशल पाण्डेय द्वारा किया गया। कार्यक्रम में न.पं. बोदरी के उपाध्यक्ष श्री अभिषेक दुबे, एवं न.पं. बोदरी के पार्षदगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में मुख्य नगर पालिका अधिकारी भारती साहू द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया।

दिव्यांगजनों को नि :शुल्क मोटराइज्ड ट्राइसिकल वितरित

बिलासपुर/ नवप्रदेश। जिले के दिव्यांगजनों को निःशुल्क मोटराइज्ड ट्राइसिकल एवं सुगम्य केन के वितरण के पूर्व पात्र हितग्राहियों का चिन्हांकन, मूल्यांकन तथा परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। यह आयोजन साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड, बिलासपुर एवं भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम (एलिम्का) जबलपुर, जिला पुनर्वास केन्द्र, समाज कल्याण विभाग बिलासपुर के संयुक्त तत्वाधान में 19 दिसम्बर से 22 दिसम्बर तक जिले के विभिन्न विकासखण्डों में किया गया। जिसमें दिव्यांगजनों का चिन्हांकन, मूल्यांकन तथा परीक्षण शिविर 19 दिसम्बर को शहरी बिलासपुर एवं बिल्हा में शिविर स्थान शा.अंधमुक बाधिर शाला, तिफरा में 132 मो.ट्राईसिकल एंव 4 सुगम्य केन, 20 दिसम्बर को .ट्राईसिकलवितरण आगामी माह में किया दिव्यांगजनों को किया जाएगा।

प्रतियोगिता — अतरजोनल सांस्कृतिक प्रतियोगिता में 17 जोन के प्रतिभागी हुए शामिल

सांस्कृतिक स्पर्धा में दपूमरे के प्रतिभागियों का शानदार प्रदर्शन

बिलासपुर/नवप्रदेश। संगीत की तीनों विधाओं-गायन, वादन एवं नृत्य की विभिन्न शैलिओं को सहेज कर रखने वाले कलाकारों को मंच उपलब्ध कराने के उद्देश्य से इस प्रकार की प्रतिस्पर्धा आयोजित की जाती है। जिसमे रेलवे के कर्मचारी एवं उनके परिवार के सदस्यों को बढ़ने का मौका मिले।

अंतर रेलवे सांस्कृतिक प्रतियोगिता (संगीत-2023) का आयोजन दक्षिण पश्चिम रेलवे, हुबली में 18 एवं 19 दिसम्बर, आयोजन किया गया । दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के चार कलाकारों ने हुबली में इस प्रतिष्ठित सांस्कृतिक प्रतियोगिता में सुगम संगीत/एकल में द्वितीय स्थान प्राप्त कर एवं दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे का नाम रौशन किया है । जिसमें श्रीमती माधवी सिंह, मुख्य कार्यालय अधिक्षक, मुख्य प्रधान कार्मिक अधिकारी, बिलासपुर टीम मैनेजर के मार्गदर्षन में चार प्रतियोगियों ने निम्नलिखित चार विभिन्न विधाओं में भाग लिया था- पुष्पा शर्मा, कार्यालय अधिक्षक, मुख्य प्रधान कार्मिक अधिकारी, बिलासपुर, सुगम संगीत / एकल पंकज बी जाधव, कार्यालय अधिक्षक, वरिष्ठ कार्मिक अधिकारी, नागपुर, शास्त्रीय गायन/एकल देवेन्द्र श्रीवास, वरिष्ठ क्लर्क, मुख्य प्रधान कार्मिक अधिकारी, बिलासपुर ने शास्त्रीय वादन / एकल अनुराग भट्टाचार्य, वरिष्ठ क्लर्क, मुख्य प्रधान कार्मिक अधिकारी, बिलासपुर ने सुगम वादन / एकल अंतर रेलवे सांस्कृतिक प्रतियोगिता के इस कार्यक्रम में श्रीमती पुष्पा शर्मा, कार्यालय अधिक्षक, मुख्य प्रधान कार्मिक अधिकारी, बिलासपुर ने सुगम संगीत/एकल, में द्वितीय स्थान प्राप्त कर दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे को गौरवांवित किया । अतः उनकी इस उपलब्धि पर दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, मुख्यालय/बिलासपुर के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई ।

फसल बीमा कराने कलेक्टर की किसानों से अपील

बिलासपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर अवनीश शरण ने आज अधिकारियों की बैठक लेकर रबी फसलों के लिए संचालित प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने बीमा की अत्यंत धीमी प्रगति पर नाराजगी जाहिर की है। रबी फसलों की बीमा के लिए अब केवल 4 दिन ही शेष रह गए हैं। अंतिम तिथि 31 दिसम्बर निर्धारित की गई है। कलेक्टर ने मौसम की अनिश्चितता को देखते हुए अधिकाधिक किसानों को बीमा करा लेने की अपील की है। उन्होंने अधिकारियों से अधिसूचित गांवों के एक-एक किसानों से प्रत्यक्ष सम्पर्क कर बीमा हेतु समझाइश एवं मार्गदर्शन देने के निर्देश दिए । कृषि, उद्यान एवं बीमा कम्पनी के अधिकारियों को आपसी तालमेल के साथ बचे 4 दिनों में अभियान छेड़कर तेजी से काम करने को कहा है। सीएससी अथवा बैंकों में आवश्यक कागजात लेकर जाने से आसानी से बीमा हो जायेगा। उन्होंने बैंक अधिकारियों को भी इसके लिए निर्देशित कर दिए हैं।

जिले में इस बार रबी फसल बीमा के लिए 77 गांव अधिसूचित किये गये हैं। गेहूं, चना, अलसी एवं सरसों की फसलों का रबी में बीमा कराया जा सकता है। इस बार 800 किसानों की रबी बीमा का लक्ष्य रखा गया है। इसके विरूद्ध अब तक केवल 155 किसानों को बीमा कराया गया है। जबकि पिछले साल 239 किसानों ने बीमा कराया था। कलेक्टर ने इतनी कम संख्या में किसानों को बीमा कवर दिलाने पर असंतोष प्रकट किया है। उन्होंने चिन्हित गांवों का सघन दौरा कर प्रत्येक पात्र किसानों को बीमा सुनिश्चित करने को कहा है। उन्होंने कहा कि बीमा का प्रीमियम अत्यंत कम होता है। थोड़ी सी रकम प्रीमियम के रूप में अदा कर हम बड़े नुकसान से बच सकते हैं। प्रति एकड़ गेहू असिंचित के लिए 128 रूपये, सिंचित के लिए 158 रूपये, सरसों प्रति एकड़ 128 रूपये, चना 188 रूपये तथा अलसी प्रति एकड़ 110 रूपये के हिसाब से प्रीमियम राशि देना होगा। कृषि विभाग एवं बीमा कम्पनी के अधिकारियों ने बैठक में बताया कि सीएससी अथवा बैंक में बीमा कराया जा सकता है। इसके लिए किसानों को नवीनतम आधार कार्ड कॉपी, नवीनतम बी-1 एवं पी-2, बैंक पास बुक के पहले पन्ने की कापी, फसल बुआई प्रमाण पत्र, मोबाईल नम्बर एवं काश्तकार को घोषणा पत्र जरूरी है।

न्यूज गैलरी

अब नहीं फूंकेगी राजकुमारी चुल्हा, मिला रसोई गैस का लाभ

नारायणपुर/नवप्रदेश। जिले के ग्राम पंचायत पालकी की निवासी राजकुमारी उसेंडी ने प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत अपनी आवश्यकताओं के लिए सकारात्मक कदम उठाया है। उन्होंने गांव में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लिए आवेदन किया और उसका तुरंत लाभ प्राप्त किया। योजना के अंतर्गत राजकुमारी को गैस चूल्हा प्रदान किया गया, जिससे उन्हें अब खाना बनाने में आसानी होगी और समय भी कम लगेगा। उन्होंने बताया कि पहले धुआं के कारण खाना बनाने में बहुत समय लगता था, और वह बहुत परेशानी महसूस करती थीं। इस योजना से मिलने वाले गैस चूल्हे से अब मुझे परेशानी नहीं होगी। राजकुमारी ने इस योजना के लिए प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री साय का हृदय से आभार व्यक्त किया और उन्हें इस कदम के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। राजकुमारी ने यह उम्मीद जताई कि इस योजना से ग्रामीण महिलाओं को सुविधा होगी और उनका जीवन में बदलाव आयेगा।२९

भाजपा ने मनाया वीर बाल दिवस

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। वीर बालक दिवस के रूप में भारतीय जनता पार्टी द्वारा मनाया गया। वीर बालक दिवस के अवसर पर भाजपा गीदम मण्डल के पदाधिकारी व कार्यकर्ता जावंगा स्थित आस्था गुरुकुल में बच्चों से मिलने विधायक चैतराम अटामी के साथ पहुंचे। विधायक चैतराम अटामी ने कहा की सिख धर्म के दसवें गुरु गुरुगोविन्द सिंह के प्रकाश पर्व 09 जनवरी 2022 को पीएम मोदी ने घोषणा की थी कि गुरु गोविंद सिंह के छोटे साहिबजादे बाबा जोरावर सिंह और फतेह सिंह की शहादत को याद करते हुए 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस मनाया जायेगा। भाजपा मण्डल अध्यक्ष राजेश कश्यप ने कहा की साहबजादों की बेमिसाल शहादत के प्रति श्रद्धांजलि देने के लिए 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस मनाया जा रहा है। इस कार्यक्रम में राजेश कश्यप,राकेश कुशवाहा, दीपक बाजपेई,मनीष सुराना,बुधरी ताती,जसवीर नेगी,अंति वेक,श्रीकांत राव,उरदो ठाकुर,अजय अवस्थी,दिनेश कौशल,राजेंद्र स्वाई,रजनीश सुराना,शम्भु बट्टी, राजेश सुराना अजय नागेश अनीश जॉर्ज,आदर्श ओसवाल,चंदन राय एवं समस्त कार्यकर्ता उपस्थित थे।

विकसित भारत यात्रा बागबेड़ा, राजपुर, कंदाड़ी और चांदागांव में कल

नारायणपुर/नवप्रदेश। नारायणपुर जिले मे विकसित भारत संकल्प यात्रा का सफल क्रियान्वयन हेतु कलेक्टर एवं अध्यक्ष अजीत वसंत तथा नोडल अधिकारी जिला पंचायत सीईओ देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन में जिले के ग्राम पंचायत बागबेड़ा, राजपुर, कंदाड़ी और चांदागांव 29 दिसंबर को आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन प्रातः 10 बजे से ग्राम पंचायत बागबेड़ा, राजपुर और कंदाड़ी में तथा दोपहर 1 बजे से चांदागांव में आयोजित किया जाएगा।

प्रथम पृष्ठ का शेष

1 मार्च से 12वीं, 2 मार्च

...

इसके बाद 1 से 15 नवंबर तक लेट फीस के साथ स्टूडेंट्स को रजिस्ट्रेशन करने का समय दिया गया था। लेट फीस के साथ रजिस्ट्रेशन विंडो को 30 नवंबर तक एक्सटेंड भी किया गया था। 2023 में छत्तीसगढ़ बोर्ड के कुल 3,37,569 स्टूडेंट्स ने रजिस्टर किया था। इनमें से कुल 3,30,681 स्टूडेंट्स में से 1,52,891 मेल स्टूडेंट्स और 1,77,790 फीमेल स्टूडेंट्स ने एग्जाम दिया था।

सीएम बनने के बाद...

182 कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया। इनमें 3 हजार 264 करोड़ 93 लाख रुपए के 53 कार्यों का लोकार्पण और 7 हजार 834 करोड़ 34 लाख रुपए के 129 कार्यों का भूमिपूजन शामिल है।

ईडी की चार्जशीट में ...

बड़े मामले में भगोड़ा हथियार डीलर संजय भंडारी भी शामिल है, जिसकी कई एजेंसियां मनी-लॉन्ड्रिंग, विदेशी मुद्रा और कालेधन कानूनों के उल्लंघन और आधिकारिक गोपनीयता कानून (ऑफिशियल सीक्रेट) जांच कर रही है। भंडारी 2016 में भारत से ब्रिटेन भाग गया था। थंपी पर ब्रिटिश नागरिक सुमित चड्ढा के साथ मिलकर भंडारी को अपराध की कमाई छिपाने में मदद करने का आरोप है। ईडी ने पहले चार्जशीट में रॉबर्ट वाड्रा का नाम भी शामिल किया था। रॉबर्ट पर थंपी का करीबी होने का आरोप लगाया था। थंपी और उसके भारतीय सहयोगियों के खिलाफ विदेशी मुद्रा मैनेजमेंट एक्ट के तहत जांच चल रही है। यह भी पाया गया कि थंपी ने पाहवा से 2005 से 2008 के बीच करीब 486 एकड़ जमीन फरीदाबाद के अमीपुर में खरीदी। चार्जशीट में ये भी कहा गया है कि भारत के कारोबारी रॉबर्ट वाड्रा के नाम से 1 नवंबर 2007 को ब्लू ब्रीज ट्रेडिंग कंपनी प्रा. लि. रजिस्टर्ड थी, जो बाद में लिमिटेड लाइबिलिटी पार्टनरशिप में बदल गई। ईडी ने चार्जशीट में ये भी बताया, थंपी और रॉबर्ट वाड्रा के बीच गहरी दोस्ती थी। ये केवल व्यक्तिगत तौर पर नहीं थी, बल्कि उनके कॉमन बिजनेस भी थे। थंपी को 2020 में गिरफ्तार किया गया था। उसने ईडी को बताया था कि मैं रॉबर्ट वाड्रा को 10 साल से ज्यादा वक्त से जानता हूं। हम वाड्रा के यूएई दौरे में और दिल्ली में कई बार मिल चुके हैं।

किरण देव की अध्यक्षता...

छत्तीसगढ़ के कार्यकर्ताओं को बधाई दी। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव को भी उनके अध्यक्ष के कार्यकाल में शानदार प्रयासों के लिए बधाई दी। मीडिया टीम और प्रवक्ता गण को भी बधाई दी। लोकसभा चुनावों के लिए मार्गदर्शन दिया। इधर, किरण देव के भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद संगठन में बदलाव की चर्चा तेज हो गई है। माना जा रहा है कि जल्द ही प्रदेश संगठन की नई कार्यकारिणी बनाई जाएगी। इसमें महामंत्रियों के अलावा कुछ जिला अध्यक्ष भी बदले जा सकते हैं।

13 जिंदा जल गए, कमिश्नर..

चुका था। घायल यात्रियों के बयान के आधार पर बस मालिक भानु प्रताप सिकरवार, ड्राइवर एफआईआर दर्ज की गई है। एफआईआर में बस और डंपर चालकों के नाम नहीं लिखे हैं। केवल गाड़ियों के रजिस्ट्रेशन नंबर दर्ज किए गए हैं।

'नागपुर' से कांग्रेस ने ...

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा- हमारे पीछे आरएसएस का बंगला है। आरएसएस भी यहीं (नागपुर) से पैदा हुई और यहीं आरएसएस आज देश को बर्बाद कर रहा है।

सरकारी शराब दुकान का शटर तोड़कर चोर ले उड़े 11 लाख

■ सीसीटीवी में कैद हुई चोरी की वारदात, हर एंगल से जांच में जुटी पुलिस

कांकेर/नवप्रदेश। ज़िला मुख्यालय के गौरव पथ मार्ग स्थित सरकारी शराब दुकान में बुधवार और गुरुवार की दरम्यानी रात तीन बजे के आसपास अज्ञात चोरों ने शराब दुकान का शटर काटकर देशी विदेशी शराब दुकान से करीब 11 लाख रुपए उड़ा लिए। इस दौरान चोरों ने शराब दुकान में तैनात सिक्योरिटी गार्ड के रूम को बाहर से लॉक कर चोरी की घटना को अंजाम दिया।

सुबह जब शराब दुकान के शटर टूटा हुआ था तब आसपास के लोगों ने देखा तो इसकी सूचना शराब दुकान के कर्मचारियों को दी। कर्मचारियों के आने के बाद कोतवाली पुलिस को सूचना दी गई। कोतवाली पुलिस को सूचना मिलते ही मौके पर दलबल के साथ पहुंची। पुलिस के अलावा आबकारी विभाग के अधिकारी कर्मचारी भी मौके पर उपस्थित थे। पुलिस ने देशी शराब दुकान के सीसीटीवी कैमरे की हर एंगल से जांच कर आरोपियों तक पहुंचने रणनीति तैयार कर रही है।

चोरों ने गार्ड के रूम को किया लाक -जानकारी अनुसार सरकारी शराब दुकान में चोरी की घटना को अंजाम देने से पहले चोरों ने शराब दुकान की रखवाली में तैनात सिक्योरिटी गार्ड रात करीब दो से ढाई बजे दुकान के पीछे अपने रूम आराम करने चला गया था इस बीच तीन से साढ़े तीन बजे के आसपास चोरों ने शराब दुकान पर धावा बोला इससे पहले शातिर चोरों ने शराब दुकान की रखवाली में तैनात गार्ड के रूम की कुंडी बाहर से लगाकर चोरों ने ग्यारह लाख रुपए लेकर फरार हो गए। किसी तरह सुबह जब शराब दुकान के कर्मचारियों के आने के बाद बाहर से लगी कुंडी खोलने के बाद गार्ड को बाहर निकलने की जानकारी मिली है।

सरकारी शराब दुकान में हुई ग्यारह लाख रुपए की चोरी की घटना की सारी फुटेज सीसीटीवी में कैद हो चुकी है। बताया जा रहा है कि देशी शराब दुकान के काउंटर वाली सीसीटीवी कैमरे चालू थे जबकि ग्यारह लाख रुपए की चोरी की घटना विदेशी शराब काउंटर से हुई है। जहां के सारे सीसीटीवी कैमरे बंद पड़े हुए हैं। शराब दुकान के कर्मचारियों ने बताया की महीने भर से अंग्रेजी शराब दुकान के काउंटर वाली सीसीटीवी कैमरे बंद पड़े हैं विभाग को इसकी जानकारी दे दी गई थी। कैमरे की रिपेरिंग के लिए बार बार इंजीनियर को बोला गया था।

> सीसीटीवी फुटेज में चोरी की घटना कैद हुई है। पतासाजी किया जा रहा है जल्द चोर पुलिस की गिरफ्त में होंगे।
>
> **शरद दुबे**
> कोतवाली प्रभारी

विकसित भारत कार्यक्रम आयोजित

■ सांसद मंडावी ने किया कार्यक्रम की शुरुआत

कांकेर/नवप्रदेश। विकसित भारत संकल्प यात्रा कांकेर ब्लाक के ग्राम किरगोली पहुँची।

भारत सरकार की योजनाओं का लाभ हितग्राहियों के लिए सभी विभाग प्रमुखों के द्वारा स्टाल लगाए गए सर्व प्रथम 2047 तक भारत को आत्मनिर्भर के साथ साथ विकसित भारत का संकल्प लिया गया रथ में टीवी के माध्यम से भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन की योजना का प्रसारण किया गया। मेरी कहानी मेरी जुबानी कार्यक्रम के तहत लाभार्थियों ने अपने उध्बोधन में मोदी सरकार की योजनाओं का स्वागत कर आभार व्यक्त भी किया गया महिलाओं ने ग्राम समूह माध्यम से सशक्त किया है जिसके लिए भी मोदी सरकार का आभार व्यक्त किया है। सभी ग्रामीणों ने विकसित भारत संकल्प यात्रा में ग्राम किरगोली के उन्मुक्त खेल मैदान मे वृक्षारोपण कर भारत माता की पूजा अर्चना के साथ शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कांकेर लोकसभा सांसद मोहन मंडावी विशिष्ट अतिथि कोदागांव सरपंच/ भाजपा मंडल अध्यक्ष धनेलीकन्हार पंचुराम नायक सांसद प्रतिनिधि सितम कावड़े मोती पटेल खलील खान किरगोली सरपंच सहित बड़ी संख्या में भाजपा नेता उपस्थित थे।

शैक्षणिक भ्रमण कर लौटे अबूझमाड़ के छात्रों ने कलेक्टर से की भेंट

नारायणपुर/नवप्रदेश। आदिम जाति अनुसूचित जाति विकास विभाग की ओर से 15 दिसंबर को राष्ट्र कथा शिविर (शैक्षणिक भ्रमण) के लिए अबूझमाड़ के छात्र-छात्राओं को ग्राम प्रांसला (राजकोट) गुजरात भेजा गया था। यह कार्यक्रम 17 से 24 दिसंबर तक चला। इसके बाद विभाग से गयी टीम 27 दिसंबर को वापस नारायणपुर लौटी। सहायक आयुक्त बद्रीश सुखदेवे के नेतृत्व में भ्रमण में गये छात्र-छात्राओं को कलेक्टर अजीत वसंत से कार्यालय में मुलाकात कराया गया। कलेक्टर ने छात्र-छात्राओं से शैक्षणिक भ्रमण का फीडबैक लिया और पूछा कि भ्रमण के दौरान गुजरात में आप लोगों ने क्या-क्या देखा एवं क्या-क्या सीखा। शैक्षणिक भ्रमण कर लौटे छात्रों ने कहा कि हमने वहां अबूझमाड़ से अलग शिक्षित माहौल में लोग कैसे रहते हैं तथा जीवन यापन कैसे करते हैं यह देखा। हमें इस राष्ट्रकथा शिविर शैक्षणिक भ्रमण में अपने जीवन को कैसे जीना है तथा पढ़ाई के प्रति अनुशासन कैसे बनाना है यह इसरो के वैज्ञानिकों एवं शिक्षाविदों ने समझाया। जीवन में किसी भी क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए शिक्षा को सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण समझाना है यह बताया। विद्यार्थियों ने बताया कि उन्हें इस भ्रमण के दौरान भारत के स्वर्णिम इतिहास एवं देश-विदेश के बारे में जानने समझने का अवसर प्राप्त हुआ।

प्रधानमंत्री जनमन योजना का शिविर कुंदला और ओरछा में

नारायणपुर/नवप्रदेश। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व ओरछा द्वारा प्रधानमंत्री जनमन योजना अंतर्गत योजनाओं का क्रियान्वयन किये जाने हेतु विकासखण्ड स्तरीय अधिकारियों का ड्यूटी लगाई गई है। प्रधानमंत्री जनमन योजना का मूल उद्देश्य विशेष रूप से कमजोर जनजाति समूहों की सामाजिक तथा आर्थिक स्थिति में सुधार करना है, ताकि पीवीटीजी परिवारों का त्वरित गति के साथ सामाजिक और आर्थिक स्तर में उन्नयन के साथ ही प्रत्येक परिवार को शासकीय योजना का लाभ मिल सके। ऐसा सुनिश्चित किया जाना मिशन के माध्यम से नियत किया गया है। इस योजना से विशेष रूप से कमजोर जनजाति समूह को लाभावित करने हेतु ग्राम ओरछा, कुन्दला एवं मुरहापदर में 28 से 30 दिसंबर तक तथा 1 से 2 जनवरी 24 तक शिविर आयोजित किया जाएगा। उक्त शिविर को सफल बनाने हेतु ग्राम कुंदला एवं मुरहापदर में खण्ड शिक्षा अधिकारी विकासखण्ड ओरछा को तथा ग्राम ओरछा में सहायक खण्ड शिक्षा अधिकारी विकासखण्ड ओरछा को नोडल अधिकारी नियुक्त करते हुए अनुभाग ओरछा अर्न्तगत सभी कार्यालय राजस्व, वन विभाग, कृषि, खाद्य, जल संसाधन, क्रेडा, पंचायत, आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विभाग, महिला एवं बाल विकास और स्वास्थ्य विभाग के कार्यालय प्रमुख के अधिनस्त कर्मचारियों की उपस्थिति अनिवार्य होगी।

चेन्नई से भटक कर आए पीड़ित की जन सहयोग से मदद

■ घर लौटने की कराई व्यवस्था

कांकेर/नवप्रदेश। समाजसेवी संस्था जन सहयोग ने एक बार फिर अपनी मानवसेवा भावना का परिचय देते हुए एक ऐसे पीड़ित व्यक्ति की सहायता की है, जो चेन्नई का रहने वाला है और जिसे बेंगलुरु से कुछ लोगों ने अपने साथ कुछ प्रलोभन देकर छत्तीसगढ़ ले आए और कांकेर में लावारिस छोड़कर चले गए थे। वह व्यक्ति सदमे की हालत में लगभग एक माह तक इधर-उधर घूमता रहा। उसके पास वापस जाने या भोजन करने तक के लिए पैसा नहीं था। ऐसी स्थिति में उसकी मुलाकात रात 11.30 बजे जन सहयोग के अध्यक्ष अजय पप्पू मोटवानी से हो गई। उसका हाल जानने के बाद उसे भरपेट भोजन कराया, रहने की अस्थायी व्यवस्था की और फिर सुबह उससे मिलने पहुंचे। चेन्नई निवासी उस व्यक्ति ने अपनी व्यथा बताते हुए कहा कि वह लगभग 1 माह से नहाया भी नहीं है और ठीक से खाया भी नहीं है। लोग मांगने पर खाना भी नहीं देते और भगा देते हैं। वह किसी भी तरह अपने घर वापस जाना चाहता है। उसकी व्यथा सुनकर अध्यक्ष ने अपने जन सहयोग के साथियों को बुलाया और फिर उस व्यक्ति को अच्छे से नहलाधुला कर नए कपड़े पहना जाने वाली गाड़ी में बैठा भी दिया। उसको इतनी सहयोग राशि भी जन सहयोग ने प्रदान की, जिससे कि वह रायपुर से चेन्नई तमिलनाडु जा सके और राह- खर्च के लिए भी कम ना पड़े। वह व्यक्ति जनसहयोग संस्था के अध्यक्ष तथा सदस्यों को बहुत-बहुत धन्यवाद तथा आशीर्वाद देकर यहां से अपने प्रदेश के लिए रवाना हुआ। इस नेक कार्य में सहयोग देने वालों में अध्यक्ष अजय पप्पू मोटवानी, मनोज दुबे, प्रवीण गुप्ता ,करण नेताम ,संजय ठाकुर, राम पटेल, श्रद्धेश चौहान आदि ने उत्साह पूर्वक सहयोग दिया।

लिकेश को नहीं मिली मुख्यमंत्री प्रोत्साहन छात्रवृत्ति

चारामा/नवप्रदेश। भूपेश सरकार ने मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा प्रोत्साहन छात्र वित्तीय योजना के तहत कक्षा बारहवीं में प्रवीण्य सूची में आकर वर्ष 2020 में 92% अंक प्राप्त करने वाले छात्र लिकेश कुमार सिन्हा पिता रूप लाल सिन्हा निवासी मुड़खुसरा चारामा को पचास हजार रूपए मिलना था। परन्तु आज तक उसे उक्त राशि अप्राप्त है। इस संदर्भ में उसके द्वारा आदिवासी कल्याण विभाग के अधिकारी सहायक आयुक्त कांकेर को 20 दिसंबर 23 को पोस्ट ऑफिस के माध्यम से एक लेटर सूचनार्थ आवश्यक कार्यवाही कर उक्त घोषित राशि की मांग की गई। लिकेश ने बताया कि शासन की योजना संबंधी आवेदन उन्होंने 27 अगस्त को संबंधित विभाग में जमा करा दिया है। उसने अपने आवेदन में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया शाखा चारामा का खाता पास बुक भी जमा किया है। परन्तु आज तक उसके खाता में पचास हजार रूपए की राशि नहीं आई। वर्तमान में छात्र लिकेश आंध्र प्रदेश के तिरुपति में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान में आध्यनरत है। छात्र के पालक ने बताया कि अपने पुत्र को बाहर पढ़ने के कारण आर्थिक समस्याएं निर्मित हो रही है। समय रहते शासन प्रशासन के द्वारा राशि दी जाती है तो बहुत बड़ी मदद मिल सकती है।

छत्तीसगढ मेडिकल सर्विसेज कार्पोरेशन लिमिटेड, रायपुर

- ई - प्रोक्योरमेन्ट निविदा आमंत्रण सूचना (निर्माण प्रकोष्ठ)

Website - www.cgmsc.gov.in

छत्तीसगढ़ नगर पालिक निगम क्षेत्रों में रू. 40.00 लाख तक के भवनों का निर्माण, उन्नयन, मरम्मत एवं विविध कार्य हेतु जोनल दर अनुबंध निविदा प्रत्येक नगर पालिक निगम हेतु कार्य की निविदा राशि रू. 300 लाख

Main portal- http://eproc.cgstate.gov.in क्रमांक/11918/निर्माण/2023 दिनांक 26/12/2023

स.क्र.	नि.आ.सू. क्र.	नगर पालिक निगम का नाम	निविदा आमंत्रण
1	9381	नगर पालिक निगम - रिसाली	तृतीय
2	9382	नगर पालिक निगम - दुर्ग	चतुर्थ
3	9383	नगर पालिक निगम - भिलाई	चतुर्थ

निविदा में भाग लेने की प्रकिया एवं निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी उपरोक्त वेबसाइट पर दिनांक 29/12/2023 से देखी जा सकती है। उपरोक्त कार्यों की निविदा लो.नि.वि (2015) की दर से आंमत्रण की जा रही है, जिसकी अंतिम तिथि दिनांक 08/01/2024 तक है। निविदा में भाग लेने हेतु अमानत राशि, निविदा प्रकिया शुल्क एवं निविदा संबंधित सभी दस्तावेज आनलाईन स्वीकार की जावेगी।

संवाद-39214/1 अधीक्षण अभियंता

6वीं में प्रवेश के लिए आवेदन 25 तक

नारायणपुर/नवप्रदेश। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास ने जानकारी दी है कि पंडित जवाहर लाल नेहरू उत्कर्ष योजना अंतर्गत विद्यार्थियों को प्रवेश हेतु जिला स्तर पर चयन परीक्षा आयोजित कर चयन किया जाएगा। योजनांतर्गत वर्ष 2024-25 में कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु आवेदन पत्र की अंतिम तिथि 25 जनवरी 2024 दिन गुरुवार निर्धारित की गई हैं। प्रवेश हेतु चयन परीक्षा जिला स्तर पर 10 मार्च दिन रविवार को समय दोपहर 12 से 2 बजे तक लिखित परीक्षा आयोजित किया जाएगा। जिले के मूल निवासी छात्र-छात्राओं से आवेदन 25 जनवरी 2024 तक आमंत्रित किया गया है। सक्षम प्राधिकारी के हस्ताक्षर से जारी निवास प्रमाण-पत्र के आधार पर ही मान्य होगा। अन्य जिले के निवासी का आवेदन पत्र नहीं लिया जाएगा। जिले के सभी आश्रम छात्रावास अधीक्षक निर्धारित प्रपत्र में आवेदन पत्र भरवाकर खण्ड शिक्षा कार्यालय के माध्यम से 7 फरवरी 2024 तक कार्यालय आदिवासी विकास शाखा नारायणपुर में प्रस्तुत कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए सहायक आयुक्त आदिवासी विकास शाखा नारायणपुर से संपर्क कर सकते हैं।

कलेक्टर ने धान खरीदी केंद्र का किया निरीक्षण

■ अधिक तौल पर बिजली खरीदी केन्द्र प्रभारी को नोटिस

नारायणपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर अजीत वसंत ने बिजली और गढ़बेंगाल के धान खरीदी केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने धान बेचने आए कृषकों से चर्चा करते हुए धान खरीदी केंद्र में दी जा रही सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने कृषकों से सोसायटी में बारदाने की उपलब्धता, धान की गुणवत्ता, टोकन काटने की प्रक्रिया और किसानों को दी जानी वाली भुगतान की जानकारी ली। खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 के अंतर्गत समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का कार्य 1 नवंबर से प्रारंभ हो गया है। कलेक्टर श्री वसंत प्रशासनिक अमले के साथ धान खरीदी केंद्रों के आकस्मिक निरीक्षण कर जिले में धान खरीदी का जायजा ले रहे हैं। आज उन्होंने धान खरीदी केंद्र बिजली और गढ़बेंगाल का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने खरीदी केन्द्रों में टोकन पंजी, बारदाना पंजी, बारदाना गोदाम, धान बोरे की स्टेकिंग, ड्रेनेज और पेयजल की व्यवस्था का निरीक्षण किया।

कार्यालय अधीक्षण अभियंता
लोक निर्माण विभाग (भ/स) अम्बिकापुर मण्डल अम्बिकापुर

निविदा आमंत्रण तिथि :- 27.12.2023

ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना

01. निविदा की विस्तृत जानकारी के लिये Log in करें http://eproc.egstate.gov.in
02. संबंधित संभाग - मनेन्द्रगढ
03. 'स' वर्ग एवं ऊपर ठेकेदार
04. ऑनलाईन निविदा डालने की अंतिम तिथि - 04.01.2024

सरल क्र.	एन.आई.टी. क्र.	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (लाख में)
1	2	3	4
1	183	जिला कोरिया बैकुण्ठपुर अंतर्गत कार्यरत न्यायिक कर्मचारियों हेतु 12 नग एच टाईप शासकीय आवासगृह का निर्माण विद्युतीकरण सहित। (पंचम आमंत्रण)	124.09

जी-06739/4

अधीक्षण अभियंता
लोक निर्माण विभाग
अम्बिकापुर मण्डल अम्बिकापुर

छत्तीसगढ मेडिकल सर्विसेज कार्पोरेशन लिमिटेड, रायपुर

द्वितीय निविदा-ई -प्रोक्योरमेन्ट निविदा आमंत्रण सूचना (निर्माण प्रकोष्ठ)

Website - www.cgmsc.gov.in

ब्लॉक स्तर पर रू. 40.00 लाख तक के भवनों का निर्माण, उन्नयन, मरम्मत एवं विविध कार्य हेतु जोनल दर अनुबंध निविदा - प्रत्येक ब्लॉक हेतु कार्य की निविदा राशि रू. 95.00 लाख

Main portal-http://eproc.cgstate.gov.in क्रमांक /11898 निर्माण/2023 दिनांक 26/12/2023

स.क्र.	नि.आ.सू. क्र.	ब्लॉक का नाम	स.क्र.	नि.आ.सू. क्र.	ब्लॉक का नाम
रायपुर संभाग					
1	9339	अभनपुर	3	9341	मैनपुर
2	9340	सिमगा	4	9342	महासमुंद
बस्तर संभाग					
5	9343	जगदलपुर	8	9346	बस्तर
6	9344	बकावंड	9	9347	भानुप्रतापपुर
7	9345	लोहाण्डीगुड़ा			
सरगुजा संभाग					
10	9348	अम्बिकापुर			

निविदा में भाग लेने की प्रकिया एवं निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी उपरोक्त वेबसाइट पर दिनांक 27/12/2023 से देखी जा सकती है। उपरोक्त कार्यों की निविदा लो.नि.वि (2015) की दर से आंमत्रण की जा रही है, जिसकी अंतिम तिथि दिनांक 11/01/2024 तक है। निविदा में भाग लेने हेतु अमानत राशि, निविदा प्रकिया शुल्क एवं निविदा संबंधित सभी दस्तावेज आनलाईन स्वीकार की जावेगी।

संवाद-39221/1 अधीक्षण अभियंता

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा, मीमल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रियल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर तृतीय तल, सुपर मार्केट कॉम्पेक्स, राजा रघुराज सिंह स्टेडियम के सामने अग्रसेन चौक, बिलासपुर से प्रकाशित, संपादक- चन्द्रशेखर धोटे , स्थानीय संपादक अशोक शर्मा, फोन नंबर : 07752-468654, डाक पंजीयन क्रमांक G-2-112/CG/BPL/108/2020-22

न्यूज गैलरी

आयुर्वेद चिकित्सा शिविर लगाया गया

सक्ती/नवप्रदेश। संचालनालय आयुष विभाग छत्तीसगढ़ शासन रायपुर के आदेशानुसार सक्ती विकासखंड के ग्राम भुरसीडीह में विकासखंड स्तरीय निःशुल्क स्वास्थ्य जागरूकता शिविर एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति से विभिन्न बीमारियों का उपचार एवं निःशुल्क दवाई का वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सक्ती जनपद पंचायत अध्यक्ष राजेश राठौर, संतोष राठौर अध्यक्ष स्कूल शिक्षण समिति भुरसीडीह, गौकरण पांडे सहित ग्राम के वरिष्ठजनों की उपस्थिति में यह शिविर प्रारंभ किया गया। इस शिविर में डॉ उत्तम कुमार गबेल, डॉ युगाधि जायसवाल, डॉ बेनजीर अहमद ,डॉ विष्णु पटेल तथा विभाग के फार्मासिस्ट हेमंत राठौर, चंद्रशेखर खूंटे , हरिसिंह कंवर, निरधि नारायण कंवर, जगसिंह कंवर, प्रभा कौशिक, महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता शशिकला चंद्रा उपस्थित थे। मुख्य अतिथि राजेश राठौर द्वारा भगवान धन्वंतरि की पूजा अर्चना के साथ आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति के लाभ के बारे में ग्रामीणों को अवगत कराया गया शिविर में कुल 284 लाभार्थी/ रोगी उपस्थित हुए जिन्हें निःशुल्क औषधि प्रदान की गई। 54 लोगों को स्वास्थ्य वर्धक काढ़ा पिलाया गया।

बच्चे रहें स्वस्थ, स्वर्ण बिन्दु प्राशन संस्कार आज

कोरबा/नवप्रदेश। चलो आयुर्वेद की ओर, मिशन के तहत प्रतिमासानुसार इस माह में भी बच्चों में रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए बच्चे रहे स्वस्थ योजनान्तर्गत डॉ.नागेन्द्र नारायण शर्मा द्वारा पतंजलि चिकित्सालय निहारिका में आज अति शुभ पुष्य नक्षत्र में आयुर्वेदिक इम्यूनाईजेसन प्रोग्राम के तहत स्वर्ण बिन्दु प्राशन संस्कार कराया जायेगा। जिसमें जन्म से लेकर 18 वर्ष तक के बच्चो को स्वर्ण बिन्दु प्राशन ड्रॉप्स पिलाकर आयुर्वेद पद्धति से टीकाकरण किया जाएगा। साथ ही बच्चों के स्वास्थ्य का निशुल्क चिकित्सकीय परीक्षण करने के साथ बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिये बच्चों को एवं उनके अभिभावकों को बच्चों की आयुनुसार उनके लिए उपयोगी आहार विहार के विषय मे विस्तार से जानकारी देने के साथ उनके लिए उपयोगी योग प्राणायाम का भी निशुल्क प्रशिक्षण दिया जायेगा।

लाइब्रेरी का निर्माण जल्द शुरू करें- आदित्येश्वर

अंबिकापुर/नवप्रदेश। जिला पंचायत उपाध्यक्ष आदित्येश्वर शरण सिंह ने शहर में नालन्दा परिसर के तर्ज पर पूर्व कांग्रेस सरकार द्वारा घोषित स्मार्ट लाइब्रेरी और रीडिंग रूम का काम जल्द शुरू कराने की मांग की है। उन्होंने सीएम साय को पत्र लिखकर कहा कि रायपुर में नालंदा परिसर के तर्ज पर एक और लाइब्रेरी निर्माण की बात समाचार माध्यमों से सामने आया है। तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने टीएस सिंह देव की पहल पर अंबिकापुर में युवाओं के प्रतियोगी प्रतियोगिताओं की तैयारी के लिए नालंदा परिसर स्मार्ट लाइब्रेरी बनाने की घोषणा की थी। इसे ध्यान में रखते हुए रायपुर की तर्ज पर सरगुजा के युवाओं की मांग पर ध्यान देना आवश्यक है। लाइब्रेरी बनने से युवाओं को परीक्षाओं से अनुकूल पुस्तकें व अन्य संसाधन मिल सके।

बहू ने प्रेमी के साथ मिलकर कराई थी ससुर की हत्या

जशपुरनगर/नवप्रदेश। सन्ना पुलिस ने दो महीने पहले हुई बुजुर्ग की हत्या के आरोपी को गिरफ्तार किया है। हत्या बुजुर्ग की बहू ने अपने प्रेमी से कराई थी। पुलिस ने आरोपी को रांची से गिरफ्तार कर लिया है। बुधवार को आरोपी को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया। घटना दो नवंबर की है। बिगनराम पिता वासुदेव यादव ग्राम खरवाटोली के रहने वाले थे। वे सारुडीह में अपने दामाद के घर में रहते थे। दो नवंबर की दोपहर तीन बजे खाना खाने के बाद गांव के होटल में साइकिल को रखकर कहीं चले गए थे। सात नवंबर को सोनक्यारी चौकी क्षेत्र के ग्राम पटिया से दो किमी दूर जंगल में बुजुर्ग की लाश मिली। मृतक के गले को काटकर हत्या की गई थी। यहां से गुजर रहे एक व्यक्ति ने पुलिस को सूचना दी थी। परिजनों ने बुजुर्ग बिगनराम की पहचान की। सन्ना टीआई हर्षवर्धन चौरासे ने बताया मृतक के बेटे की 2014 में एक्सीडेंट में मौत हो गई थी। इस पर परिजनों को 12 लाख रुपए मिले थे। इन पैसे से उनकी बहू सविता यादव फिजूलखर्च करती थी। इस पर बुजुर्ग मना करता था। बार-बार रोकटोक करने पर उनकी बहू ने अपनी प्रेमी प्रहलाद यादव के साथ मिलकर रास्ते से हटाने का प्लान बनाया था।

सड़क हादसे में 2 की मौत

मनेंद्रगढ़/नवप्रदेश। ट्रैक्टर की चपेट में आने से 2 बाइक सवारों की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने मृतक के बेटे की रिपोर्ट पर ट्रैक्टर चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। रामनगर थानांतर्गत वार्ड क्र. 15 ग्राम कूका निवासी मृतक 55 वर्षीय सरमन के बेटे महेश कुमार ने शिकायत दर्ज कराते हुए कहा कि 26 दिसंबर को एसईसीएल के पंडोपारा में जनरल मजदूर का काम करने वाले रामखेलावन के साथ उसके पिता सरमन बाइक में ग्राम कूका से सवार होकर पंडोपारा जाने के लिए निकले थे। रास्ते में एनएच-43 मेन रोड घुटरीटोला के पास विपरीत दिशा से आ रही बिना ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक को टक्कर मार दी।

प्रवेश हेतु 31 जनवरी तक आवेदन आमंत्रित

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त ने बताया कि पं. जवाहर लाल नेहरू उत्कर्ष योजना अंतर्गत शिक्षण सत्र 2024-25 में सरगुजा जिले के अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों को कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु चयन परीक्षा का आयोजन 10 मार्च 2024 दिन को दोपहर 12:00 बजे से 2:00 बजे तक आयोजित किया गया है। पात्र विद्यार्थी 31 जनवरी 2024 तक आवेदन कर सकते हैं।

धान बोनस के पैसे निकालने को बैंक में किसानों की भीड़

मुंगेली/नवप्रदेश। दो वर्ष की बोनस राशि जारी किए जाने के बाद जिला सहकारी बैंक में किसानों की भीड़ उमड़ पड़ी। जिला सहकारी बैंक में प्रतिदिन 600 से अधिक किसानों को लगभग 1 करोड़ 40 लाख से अधिक की राशि का भुगतान किया जा रहा है। किसानों की उमड़ी भीड़ के कारण बैंकों को मिली राशि भी कम पड़ गई। धान खरीदी का भुगतान व बोनस का भुगतान एक साथ होने के कारण बैंकों में रकम के शॉर्टेज की स्थिति निर्मित हो रही है। जिसके चलते लिमिट तय कर किसानों को भुगतान किया जा रहा है।

प्रदेश के नई सरकार के द्वारा अपने पिछले कार्यकाल वर्ष 2014-15, 2015-16 के बोनस राशि एक साथ दिए जाने की घोषणा के बाद 25 दिसंबर पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिन पर जिला स्तर पर कार्यक्रम आयोजित कर

किसानों के खाते में राशि जमा कर दी गई। बोनस की उक्त राशि लेने के लिए दूसरे दिन से ही जिला सहकारी बैंक में किसानों की भीड़ उमड़ रही है। बैंक खुलते ही किसान वर्तमान में चल रही धान खरीदी भुगतान की राशि लेने किसान बैंक के बाहर खड़े रहते है। वहीं दो वर्ष का बोनस लेने के लिए भी किसान पहुंचे हुए थे। किसानों की उमड़ती भीड़ को नियंत्रित करने के लिए बैंक के कर्मचारियों को स्थिति संभालनी पड़ी। किसानों की संख्या एवं बैंक में उपलब्ध राशि को देखते हुए किसानों को 25 हजार रूपये तक का भुगतान किया जा रहा है। जिससे जरूरत मंद सभी किसानों को समय पर भुगतान हो सके। उल्लेखनीय है कि ब्लाक मुंगेली अंतर्गत 2014-15 में 15 हजार 435 किसानों के खाते में 24 करोड़ 06 लाख रूपए से अधिक और वर्ष 2015-16 में 16 हजार 386 किसानों के खाते में 26 करोड़ 52 लाख रूपए से अधिक की राशि अंतरित की गई। ब्लाक लोरमी अंतर्गत 2014-15 में 14 हजार 643 किसानों के खाते में 22 करोड़ 96 लाख रूपए से अधिक और वर्ष 2015-16 में 15 हजार 649 किसानों के खाते में 25 करोड़ 19 लाख रूपए से अधिक की राशि अंतरित की गई। ब्लाक पथरिया अंतर्गत 2014-15 में 12 हजार 176 किसानों के खाते में 22 करोड़ 13 लाख रूपए से अधिक और 2015-16 में 12 हजार 747 किसानों के खाते में 24 करोड़ 31 लाख रूपए से अधिक की राशि अंतरित की गई। जिसे आहरण करने के लिये किसानों की भीड़ बैंक पहुंचने लगी है।

क्षेत्रवार किसानों को भुगतान कर रहें हैं

धान खरीदी का भुगतान एवं दो वर्ष का बोनस खाते में आने के चलते बैंक में किसानों की भीड़ बढ़ गई है। प्रतिदिन 600 से अधिक किसानों को 1 करोड़ 40 लाख से अधिक की राशि का भुगतान किया जा रहा है। भीड़ को देखते हुए क्षेत्रवार अलग-अलग दिनों में किसानों को भुगतान किया जा रहा है।

-देवेन्द्र देवांगन, प्रबंधक जिला सहकारी बैंक, मुंगेली

सरगुजा जिला नोडल ईला राय ने अधिकारियों के साथ की चर्चा

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। विशेष रूप से कमजोर जनजाति समूहों की सामाजिक तथा आर्थिक स्थिति में सुधार करने प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जनजातीय मामलों के मंत्रालय द्वारा सरगुजा नोडल अधिकारी के रूप में सुश्री ईला राय को जिम्मेदारी दी गई है। गुरुवार को वे अम्बिकापुर पहुंची, उन्होंने जिला कलेक्टरेट सभाकक्ष में आयोजित ओरिएंटेशन कार्यक्रम में जिले में चिन्हांकित सभी पीवीटीजी समुदाय के लोगों को प्रधानमंत्री जनमन योजना का लाभ दिलाने मिशन मोड में कार्ययोजना बनाकर सर्वे कराने तथा शिविर के माध्यम से कैंप लगाकर विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित करने हेतु कार्ययोजना पर चर्चा की। उन्होंने बेहतर क्रियान्वयन के लिए प्रशिक्षण आयोजित करने तथा सर्वे का प्रारूप बनाने के निर्देश दिये।

बैठक में सभी विभागो के अधिकारियों ने अपने विभाग से सम्बंधित योजनाओं का लाभ दिलाने हेतु बनाई गई कार्ययोजना तथा अब तक की कार्यवाही की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि डोर टू डोर सर्वे कार्य किया जाए, कैम्प के माध्यम से लोगों को योजनाओं से जोड़ें जाने का कार्य किया जाएगा। कैम्प की सूचना पूर्व में ही ग्रामीणो तक पहुंचाई जाए। उन्होंने कहा कि यह योजना केंद्र शासन की प्राथमिकता में शामिल है, विशेष रूप से कमजोर जनजाति समूहों को योजनाओं का लाभ दिलाकर उनकी आवश्यकताएं पूरी करना इसका प्रमुख उद्देश्य हैं। इसलिए गम्भीरता के साथ अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करें। बैठक में अपर कलेक्टर एवं प्रभारी जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री सुनील नायक तथा सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित थे।

धान खरीदी लिमिट कम, बढ़ाने की मांग

देवरी-चांपा। कुम्हारीकला के अंतर्गत धान खरीदी केंद्र अमरुवा में प्रतिदिन 745 क्विंटल धान खरीदी लिमिट तय होने से किसानों को परेशानी हो रही है। केन्द्र में धान खरीदी लिमिट कम होने के कारण किसानों को टोकन लेने में परेशानी हो रही है। वे धान नहीं बेच पा रहे हैं। किसान खरीदी केन्द्र में लिमिट बढ़ाने की मांग कर रहे हैं, ताकि वे सही समय पर वे धान बेच सकें। धान खरीदी केन्द्र अमरुवा में धान बेचने वाले किसानों ने अपना धान तैयार कर लिया है। बस उसे बेचने के लिए टोकन जारी होने का इंतजार कर रहे हैं। शासन द्वारा 1 नवम्बर से किसानों से धान खरीदी चालू की गई है। कई किसान बारिश होने के कारण फसल कटाई करवाने में पिछड़ गए हैं। ऐसे लोगों को परेशानी हो रही है।

एक श्रेष्ठ मार्गदर्शक सबकी आवश्यकता- वेदांती महाराज

मुंगेली/नवप्रदेश। मानस सत्संग समिति द्वारा आयोजित श्री राम कथा में जगतगुरु अनंतरण द्वाराचार्य स्वामी डॉ राम कमल दास वेदांती जी महाराज जी ने मानस व्याख्यान में गुरु की महिमा का वर्णन करते हुए कहते हैं कि हमें प्रत्येक क्षेत्र में एक श्रेष्ठ मार्गदर्शक की आवश्यकता होती है। सबसे पहले गुरु हमारे वह माता-पिता होते हैं जो हमें उंगली पड़कर अपने आचरण से शिक्षा देकर हमें श्रेष्ठ पथ पर ले जाते हैं ।प्रत्येक महापुरुष ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता को दिया है।

और दूसरे गुरु होते हमारे आदर्श शिक्षक जो हमें हमारी भौतिक शिक्षा के साथ-साथ परमार्थ पथ की शिक्षा देते हुए श्री राम और कृष्ण के श्रेष्ठ आचरण का ज्ञान कराते हुए हमें जीवन की ऊंचाइयों पर ले जाते हैं। इन सबसे बढ़कर होता है हमारा अध्यात्म गुरु जो हमें भौतिकवाद

से ऊपर उठाकर कर लाभ त्याग और तपस्या पूर्वक ईश्वर को प्राप्त करने की प्रेरणाएं देते हैं क्योंकि मनुष्य के जीवन का लक्ष्य भौतिकवाद से आगे बढ़कर ईश्वर को प्राप्त करना होता है। आज हम देखते हैं कि शिष्य लोग दीक्षा ग्रहण कर लेने में ही जीवन की सार्थकता समझ बैठते हैं ।हमें समय-समय पर अपने सदुरु के पास जाकर उनके आध्यात्मिक उपदेशों से ईश्वर की उपासना करते रहना चाहिए। ताकि जीवन का उद्धार हो सके।

लैंगिक भेदभाव गंभीर विषय नजरिया बदलना जरूरी-खुंटे

जांजगीर/नवप्रदेश। लैंगिक असमानता दूर करने भारत सरकार द्वारा शुरू किए गए नई चेतना-जेंडर अभियान 2.0 के संबंध में जिला स्तरीय बैठक हुई। जिला पंचायत सीईओ आरके खुंटे ने कहा यह विषय बहुत ही गंभीर है। सोच, व्यवहार, मानसिकता में बदलाव बहुत जरूरी है। बैठक में पंचायत एवं ग्रामीण विकास, पुलिस विभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, महिला एवं बाल विकास, समाज कल्याण, स्कूल शिक्षा विभाग, आदिम जाति एवं अनुसूचित जाति विकास, श्रम तथा वन विभाग सहित संबंधित विभाग के कर्मचारी शामिल हुए। बैठक में लिंग आधारित भेदभाव, घरेलू हिंसा इत्यादि पर ग्रामीण परिवारों में समझ विकसित करने के लिए राष्ट्रीय अभियान नई चेतना जेण्डर अभियान 2.0 प्रारंभ किया है। अभियान का क्रियान्वयन 4 दिसम्बर से 31 जनवरी तक किया जाएगा। लैंगिक हिंसा के खिलाफ आवाज उठाने और महिलाओं को सुरक्षित माहौल देने व उनका सहयोग करने की शपथ भी ली गई। कार्यशाला में लैंगिक हिंसा के मामलों में उपलब्ध कराई जाने वाली निःशुल्क कानूनी सहायता के बारे में बिहान की दीदियों को जानकारी दी गई। बैठक में डीएफओ मनीष , उप संचालक समाज कल्याण टीपी भावे, जिला कार्यक्रम अधिकारी अनिता अग्रवाल सहित संबंधित अधिकारी कर्मचारी एवं स्व सहायता समूह की महिलाएं उपस्थित थे।

आजाक थाने में डीईओ के खिलाफ शिकायत

जांजगीर। आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल जांजगीर के पूर्व प्राचार्य व वर्तमान में आरएमएसए के सहायक जिला परियोजना अधिकारी एसएल जोशी ने डीईओ भारती वर्मा पर जातिगत गाली गलौज व दुर्व्यवहार करने की शिकायत अजाक थाना में करते हुए कार्रवाई की मांग की है। आरएमएस का भवन पिछले दिनों भर भरा कर गिर गया था, इसलिए आरएमएसए को डीईओ के आवक जावक कक्ष में शिफ्ट किया जा रहा है, इसकी मरम्मत नहीं हो पाई है, लेकिन डीईओ द्वारा मरम्मत का काम पूरा होने की सूचना कलेक्टर को दे दी गई है, जबकि मरम्मत अभी तक नहीं हो पाई है। कलेक्टर को सूचना देने के बाद डीईओ ने आरएमएसए से पावती के लिए 22 दिसंबर को भेजा था। इस पर आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल जांजगीर के पूर्व प्राचार्य एसएल जोशी जो वर्तमान में आरएमएसए में सहायक जिला परियोजना अधिकारी के पद पर पदस्थ हैं। उन्होंने मरम्मत नहीं होने के कारण पावती देने से मना कर दिया।

सात घोड़ों पर सवार होकर निकाली पंच परमेश्वरों की झांकी

जांजगीर/नवप्रदेश। विराट सूर्यांश शिक्षा महामहोत्सव के समापन पर विशाल शिक्षा एवं संस्कार यात्रा निकाली। पंच परमेश्वर की झांकी जांजगीर के भाटापारा के चर्च मैदान से प्रारंभ होकर शहर के मुख्य मार्गो से होते हुए सूर्यांश प्रांगण पहुंचकर संपन्न हुई। सूर्यांश शिक्षा उत्थान समिति के संरक्षकों राम लखन सूर्यवंशी, एआर सूर्यवंशी, ताराचंद रत्नाकर, प्रो. गोवर्धन सूर्यवंशी, संजय पैगवार, देव कुमार सूर्यवंशी, मोहरसाय खरसन, रमेश दास खड्ग, हरदेव टंडन, शिव प्रधान, शुक्ला प्रसाद सूर्यवंशी, संजय लसार, फिरत राम किरण, राम नारायण प्रधान, बीआर सत्यार्थी एवं अध्यक्ष हेमलता करियारे के मार्गदर्शन में शोभायात्रा निकाली गई। शोभा एवं संस्कार यात्रा का नगर के प्रमुख चौक चौराहों पर स्वागत किया गया। कचहरी चौक, नेताजी चौक, नैला बस्ती एवं रेलवे स्टेशन स्टेशन के

पास क्षेत्रीय विधायक व्यास कश्यप, अर्जुन सिंह क्षत्रिय, अमरनाथ बर्मन, विवेक सिंह सिसोदिया, रामविलास राठौर, रफीक सिद्दीकी, देवेश सिंह, मनोज अग्रवाल सहित अनेक जनप्रतिनिधियों व समाज सेवियों ने शिक्षा एवं संस्कार शोभायात्रा का पूजन अर्चन, स्वागत का प्रबंध किया। प्रो. गोवर्धन सूर्यवंशी देते हुए बताया इससे पूर्व शोभायात्रा के साथ पंच परमेश्वर के जन्म स्थली से लाए गए चरण रज व सरोवरों के जल का अभिनंदन सूर्यांश धाम खोखरा में किया गया। पंच महापुरुषों का पूजन अर्चन करते हुए जांजगीर के भाटापारा स्थित चर्च मैदान से सात घोड़ों पर सवार पंच परमेश्वर की विशाल भव्य शिक्षा एवं संस्कार शोभायात्रा समाज के प्रमुखों जनों की उपस्थिति में प्रारंभ हुआ जिसमें साथ बड़ी संख्या में सूर्यांश साधक गण शामिल थे। इस अवसर पर भगवान दास गढ़ेवाल, राज्य अनुसूचित जाति आयोग के सदस्य रमेश पैगवार, लाभो राम सूर्यवंशी, बीएल प्रधान, रामायण प्रसाद सूर्यवंशी, विनोद मंजारे, कृष्णा टंडन, रमेश सूर्यवंशी, दुखु राम गोयल, कार्तिक सूर्यवंशी, खम्हन लाल सरवन, दूजे पैगवार, अहिबरन सूर्यवंशी, डॉ. विष्णु पैगवार, छत राम लटियार, मुरीत राम पैगवार, तीज राम लाठिया आदि उपस्थित थे।

शिक्षा | **बोर्ड परीक्षाओं के नजदीक आते ही स्कूलों में कोर्स पूरा कराने मची आपाधापी**

स्कूलों में कोर्स अधूरा, परीक्षा तिथियां करीब

मुंगेली/नवप्रदेश। बोर्ड परीक्षाओं के नजदीक आते ही स्कूलों में कोर्स पूरा कराने के लिए आपाधापी मच गई हैं। जिले के ज्यादातर हाई और हायर सेकण्डरी स्कूलों में दिसंबर माह में भी 60 फीसदी कोर्स पूरा नहीं हो पाया हैं। माध्यमिक शिक्षा मंडल ने दसवीं-बारहवीं की प्रेक्टिकल परीक्षा के लिए परीक्षा तिथि भी घोषित कर दी हैं। शासकीय स्कूलों में कोर्स को लेकर स्थिति अभी भी स्पष्ट नहीं हैं।

जिले के स्कूलों में शिक्षकों की व्यवस्था को लेकर सालभर परेशानी बनी रही। हायर सेकण्डरी स्कूलों में व्याख्याता वर्ग में विषयवार शिक्षकों की कमी हैं। स्कूल शिक्षा के साथ माध्यमिक शिक्षा मिशन के तहत खुले और प्रमोशन के चलते शिक्षकों की कमी के कारण सभी विषयों की सही ढंग से पढ़ाई नहीं हो पाई हैं। इसके अलावा कहीं शिक्षकों की संख्या में कमी रही तो कहीं व्यवस्था बनाने के बाद भी पढ़ाई की स्थिति भी नहीं सुधर पाई हैं।

ड्यूटी का असर पड़ेगा- वर्तमान में विधानसभा चुनाव के बाद लोकसभा चुनाव की तैयारियों शुरू हो गई है। विधानसभा चुनाव में जहां स्कूलों की पढ़ाई प्रभावित हुआ, वही अब शीतकालीन की छुट्टी को लेकर बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। कोर्स पूरा

नही होने की वजह से आने वाले समय में परेशानी बढ़ जाएगी। एक तरह से स्कूलों में पढ़ाई भी प्रभावित होगी। इस वजह से पढ़ाई पर असर पड़ेगा।

इसकी वजह से पैरेंट्स परेशान हो रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्र में परेशानी- कोर्स पूरा कराने को लेकर शहर के स्कूलों में भी स्थिति कुछ ठीक हैं। ग्रामीण क्षेत्र के स्कूलों में अभी तक 50 फीसदी कोर्स पूरा कराने की बात सामने रही हैं। कई विषयों में कोर्स पूरा हो गया हैं तो कहीं कुछ विषयों में विषय विशेषज्ञों को उच्चाधिकारियों द्वारा दौरा कर कोर्स जल्द पूरा कराने कहा गया हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में इसके उलट स्थिति हैं। ग्रामीण क्षेत्र के अनेक स्कूलों में कोर्स पूरा नहीं हो पाया हैं। कुछ विषयों के शिक्षकों को छोड़कर बाकी विषयों के लिए बच्चों को ज्यादा मेहनत करनी पड़ रही हैं।

कोर्स समय पर पूर्ण कराने कहा गया हैं

स्कूल में 70 प्रतिशत कोर्स पूर्ण होने की स्थिति में हैं। स्कूलों में अनुपस्थित रहने वाले कुछ शिक्षकों को नोटिस जारी कर कोर्स समय पर पूर्ण कराने कहा गया हैं। परीक्षा की तैयारी भी कराई जा रही हैं।

-जीआर चतुर्वेदी, डीईओ मुंगेली

पीएम ने किया संकल्प यात्रा को वर्चुअली संबोधित

सक्ती/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्चुअल माध्यम से विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम को संबोधित करते हुए देश के विभिन्न राज्यों के लाभार्थियों से बात की।

इस दौरान शहर से लेकर गांव-गांव में स्व-सहायता समूह की महिलाओं, किसानों, ग्रामीणों, आम नागरिकों सहित अधिकारी कर्मचारियों ने विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम को संबोधित कर रहें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को सुना। प्रधानमंत्री मोदी ने संबोधित करते हुए कहा कि विकसित भारत के संकल्प से जुड़ने और देशवासियों को जोड़ने का यह अभियान लगातार विस्तार ले रहा है। शहर से लेकर गांव-गांव तक योजनाओं की जानकारी पहुंच रही है। जिले में कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना के

निर्देशन में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के वर्चुअल कार्यक्रम को कलेक्टोरेट कार्यालय के सभाकक्ष से सीधा प्रसारण किया गया। जिसमें प्रभारी कलेक्टर दिव्या अग्रवाल, सयुक्त कलेक्टर बालेश्वर राम, जिला पंचायत नोडल अधिकारी बी.पी.भारद्वाज, मुख्य जिला चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ सूरज सिंह राठौर, डीपीएम अर्चना तिवारी, खाद्य विभाग से विनय कुजूर, आशीष पटेल भू-अभिलेख अधीक्षक सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। इसके अलावा प्रधानमंत्री के संकल्प यात्रा कार्यक्रम को वर्चुअल माध्यम से शहर से लेकर गांव तक सुना गया।

न्यूज गैलरी

योजनाओं का हितग्राहियों को दिलाएं लाभ: सीईओ

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। जिला पंचायत सीईओ कुमार बिश्वरंजन ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय सीमा की बैठक ली। सीईओ ने बैठक में विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान विभागों द्वारा दिए जा रहे सुविधाओं, कार्यों के बारे में अधिकारियों से जानकारी ली। उन्होंने कहा कि सभी विभाग द्वारा योजना के अंतर्गत जितना लाभ प्रत्येक नागरिक को दिया जा सकता है, वो सब उन्हें प्रदान करें। इसके लिए किसी गांव में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा के पूर्व आवश्यक तैयारियां जैसे किसी योजना का प्रारंभिक कार्य आवेदन भरना या टीबी, कुष्ठ, एनीमिया बीमारियों का प्रारंभिक परीक्षण आदि को पूर्ण कर सकते हैं और उस गांव के यात्रा दिवस में हितग्राही को सुविधा, दवा, इलाज, आयुष्मान कार्ड निर्माण, आधार नया कार्ड और आधार अपडेशन आदि प्रदान करें। सीईओ ने कहा कि केन्द्र सरकार की योजनाओं को प्राथमिकता देकर कार्य करें। उन्होंने अधिकारियों से पीएम विश्वकर्मा योजना के संबंध में जानकारी ली और जिले के सभी अधिकारियों को लक्ष्य निर्धारित कर पूरा करने के लिए निर्देशित किया। इसके साथ ही सभी राजस्व अधिकारियों को कहा कि जिले में राजस्व कार्य-सीमांकन, बटांकन, नामांतरण आदि निरंतर करते रहें।बैठक के अंत में जिला पंचायत सीईओ ने सभी अधिकारियों को जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में केन्द्र की योजनाओं को लोगों तक पहुंचाएं। बैठक में अपर कलेक्टर संजय कन्नौजे, एसडीएम,डिप्टी कलेक्टर सहित विभाग अधिकारी उपस्थित थे।

कुम्हाररास में विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। केन्द्र सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं से सभी हितग्राहियों को लाभान्वित करने के उद्देश्य से शुरू की गयी। विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन जिले के ब्लॉक दंतेवाड़ा के ग्राम कुम्हाररास में किया गया था। रामु नेताम जिला पंचायत सदस्य सुनीता भास्कर जनपद अध्यक्ष जयदयाल नागेश की उपस्थिति में हितग्राहियों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को जानकारी देने के साथ-साथ उन्हें लाभान्वित भी किया गया। शिविर में आयुर्वेद विभाग राजस्व खाद्य, कृषि स्वास्थ्य, पशुधन विकास महिला बाल विकास विभागों तथा सहकारी बैंक भारतीय स्टेट बैंक के द्वारा स्टॉल लगाकर ग्रामीणों को योजनाओं के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी गयी साथ ही उन्हें लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया गया। संकल्प यात्रा स्थल में छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों प्रस्तुति दी गये। साथ ही ग्रामीणों द्वारा प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मंशानुरूप विकसित भारत बनाने के लिए शपथ भी लिया गया। इस मौके में सरपंच सचिव सहित ग्रामीण महिला पुरुष एवम अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

जब्त खाद की नीलामी 4 जनवरी को

बेमेतरा/नवप्रदेश। कलेक्टर पीएस एल्मा के द्वारा पारित आदेश के 3अप्रैल 2023 के परिपालन में सेवा सहकारी समिति खण्डसरा, चंदनू एवं उमरिया से जब्त की गई अवैध खाद (झाइम) सामग्री की ऑफसेट दर का निर्धारण उक्त सामग्री के निर्माण एवं अवसान तिथि के आधार पर समिति के द्वारा किया गया है। साथ ही जब्त एनपीके खाद की ऑफसेट रेट का निर्धारण अधिसूचित प्रयोगशाला से प्राप्त विश्लेषण परिणाम के आधार पर किया गया है। खाद सामग्री (झाइम एवं एनपीके) की दर निर्धारण समिति द्वारा निर्धारित ऑफसेट दर के आधार पर दिनांक 4 जनवरी 2024 को दोपहर 12 बजे सेवा सहकारी समिति चंदनू में नीलामी आमंत्रित की जाती है।

सीईओ ने ली विशेष पिछड़ी जनजाति के समाज प्रमुखों की ली बैठक

कोरबा/नवप्रदेश। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री विश्वदीप ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आज विशेष पिछड़ी जनजाति के समाज प्रमुखों की बैठक लेकर उन्हें पीएम जनमन योजना के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा एवं बिरहोर जनजाति समाज के प्रमुख परंपरागत बैगा, गुनिया आदि को योजनांतर्गत मिलने वाले विभिन्न लाभ आवास, पानी, बिजली, सड़क, बहुउद्देशीय केंद्र, आंगनबाड़ी केंद्र, स्वास्थ्य केंद्र, कौशल विकास प्रशिक्षण केंद्र वन धन विकास केंद्र आदि के विषय में विस्तार से बताया। श्री विश्वदीप ने विशेष पिछड़ी जनजाति के सभी सदस्यों के जाति प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, जन धन खाते, वन अधिकार पत्र जैसे दस्तावेजों को स्वतः जागरूक होकर बनवाने एवं अपने समाज के सभी सदस्यों को प्रत्येक विकासखंड में महासम्मेलन का आयोजन कर जागरूक करने के लिए प्रेरित किया।

वीर बाल दिवस मनाने का उद्देश्य बच्चों को दृढ़ निश्चयी और साहसी बनने की प्रेरणा देना : साहू

बेमेतरा/नवप्रदेश। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा जिला स्तरीय वीर बाल दिवस का आयोजन स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय बेमेतरा में किया गया। उक्त आयोजन के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप मे उपस्थित विधायक दीपेश साहू ने बलिदानी बाल वीर बाबा जोरावर सिंह एवं बाबा फतेह सिंह के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। वीर बाल दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य बच्चों को दृढ़ निश्चयी और साहसी बनने की प्रेरणा देना है, बच्चें अपने स्वास्थ्य एवं शिक्षा के प्रति वीरता दिखाएँ एवं अपने लक्ष्य को प्राप्त करें, लक्ष्य की ओर बढ़ते हुए कभी अपना विश्वास कमजोर न होने दें। उन्होंने यह भी कहा कि वो भी एक शिक्षक थे और वो जानते हैं ऐसे आयोजनों से बच्चों को कितनी प्रेरणा मिलती है। इस अवसर पर ज्ञानोदय पब्लिक स्कूल से निष्ठा पांडेय, श्रेजल सचदेव, पोषण सोनी, हेमंत सोनी ने संगीत शिक्षक सतनाम सिंह के निर्देशन में गुरुवाणी कीर्तन की संगीतमय प्रस्तुति दी। पूनम सलूजा के मार्गदर्शन में मनमीत कौर, बक्शीष कौर और अर्शदीप सिंह ने बाल वीरों की वेषभूषा में शहादत पर कविता पाठ किया। सेजस अंग्रेजी माध्यम की छात्रा बलमीत कौर ने इस दिवस के इतिहास एवं महत्व पर अपना भाषण प्रस्तुत किया। आयोजन में शिक्षिका निमिषा कौर ने दशमेश गुरु गोविंद सिंह के पुत्रों की शहादत के इतिहास को ऑडियो विजुअल रूप मे प्रस्तुतीकरण किया। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता सुनील कुमार झा एवं निमिषा कौर ने किया। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद कुमार मिश्रा, नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष विजय सिन्हा, हर्षवर्धन तिवारी, नीतू कोठारी, सुनील तिवारी, ओंकार साहू, प्राचार्य कविता बाचपेयी, प्रधानाध्यापक रामेश्वर बंजारे, सहायक विकासखंड अधिकारी गजानंद ठाकुर सहित विभिन्न विद्यालय के शिक्षक, विद्यार्थीगण एवं नागरिक उपस्थित थे।

डा. बलदेव प्रसाद मिश्र स्कूल में मनाया वीर बाल दिवस

राजनांदगांव/नवप्रदेश। सिखों के दसवें गुरु, गुरु गोविंद सिंह के साहबजादों बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह की शहादत को नमन करते हुए, जिला स्तरीय वीर बाल दिवस का सफल आयोजन डॉ. बलदेव प्रसाद मिश्र उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बसंतपुर, राजनांदगांव में आयोजित किया गया। विभिन्न विकासखंडों से आए हुए छात्र और छात्रा प्रतिभागी के रूप में इस कार्यक्रम में शामिल हुए, जिसमें भाषण, निबंध, पोस्टर, प्रदर्शनी, स्किट प्रतियोगिता गतिविधियों में विभिन्न विधाओं का सफल आयोजन किया गया। प्रत्येक विधाओं के लिए निर्णायक समूह का गठन किया गया था और इन निर्णायक समूह के द्वारा दिए गए निर्णय उपरांत प्रतियोगिता में सफल प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में खूबचंद पारख-पूर्व उपाध्यक्ष 20 सूत्रीय क्रियान्वन, राजेंद्र गोलछा-समाजसेवी एवं जनप्रतिनिधि, नगर निगम राजनांदगांव में नेता प्रतिपक्ष किशन यदु, आशीष डोंगरे, शिव वर्मा, चितलांगिया उपस्थित हुए।

पलारी में मनाया गया सुशासन दिवस

बलौदाबाजार-भाटापारा/नवप्रदेश। भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व.अटल बिहारी बाजपेयी की जयंती सुशासन दिवस के रूप में नगर पंचायत पलारी में मनाया गया। इस दौरान स्वच्छता सप्ताह की शुरुआत की गई। नगर पंचायत अध्यक्ष यशवर्धन मोनू वर्मा ने नगर पंचायत स्थित संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ भीम राव अम्बेडकर चौक पर साफ सफाई कर नगर वासियों से आग्रह किया कि हमें अपने आस पास को स्वच्छ रखना चाहिए। नियमित रूप से रोज नगर पंचायत में राष्ट्रगान एवं राजकीय गीत गाएं। नगर पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि सप्ताह भर नगर के विभिन्न वार्डों के चौक चौराहों पर सफाई अभियान चलाया जाएगा। इसी कड़ी में नगर पंचायत कार्यालय में सुशासन दिवस कार्यक्रम आयोजित कर अटल जी के छाया चित्र पर माल्यार्पण कर, दीप प्रज्वलित कर श्रद्धांजलि अर्पित किए, जिसमें नगर के सामाजिक, धार्मिक संगठन एवं किसान समिति तथा नगर वासी नगर पंचायत के सीएमओ, पार्षद गण ताजेन्द्र कनौजे, श्रीमति टुकेश्वरी वर्मा, डा.जाल, संतोष देवांगन, पुष्पा मोहन बंजारे, हरीश गेंडरे, एल्डर मेन शेरखान,पार्षद प्रतिनिधि भूषण ठेठवार, पार्षद प्रतिनिधि मोहन बंजारे, किसान समिति से धनेश वर्मा,उमाशंकर, बहुरा साहू, कन्हैया साहू, कोमल टंडन, टीका राम, ललित गायकवाड, कुमार वर्मा, मिलऊ, गैंदलाल,सहित सभी विभाग के कर्मचारी एवं महिला सफाई कर्मी एवं नगर वासी उपस्थित थे।

रेवे में विकसित भारत संकल्प यात्रा रथ का स्वागत

बेमेतरा/नवप्रदेश। केन्द्र सरकार द्वारा शुरू की गयी विकसित भारत संकल्प यात्रा बेमेतरा के विभिन्न विकासखंडों के विभिन्न ग्रामों में पहुँच रही है। इसी कड़ी में आज 27 दिसंबर को बेरला विकासखंड के ग्राम रेवे में विकसित भारत संकल्प यात्रा का रथ पहुंचा। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक अवधेश सिंह चंदेल उपस्थित रहें, साथ ही जिला पंचायत सदस्य राहुल टिकरिया, मंडल अध्यक्ष बलराम पटेल व अन्य अतिथि व भारी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे। उपस्थित अतिथियों के द्वारा विकसित भारत संकल्प यात्रा रथ का फूल मालाओं के साथ स्वागत अभिनंदन किया गया। उक्त कार्यक्रम के दौरान माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का संदेश वीडियो के माध्यम से सभी उपस्थित ग्रामीण जनों तक पहुँचाया गया। उपस्थित ग्रामीण जनों ने भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया व केन्द्र सरकार की विभिन्न जन हितकारी योजनाओं के बारे में जानने के साथ ही लाभ भी उठाया।विकसित भारत संकल्प यात्रा का संकल्प व स्वच्छता का शपथ भी सभी अतिथियों व उपस्थित आम जनों के द्वारा लिया गया।कार्यक्रम के दौरान स्कूली बच्चों के द्वारा मनमोहक नृत्य भी प्रस्तुत किया गया। जिन्हें अतिथियों के द्वारा सम्मानित भी किया गया। विभिन्न विभागों के द्वारा संचालित योजनाओं के लाभांवितों को प्रमाण पत्र भी मुख्य अतिथि अवधेश चंदेल द्वारा प्रदान किया गया। जिनमें प्रमुख रूप से महिला बाल विकास विभाग की ओर से 4 लाभांवितों को सुपोषण किट प्रदान किया गया। इसी प्रकार राजस्व विभाग की ओर से 20 लाभांवितों को बी 1 नक्शा खसरा प्रदान किया गया।

सामाजिक संस्थाओं का आयोग गठन एक अभिनव सोच

रायपुर/नवप्रदेश। समाजसेवा के कार्य में जुटे छत्तीसगढ़ के सामाजिक संगठनों ने महाराष्ट्र मंडल के 'सामाजिक संस्थाओं के आयोग गठन' के प्रस्ताव को अभिनव पहल बताया। समाज प्रमुखों ने कहा कि जनगणना, स्वास्थ्य शिविर, महिला समूह के लिए संचालित योजनाओं और समाजसेवा के विभिन्न कार्यक्रमों का लाभ हर जरूरतमंद तक पहुंचेगा। मधु फाउंडेशन की डायरेक्टर स्मिता पांडे ने कहा कि यह एक अच्छी पहल है। सामाजिक संस्थाओं का आयोग बनेगा, तो इसमें समाजसेवा से जुड़े एनजीओ को भी महत्व मिलेगा। कई एनजीओ के पास अच्छी टीम नहीं होती, तो कुछ के पास फंड की कमी होती है, तो वे चाहकर भी अच्छा काम नहीं कर पाते। ऐसे में आयोग गठन होने से सामाजिक संस्थाओं और एनजीओ को शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन का हिस्सा बनने के मौका मिलेगा। छत्तीसगढ़ प्रगतिशील यादव महासंघ के महासचिव निरंजन सिंह यादव ने कहा कि यह बेहतरीन पहल है। आज कई समाज ऐसे हैं, जिनके विकास के लिए हम सभी को एक होना होगा। एकजुटता के कारण समाज में कई बदलाव आएंगे। आयोग गठन होने से शासन की योजनाओं को समाज के माध्यम से उचित परिणाम मिलेगा। योजनाओं का लाभ सभी को और समाज के अंतिम जरूरतमंद व्यक्ति तक पहुंचेगा।

बीएसएनएल महाप्रबंधक बेमेतरा दौरे पर प्रतिनिधियों ने की भेंट

बेमेतरा/नवप्रदेश। बीएसएनएल रायपुर महाप्रबंधक टीके मरकाम का बेमेतरा बीएसएनएल कार्यालय में आगमन हुआ। जिनसे भेंट करने वालों में प्रमुख रूप से प्रफुल्ल शर्मा दूरसंचार सलाहकार समिति सदस्य, अनिल माहेश्वरी सांसद प्रतिनिधि, नीतू कोठारी पार्षद नगर पालिका बेमेतरा, सतीश कसार पूर्व बीएसएनएल डीलर, आशीष दानी, सूर्यकांत ठाकुर और दीपक पाण्डेय शामिल रहें। महाप्रबंधक के साथ एक संक्षिप्त बैठक की गई। बैठक के दौरान टीके मरकाम महाप्रबंधक ने बताया कि हमारी कंपनी पूरी कोशिश में लगी हैं कि जल्द से जल्द 4g सेवा बेमेतरा परिक्षेत्र में चालू हो, जिससे बीएसएनएल उपभोक्ता को हाई स्पीड नेट सेवा का लाभ शीघ्रतिशीघ्र मिल सकें। आगे बताया कि हम गत वर्ष की तुलना में वर्तमान वर्ष में हमने 10 प्रतिशत की वृद्धि किए हैं।

पलायन रोकने और पलायन करे लोगों का रिकार्ड संधारित करने बनेगी कमेटी

कवर्धा/नवप्रदेश। जिले के आदिवासी एवं विशेष पिछड़ी जाति बैगा बाहुल्य पंडरिया एंव बोड़ला विकासखण्ड स्तर पर बैगा गांवों से लगातार पलायन की खबरें मिल रही है। शिकायतों को गंभीरता से लिया जा रहा है।

कलेक्टर ने इस मामले में बैगा बाहुल्य गांवों सहित मैदानी गांवों में पंचायत स्तर पर होने वाले पलायन पंजी को संधारित करने के निर्देश दिए। ऐसे गांवों के लिए एसडीएम के अध्यक्षता में श्रम विभाग, महिला एव बाल विकास विभाग के बाल सरंक्षण अधिकारी और स्थानीय स्तर पर शासकीय सेवकों तथा स्थानीय जनप्रतिनिधियों की एक कमेटी बनाने के निर्देश दिया गया। कलेक्टर ने एक सप्ताह के भीतर विस्तृत सर्वे रिपोर्ट अपर कलेक्टर कार्यालय में प्रस्तुत करने के लिए कहा है। कलेक्टर ने जिला पंचायत में ग्रामवार मनरेगा के तहत रोजगार मूलक स्वीकृत कार्यो एवं नए कार्यों की मांग पत्र भी जनपद स्तर से मंगाने के निर्देश दिए। कलेक्टर जनमेजय महोबे ने मंगलवार को कलेक्टोरेट कार्यालय के सभा कक्ष में समय-सीमा की बैठक ली। उन्होंने समय-सीमा में लंबित एक-एक प्रकरणों की विभागवार समीक्षा की और शीघ्रता से सभी लंबित प्रकरणों के निराकरण करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही सड़क, सिचाई परियाजना सहित अन्य निर्माण कार्यो के लंबित भू-अर्जन प्रकरणों को एसडीएम स्तर पर शीघ्रता से निराकरण करने के कहा। बैठक में वर्ष 2024-25 के लिए विकास योजना तैयार करने के लिए जिला योजना सांख्यिकी विभाग के अधिकारी को निर्देश दिए। कलेक्टर ने समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों को शीघ्रता से जानकारी उपलब्ध कराने के लिए भी कहा है।

दर्जन भर गांव पहुंची संकल्प यात्रा

कांकेर/चारामा/नवप्रदेश। विकसित भारत सकल्प यात्रा ब्लाक चारामा के ग्राम काटागांव से प्रारंभ होकर ग्राम परसोदा, बागडोंगरी, कोरतरा में भारत सरकार की योजनाओं का लाभ हितग्राहियों के लिए सभी विभाग प्रमुखों के द्वारा स्टाल लगाए गए मेरी कहानी मेरी जुबानी कार्यक्रम के तहत लाभार्थियों ने केन्द्र सरकार की योजनाओं का स्वागत कर आभार व्यक्त किया।

महिलाओं ने ग्राम समूह के माध्यम से सशक्त हुई है। जिसके लिए भी मोदी सरकार का आभार व्यक्त किया है। सभी ग्रामीणों ने विकसित भारत संकल्प यात्रा में ग्राम के सार्वजनिक स्थल में वृक्षारोपण कर भारत माता की पूजा अर्चना कर शुभारंभ हुआ। इस के मुख्य अतिथि श्रीमती इन्दोतीन भोयर जनपद सदस्य, अध्यक्षता सरपंच सतरूपा डडके ने की। विशिष्ट अतिथि प्रकाश जोतवानी भाजपा मंडल अध्यक्ष चारामा प्रताप सलाम नरोत्तम वैष्णव, दूज राम महावीर, योगेश साहू,माखन कोमरे, पंचगण आदि थे। सभी विभागों के प्रमुख मुख्यकार्यपालन अधिकारी नायब तहसीलदार ने संकल्प रथ का स्वागत पूजन किया। महिला समूह के द्वारा जय बिहान के माध्यम से जैविक खेती का नाट्य मंचन के रूप में कार्यक्रम किया। उसी प्रकार प्रधानमंत्री आवास,स्वच्छता किसान समृद्धि, नल जल भारत सरकार योजना के लाभार्थियों ने सफल योजना के लिए गीत के माध्यम से मोदी सरकार का आभार व्यक्त किया।

बोनस में 9 लाख रुपए मिलने से अनिल गदगद

भाटापारा/नवप्रदेश। सुशासन दिवस के अवसर पर पूरे राज्य के किसानों को वर्ष 2014-15 एवं 2015-16 का बकाया धान बोनस मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रदान किया गया। जिससे किसानों के खाते में राशि जमा होते ही उनके चेहरे में खुशी की लहर छा गई है। मूलतः संजय वार्ड भाटापारा निवासी और ग्राम अमेठी के किसान अनिल कुमार अग्रवाल को बकाया बोनस के रूप में 9 लाख 29 हजार 280 रूपये मिला है। बोनस की राशि मिलते ही बेहद ही प्रसन्नचित है। उन्होंने बताया कि उन्हें वर्ष 2014-15 के 4 लाख 64 हजार रूपए और वर्ष 2015-16 के 4 लाख 64 हजार 640 रूपए की बोनस राशि प्राप्त हुई है। उन्होंने कहा कि वो सपने में भी नहीं सोचा था कि बोनस के रूप में 9 लाख रूपये से अधिक राशि उन्हें मिलेगा। अब जो राशि उन्हें मिली है उसका उपयोग खेती-बाड़ी कार्य को आगे बढ़ाने एवं घर के आवश्यक खर्चों में करेंगे। किसानी अब बेहद ही मुनाफे का कार्य हो गया है।

बाबा जोरावर, बाबा फतेह की शहादत को एसडीवी ने किया नमन

रायपुर/नवप्रदेश। गुरु गोविंद सिंह जी और उनके साहिबजादों के बाबा जोरावर सिंह और बाबा फ़तेह बहादुर सिंह की शहादत को संत ज्ञानेश्वर स्कूल के बच्चों और शिक्षकों ने नमन किया। महाराष्ट्र मंडल के संत ज्ञानेश्वर स्कूल में बुधवार को सिखों के 10वें गुरु गोविंद सिंह जी के परिवार के बलिदान दिवस को नमन किया गया। स्कूल के प्राचार्य मनीष गोवर्धन ने बच्चों को गुरु साहिब के परिवार की शहादत के बारे में बताया। उन्होंने बाबा जोरावर सिंह और बाबा फ़तेह बहादुर सिंह की शहादत को याद करते हुए कहा कि छह वर्ष और आठ वर्ष की अल्प आयु में इन्हें मुगलों द्वारा यातनाएं दी गई। उन्हें डराया और धमकाया गया। इसके बावजूद वे अपने धर्म पर अडिग रहे। अपने धर्म की रक्षा के लिए इन दोनों ने शहादत को स्वीकार किया। यह हमें प्रेरणा देता है कि कैसे हम अपने देश की रक्षा और धर्म के प्रति अडिग रहे। उन्होंने कहा कि सिख समाज का इतिहास ऐसी ही कुर्बानियों से गौरवान्वित बना हुआ है। स्कूल के उप प्राचार्य राहुल वोडितेलवार, पराग दलाल, अमृता ठेके, पीयूष, स्कूल के पालक, बच्चे और शिक्षक उपस्थित थे।

दो साल का बकाया धान बोनस मिलने से जिले के किसानों में हर्ष

राजनांदगांव/नवप्रदेश। शासन द्वारा किसानों को दो साल का बकाया धान बोनस की राशि के वितरण से जिले के किसानों में हर्ष व्याप्त है। राजनांदगांव जिले में वर्ष 2014-15 एवं 2015-16 अंतर्गत 1 लाख 5 हजार 480 किसानों को 300 रूपए प्रति क्विंटल धान की दर से 140 करोड़ 30 लाख 93 हजार रूपए का वितरण किया गया। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा किसानों के हित में लिए गए इस पहल से जिले के किसानों ने खुशी जाहिर की है। राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम मगरलोटा के किसान मुकेश सिंह राजपूत ने बताया कि उन्हें 84 हजार रूपए की राशि मिली है। इसका उपयोग वे कृषि संबंधी कार्य में करेंगे। किसान रामदयाल कंवर ने अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि धान बोनस की इस राशि से किसानों के जीवन में नया बदलाव आएगा। सरकार एकमुश्त राशि देकर तुरंत अपना वादा पूरा कर रही है। उन्होंने पीएम और सीएम साय को शुक्रिया कहा। राजनांदगांव विकाखंड के ग्राम ठेकवा के किसान छानलाल निषाद ने प्रसन्नता जाहिर करते हुए बताया कि उन्हें 6 लाख 7 हजार 40 रूपए धान बोनस की राशि प्राप्त हुए है। किसान हीरूराम को 2 लाख 11 हजार 920 रूपए की राशि प्राप्त हुई। राजनांदगांव विकाखंड के ग्राम ठाकुरटोला के किसान सुरेश साहू ने बताया कि मोदी की गारंटी के तहत उन्हें 2 वर्ष की बकाया बोनस राशि 92 हजार 280 रूपए मिली है। राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम मोखला के किसान परदेशी साहू ने सरकार को धन्यवाद देते हुए कहा कि शासन ने किसानों के हित में निर्णय लेते हुए 3100 रूपए प्रति क्विंटल धान खरीदने का निर्णय लिया है, वह प्रशंसनीय है।

किसानों को मिला बोनस, पूरी होने लगी मोदी की गारंटी

बेमेतरा/नवप्रदेश। पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर 25 दिसंबर सोमवार को सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया। इस दौरान सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ के किसानों को वर्ष 2014-15 एवं 2015-16 में धान बेचने वाले कृषकों के लम्बित बोनस की राशि का आन लाइन भुगतान किया गया। जिले के धान बोनस की राशि जिस पर भाजयुमो सोश्यल मीडिया सह प्रभारी नितेश सोनी ने बताया कि बहुत से किसान बोनस राशि की आस छोड़ चुके थे। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मोदी की गारंटी से किसानों की आस पूरी की। मिली बोनस राशि से किसान बहुत से कार्य करेंगे तो वही नितेश सोनी ने सरकार और मुख्यमंत्री का आभार प्रकट किया।

8 गांवों में पहुंची भारत संकल्प यात्रा

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। केन्द्र सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं से सभी हितग्राहियों को लाभान्वित करने के उद्देश्य से शुरू की गयी विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन जिले के ब्लॉक दंतेवाड़ा के ग्राम चितालंका, कुम्हाररास, गीदम के ग्राम केरलापाल के ग्राम

रोंजे, कुआकोंडा ब्लॉक के ग्राम समलवार और कुटेरम तथा कटेकल्याण के ग्राम जंगमपाल और बड़े गाटम में किया गया था। उपरोक्त शिविर स्थलों में भारत सरकार संयुक्त सचिव श्रीमती यतिंदर प्रसाद की उपस्थिति में हितग्राहियों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को जानकारी देने के साथ-साथ उन्हें लाभान्वित भी किया गया। शिविर में राजस्व खाद्य, कृषि स्वास्थ्य, पशुधन विकास महिला बाल विकास विभागों तथा सहकारी बैंक भारतीय स्टेट बैंक के द्वारा स्टॉल लगाकर ग्रामीणों को योजनाओं के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी गयी साथ ही उन्हे लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया गया।

साउथ अफ्रीका की स्थिति मजबूत

सेंचुरियन। भारत और साउथ अफ्रीका के बीच पहला टेस्ट सेंचुरियन में खेला जा रहा है। तीसरे दिन का खेल शुरू हो चुका है। साउथ अफ्रीका 256/5 के स्कोर से आगे खेलना शुरू किया। टीम ने 85 ओवर के बाद पांच विकेट के नुकसान पर 325 रन बना लिए हैं। साउथ अफ्रीका से डीन एल्गर 171 और मार्को यानसन 39 रन बनाकर क्रीज पर हैं। दोनों के बीच अर्धशतकीय साझेदारी हो चुकी है। इससे पहले, दूसरे दिन भारत 245 रन बनाकर ऑलआउट हुआ। केएल राहुल ने सेंचुरी लगाई, वह 101 रन बनाकर आउट हुए। साउथ अफ्रीका से कगिसो रबाडा ने 5 और नांद्रे बर्गर ने 3 विकेट लिए।

साउथ अफ्रीका के पूर्व कप्तान डीन एल्गर ने सेंचुरी लगाई। उन्होंने टोनी डी जॉर्जी के साथ 93 और डेविड बेडिंघम के साथ 131 रन की पार्टनरशिप की।डीन एल्गर ने 140 बॉल पर अपना 14वां टेस्ट शतक पूरा किया। वह अपने इंटरनेशनल करियर की आखिरी सीरीज खेल रहे हैं, उन्होंने सीरीज से पहले ही रिटायरमेंट का ऐलान कर दिया था। केएल राहुल सेंचुरियन में 2 शतक लगाने वाले पहले विदेशी बने। उन्होंने 2021 में भी इसी मैदान पर सेंचुरी लगाई थी। डीन एल्गर ने करीब 3 साल बाद टेस्ट शतक लगाया। उन्होंने आखिरी शतक जनवरी 2021 में श्रीलंका के खिलाफ बनाया था। जनवरी 2022 में एल्गर ने भारत के खिलाफ नॉटआउट 96 रन बनाकर साउथ अफ्रीका को टेस्ट जिताया था। कगिसो रबाडा 500 इंटरनेशनल विकेट ले चुके हैं। उन्होंने पहली पारी में 5 विकेट लिए, उन्हें पहली बार भारत के खिलाफ 5 विकेट मिले। अब हर दिन 98 ओवर का खेल होगा सुपरस्पोर्ट पार्क स्टेडियम में पहले और दूसरे दिन का खेल बारिश और खराब रोशनी के कारण जल्दी खत्म कर दिया गया। तीसरे से पांचवें दिन तक हर दिन ज्यादा से ज्यादा 98 ओवर का खेल होगा। पहले दिन 59 और दूसरे दिन 75 ओवर का खेल ही हो सका। दोनों दिन मिलाकर करीब 45 ओवर कम फेंके गए, इसलिए उन्हें कवर करने के लिए अब हर दिन 8 ओवर ज्यादा फेंके जाएंगे। मेंस टेस्ट में एक दिन में आम तौर पर 90 ओवर का खेल होता है। दूसरे दिन भारत ने 208/8 के स्कोर से आगे खेलना शुरू किया। केएल राहुल ने 101 रन बनाए और टीम 245 रन बनाकर ऑलआउट हुई। कगिसो रबाडा ने 5 विकेट लिए। साउथ अफ्रीका ने पहली पारी में 5 विकेट पर 256 रन बनाए और 11 रन की बढ़त हासिल की।

टेनिस में टॉम ब्रैडी के नक्शेकदम पर चलना चाहते हैं जोकोविच

नई दिल्ली। अमेरिकी फुटबॉल के दिग्गज टॉम ब्रैडी के नक्शेकदम पर चलने की इच्छा रखने वाले नोवाक जोकोविच ने अपने संन्यास को लेकर बड़ी घोषणा की है। उनका मानना है कि वो भी अपने खेल करियर को 5-6 साल और आगे बढ़ा सकते हैं।टॉम ब्रैडी ने नेशनल फुटबॉल लीग में 23 सीजन का एक शानदार करियर पूरा किया, जिसमें न्यू इंग्लैंड पैट्रियट्स और टाम्पा बे बुकेनियर्स दोनों के साथ सात सुपर बाउल जीत हासिल की।एक शानदार करियर के बाद उन्होंने इस साल की शुरुआत में 45 साल की उम्र में संन्यास लेने की घोषणा की।24 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन जोकोविच इस समय सऊदी अरब के रियाद में हैं। जहां वो कार्लोस अल्कराज के खिलाफ एक प्रदर्शनी मैच की तैयारी कर रहे हैं।जोकोविच ने कहा, टॉम ब्रैडी अपने खेल में एक चैंपियन रहे हैं। वो ऐसे व्यक्ति हैं जिनका करियर बेहद लंबा और शानदार रहा है। उन्होंने अपनी फिटनेस, हेल्थ और हर पहलू में खुद को तैयार रखने के लिए काफी मेहनत की है। ताकि वह एक लंबे समय तक चलने वाला सफल करियर बना सकें।जोकोविच ने कहा, मैं उन्हें व्यक्तिगत रूप से जानता हूं और मैंने उनसे बहुत कुछ सीखा है। उम्मीद है कि मेरा करियर 40 तक या शायद उससे भी आगे हो सकता है। मेरा शरीर साथ दे रहा है और फिलहाल मेरी फॉर्म भी अच्छी है।

महिला क्रिकेट में टेस्ट मैचों की संख्या बढ़नी चाहिए : हॉकले

मेलबर्न। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के सीईओ निक हॉकले ने खुलासा किया है कि वह भविष्य में अधिक महिला टेस्ट मैचों के समर्थक हैं। उन्होंने कहा कि उनके मन में भविष्य में तीन मैचों की महिला टेस्ट श्रृंखला के बारे में भी विचार है। हॉकले का यह बयान तब आया है जब ऑस्ट्रेलिया ने 40 साल के अंतराल के बाद इस महीने की शुरुआत में भारत में एकमात्र टेस्ट खेला था जिसमें हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली मेजबान टीम वानखेड़े स्टेडियम में चार दिवसीय मैच में आठ विकेट से विजयी हुई थी। इसके अलावा, ऑस्ट्रेलिया की कप्तान एलिसा हीली ने भी अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अधिक रेड-बॉल क्रिकेट खेलने की इच्छा व्यक्त की।

एसईएन रेडियो पर हॉकले ने कहा, मैं सभी प्रारूप श्रृंखलाओं का प्रबल समर्थक रहा हूं। मुझे खुशी है कि हमें दक्षिण अफ्रीका के साथ कम समय में तीन सीरीज मिली। जाहिर तौर पर अगली ऑस्ट्रेलियाई गर्मियों में एशेज की वापसी होगी। मैं अधिक टेस्ट क्रिकेट खेलने का समर्थक हूं। मुझे लगता है कि एक बहु-प्रारूप श्रृंखला के हिस्से के रूप में यह इसे बहुत अच्छा संदर्भ देता है।

महिला टेस्ट क्रिकेट आमतौर पर सफेद गेंद के खेल सहित बहु-प्रारूप श्रृंखला का हिस्सा रहा है। हालांकि, एकमात्र टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया पर भारत की जीत एक बड़ा क्षण था।ऑस्ट्रेलिया को अगला महिला टेस्ट फरवरी 2024 के मध्य में पर्थ के डब्ल्यूएसीए में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेलना है।भारत में टेस्ट मैच देखना बहुत अच्छा था। एक अच्छी प्रतियोगिता जहां आप देख सकते हैं कि दोनों पक्षों ने एक दूसरे को कड़ी टक्कर दी।हॉकले ने कहा, हम बहु-प्रारूप के हिस्से के रूप में अधिक टेस्ट क्रिकेट की वकालत करते रहेंगे और हो सकता है कि भविष्य में हम तीन टेस्ट मैचों की एक प्रमुख श्रृंखला के बारे में अपनी बात रखें।

आईएसएल में ओडिशा एफसी ने पंजाब एफसी को 1-0 से हराया

नई दिल्ली। ओडिशा एफसी ने इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) मुकाबले में पंजाब एफसी 1-0 से हराया। मंगलवार रात यहां के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में खेले गये मुकाबले में रॉय कृष्णा ने 21वें मिनट में किये गये गोल की बदौलत ओडिशा एफसी ने पंजाब एफसी को 1-0 से हरा दिया। हालांकि मैच के दौरान दोनों टीमों के पास गोल करने के कई मौके आये लेकिन वे उसे भुना नहीं सकी।मैच बाद तालिका में पंजाब एफसी 12 मैचों में एक जीत और पांच ड्रॉ के साथ आठ अंकों के साथ 11वें स्थान पर है। ओडिशा एफसी का अगला मुकाबला 29 दिसंबर को जमशेदपुर एफसी से है।

आईओए ने निलंबित डब्ल्यूएफआई के मामलों की निगरानी के लिए 3 सदस्यीय समिति बनाई

नई दिल्ली। भारतीय कुश्ती महासंघ के नवनिर्वाचित प्रशासन के निलंबन के बाद, भारतीय ओलंपिक संघ ने तीन सदस्यीय तदर्थ समिति का गठन किया, जिसे डब्ल्यूएफआई के दिन-प्रतिदिन संचालन की देखरेख का काम सौंपा गया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, समिति की अध्यक्षता भूपिंदर सिंह बाजवा करेंगे, जो वुशू एसोसिएशन ऑफ इंडिया में अध्यक्ष पद पर हैं। अन्य दो सदस्यों में हॉकी के ओलंपियन एमएम सोमाया और पूर्व अंतरराष्ट्रीय बैडमिंटन खिलाड़ी मंजूषा कंवर शामिल हैं। खेल मंत्रालय ने चुनाव के तीन दिन बाद अंडर15 और अंडर20 राष्ट्रीय प्रतियोगिता के आयोजन की घोषणा पर संजय सिंह के नेतृत्व वाली नई डब्ल्यूएफआई संस्था को निलंबित कर दिया और आईओए से भारतीय कुश्ती महासंघ के संचालन की निगरानी के लिए एक अस्थायी पैनल स्थापित करने के लिए कहा था। 21 दिसंबर को, जिस दिन सिंह ने डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष की भूमिका संभाली, उन्होंने घोषणा की कि अंडर-15 और अंडर-20 श्रेणियों में कुश्ती के लिए राष्ट्रीय ट्रायल इस वर्ष के समापन से पहले उत्तर प्रदेश के गोंडा में आयोजित किए जाएंगे।

आईपीएस अधिकारी बनकर कई लक्जरी होटलों और क्रिकेटर पंत को भी ठगा

नई दिल्ली। हरियाणा के लिए अंडर-19 क्रिकेट खेल चुके और इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में मुंबई इंडियंस का प्रतिनिधित्व करने का दावा करने वाले एक युवक को यहां ताज पैलेस होटल से कथित तौर जुलाई 2022 में 5 लाख रुपये की धोखाधड़ी करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। दिल्ली पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

आरोपी की पहचान हरियाणा के फरीदाबाद के रहने वाले 25 वर्षीय मृणांक सिंह के रूप में की गई और उसके धोखाधड़ी के शिकार लोगों में क्रिकेटर ऋषभ पंत के साथ-साथ भारतभर के कई लक्जरी होटल के मालिक और प्रबंधक शामिल हैं, जिन्हें उसने खुद को कर्नाटक के एक वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी के रूप में पेश करके धोखा दिया था।

उसकी गिरफ्तारी पिछले अगस्त में ताज पैलेस होटल के सुरक्षा निदेशक की चाणक्यपुरी पुलिस स्टेशन में एक शिकायत के बाद हुई है, जिसमें आरोप लगाया गया था कि सिंह, जिसने खुद को एक क्रिकेटर के रूप में पेश किया था, 22-29 जुलाई, 2022 तक होटल में रुका था, उसने 5,53,362 रुपये के बिल का चुकाए बिना और बिना बताए होटल छोड़ दिया। पेमेंट के बारे में पूछे जाने पर उसने कहा कि यह काम उसकी कंपनी एडिडास करेगी। पुलिस उपायुक्त, नई दिल्ली, रविकांत कुमार ने कहा, होटल के बैंक स्टेटमेंट उसके साथ साझा किए गए। उसने दो लाख रुपये के ऑनलाइन लेनदेन का यूटीआर नंबर भी साझा किया। तुरंत, होटल के सिस्टम में इसकी जांच की गई और पाया गया कि उसने कोई भुगतान नहीं किया था।

उन्होंने कहा, इसके बाद भुगतान के लिए सिंह और उसके प्रबंधक गगन सिंह से उनके मोबाइल पर संपर्क किया गया और सिंह ने कहा कि वह बकाया राशि का भुगतान करने के लिए अपने ड्राइवर को नकदी के साथ भेजेगा, लेकिन किसी को होटल नहीं भेजा। भुगतान के लिए उससे कई बार संपर्क किया गया। लेकिन हर बार उसने झूठे वादे किए और हमेशा गलत जानकारी दी।जांच के दौरान धारा 41ए सीआरपीसी के तहत नोटिस दिया गया।

बिजनेस

सस्ता होगा सोना, केंद्र ने उठाया बड़ा कदम

नई दिल्ली। बढ़ती महंगाई के बीच आम आदमी को जल्द राहत मिलेगी। सूत्रों के अनुसार देश में सोने के आभूषणों की कीमतों में कमी आने वाली है। इसे लेकर केंद्र की मोदी सरकार ने अहम कदम उठाया है। केंद्र सरकार ने संयुक्त अरब अमीरात से भारी मात्रा में सोना इंपोर्ट करने की अनुमति दे दी है। अब फ्री ट्रेड एग्रीमेंट के तहत रियायती शुल्क पर दुबई से गोल्ड आयात होगा। सरकार ने आरबीआई की ओर से अधिकृत ज्वैलर्स बैंकों को यूएसई से गोल्ड इंपोर्ट करने की मंजूरी दी है।

भारत में 2023-24 में 140 टन सोना इंपोर्ट करने के लिए एक फीसदी शुल्क लाभ देने का फैसला लिया है। इस संबंध में बीते दिनों रेवेन्यू डिपार्टमेंट ने नोटिफिकेशन जारी कर कहा कि ट्रैरिफ रेट कोटा का लाभ उठाने के लिए पात्रता मानदंड निर्धारित किए हैं।

व्यापार समझौते के तहत यूएई ने टैरिफ रेट कोटा के बदले भारत को गोल्ड ज्वैलरी के एक्सपोर्ट में तत्काल जीरो ड्यूटी मार्केट एक्सेस देना का ऑफर किया है, जोकि पहले इंपोर्ट ड्यूटी 5 प्रतिशत थी। 2022-23 में 110 टन और साल 2023-24 में 140 टन सोना का आयात तय है। सोने के इंपोर्ट को धीरे-धीरे बढ़ाकर अगले 5 साल में 200 टन किया जाएगा। ट्रेड एक्सपर्ट का कहना है कि अब इंडियन इंपोर्टर 15 फीसदी के बजाए 14 फीसदी टैक्स देकर यूएई से सोना का आयात कर सकते हैं।

शाहिद कपूर, पूजा हेगड़े स्टारर फिल्म देवा का पहला शेड्यूल मुंबई में पूरा

शाहिद कपूर और पूजा हेगड़े स्टारर अपकमिंग फिल्म देवा ने मुंबई में अपना पहला शेड्यूल पूरा कर लिया है। यह फिल्म एक एक्शन थ्रिलर है, जिसका निर्देशन रोशन एंड्रयूज ने किया है। मुंबई में फिल्माई गई देवा के लिए शूटिंग अक्टूबर 2023 में शुरू हुई थी।

निर्माताओं ने फिल्म के पहले शेड्यूल के पूरा होने की पुष्टि करने के लिए सोशल मीडिया का सहारा लिया। फिल्म का निर्माण रॉय कपूर फिल्म्स और ज़ी स्टूडियोज के सिद्धार्थ रॉय कपूर ने किया है। इससे पहले, थप्पड़, मेड इन हेवन और दोबारा फेम अभिनेता पावेल गुलाटी देवा के कलाकारों में शामिल हुए थे। यह फिल्म एक विद्रोही पुलिस की मनोरंजक कहानी को उजागर करने के लिए तैयार है।इसके बारे में बात करते हुए, पावेल ने एक बयान में कहाः मैं इस शानदार यात्रा को शुरू करने के लिए अविश्वसनीय रूप से उत्साहित हूं। शाहिद कपूर और अद्भुत निर्देशक रोशन एंड्रयूज जैसी असाधारण प्रतिभाओं के साथ सहयोग करने के लिए बिल्कुल रोमांचित हूं।अभिनेता ने आगे कहा, यह अवसर न केवल मेरे लिए एक महत्वपूर्ण है, बल्कि एक चुनौती भी है, जिसका मैं तहे दिल से स्वागत करता हूं और अपनाने के लिए उत्सुक हूं। यह मजेदार होने वाला है। देवा दशहरा के अवसर पर 11 अक्टूबर 2024 को रिलीज होने वाली है।

जोमैटो को झटका, जीएसटी बकाया का 400 करोड़ रुपये का नोटिस मिलने के बाद शेयर गिरा

नई दिल्ली। जोमैटो को डिलीवरी चार्जेज के रूप में जुटाए गए पैसे पर जीएसटी अधिकारियों से 400 करोड़ रुपए का कारण बताओ नोटिस मिलने के बाद गुरुवार सुबह ज़ोमैटो के शेयर में 4 प्रतिशत से अधिक की गिरावट आ गई। जीएसटी इंटेलिजेंस महानिदेशालय (डीजीजीआई) ने पिछले महीने ज़ोमैटो और उसके प्रतिद्वंद्वी स्विगी को एक डिमांड नोटिस जारी किया था, जिसमें उन्हें क्रमशः 400 करोड़ रुपए और 350 करोड़ रुपए से अधिक का पेंडिंग बकाया भुगतान करने के लिए कहा गया था। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, जोमैटो को कारण बताओ नोटिस 29 अक्टूबर, 2019 से 31 मार्च, 2022 के बीच की अवधि के लिए है। जोमैटो ने कहा कि वो कर का भुगतान करने के लिए उत्तरदायी नहीं है क्योंकि डिलीवरी चार्जेज डिलीवरी पार्टनर्स की ओर से कंपनी द्वारा एकत्र किया जाता है। एक नियामक फाइलिंग में, ज़ोमैटो ने कहा कि नियमों और शर्तों के मद्देनजर, डिलीवरी पार्टनर्स ने कस्टमर्स को डिलीवरी सेवाएं प्रदान की हैं।

एचटेक ने ऑनर इकोसिस्टम के विस्तार के लिए कसी कमर

नई दिल्ली। एचटेक देश में ऑनर के पोर्टफोलियो के विस्तार के साथ नए स्मार्ट उपकरणों में विभिन्न आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस ऑफ थिंग्स (एआईओटी) उत्पादों को शामिल करने के लिए पूरी तरह तैयार है। पहला उत्पाद ऑनर चॉइस ईयरबड्स एक्स 5 होगा, जिसे अगले साल की शुरुआत में लॉन्च किया जाएगा। अपनी मुख्य दक्षताओं का लाभ उठाते हुए ऑनर सक्रिय रूप से क्रॉस-फंक्शनल सहयोग को बढ़ावा दे रहा है। वहीं, उपयोगकर्ता-केंद्रित डिजाइन को प्राथमिकता देते हुए उत्पादों की स्केलेबिलिटी और भविष्य-प्रूफिंग के लिए डिजाइन कर उपभोक्ताओं की जरूरतों को पूरा कर रहा है। इस बात पर विचार करते हुए कि आपके आईओटी उत्पाद एक सहज और एकीकृत पारिस्थितिकी तंत्र बनाने के लिए एक साथ कैसे काम कर सकते हैं, ऑनर ने कहा कि यह मोबाइल फोन से परे प्रोडक्ट पोर्टफोलियो में विविधता लाने के लिए इसे सुनने योग्य, पहनने योग्य और अन्य आईओटी उपकरणों की एक सीरीज पेश कर अपने उपयोगकर्ताओं के लिए अनुभव को बढ़ाएगा। कंपनी ने कहा, हम समझते हैं कि भारत में आईओटी बाजार प्रतिस्पर्धी है और उपभोक्ता कनेक्टेड डिवाइसों में अत्याधुनिक तकनीक और विश्वसनीयता की उम्मीद करते हैं। ऑनर अपने उत्पादों में उनकी गुणवत्ता और नवीनता पर फोकस रखता है। जैसे-जैसे प्रोडक्ट पोर्टफोलियो का विस्तार हो रहा है, एचटेक भी भारत को एक विनिर्माण केंद्र बनाने के सरकार के दृष्टिकोण के साथ जुड़ा हुआ है और बड़े पैमाने पर स्थानीय व्यवसायों और समुदायों को सशक्त बनाने के लिए आने वाले वर्ष में ऑनर उत्पादों का निर्माण शुरू करने की योजना बना रहा है।

शाहरुख खान की डंकी का गाना मैं तेरा रास्ता देखूंगा

पठान और जवान के बाद शाहरुख खान की इस साल की तीसरी बहुप्रतीक्षित फिल्म डंकी सिनेमाघरों में दस्तक दे चुकी है।किंग खान के प्रशंसकों के बीच फिल्म का खुमार दर्शकों के सिर चढ़कर बोल रहा है। यही वजह है कि यह शुरुआत से बॉक्स ऑफिस पर खूब नोट छाप रही है।डंकी की सफलता के बीच अब निर्माताओं ने फिल्म का नया गाना मैं तेरा रास्ता देखूंगा जारी कर दिया है, जिसके खूबसूरत बोल अमिताभ भट्टाचार्य ने लिखे हैं। डंकी के नए गाने मैं तेरा रास्ता देखूंगा को शादाब फरीदी और अल्तमश फरीदी ने मिलकर गाया है।रेड चिलीज एंटरटेनमेंट ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर गाना साझा करते हुए लिखा, दोस्ती, सपनों और प्यार की इस यात्रा में... दिल टूटने से हार्डी (शाहरुख) और मनु (तापसी पन्नू) के लिए एक नया अध्याय खुलता है।डंकी में शाहरुख की जोड़ी पहली बार तापसी पन्नू के साथ बनी है।विक्की कौशल और बोमन ईरानी भी फिल्म का अहम हिस्सा हैं। डंकी भारतीय बॉक्स ऑफिस पर 140.20 करोड़ रुपये कमा चुकी है। दुनियाभर में भी इसको दर्शकों का खूब प्यार मिल रहा है। इस फिल्म ने 250 करोड़ रुपये से अधिक का कारोबार कर लिया है। फिल्म ने 29.2 करोड़ रुपये के साथ शुरुआत की थी।

खुदरा, सेवा क्षेत्रों को ऋण देने से बैंकों में दोहरे अंक की वृद्धि

मुंबई। वित्तवर्ष 2022-23 में अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों (एससीबी) की समेकित बैलेंस शीट में 12.2 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो खुदरा और सेवा क्षेत्रों को दिए गए ऋण से प्रेरित है, जबकि जमा वृद्धि में भी वृद्धि हुई है, हालांकि यह ऋण वृद्धि से पीछे है। यह जानकारी भारत में बैंकिंग रुझानों पर बुधवार को जारी आरबीआई की नवीनतम रिपोर्ट दी गई। सितंबर 2023 के अंत में एससीबी का जोखिम भारित संपत्ति अनुपात (सीआरएआर) 16.8 प्रतिशत था, जिसमें सभी बैंक समूह नियामक न्यूनतम आवश्यकता और सामान्य इक्विटी टियर 1 (सीईटी1) अनुपात आवश्यकता को पूरा करते थे। 2018-19 में शुरू हुआ बैंकों की संपत्ति की गुणवत्ता में सुधार 2022-23 और ॥1¬2023-24 के दौरान जारी रहा, सितंबर 2023 के अंत में सकल गैर-निष्पादित संपत्ति (जीएनपीए) अनुपात 3.2 प्रतिशत था।रिपोर्ट जो 2022-23 और 2023-24 के दौरान अब तक सहकारी बैंकों और गैर-बैंकिंग वित्तीय संस्थानों सहित बैंकिंग क्षेत्र के प्रदर्शन को प्रस्तुत करती है, यह भी उजागर करती है कि उच्च शुद्ध ब्याज आय और कम प्रावधान ने शुद्ध ब्याज मार्जिन (एनआईएम) और 2022-23 में लाभप्रदता को बढ़ावा दिया है।

शहरी सहकारी बैंकों (यूसीबी) की संयुक्त बैलेंस शीट में 2022-23 में 2.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो ऋण और अग्रिमों से प्रेरित थी और उनके पूंजी बफर और लाभप्रदता में 2022-23 और 2023-24 की पहली तिमाही के दौरान सुधार हुआ। गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) की समेकित बैलेंस शीट में दोहरे अंक की ऋण वृद्धि के कारण 2022-23 में 14.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई। रिपोर्ट में कहा गया है कि 2022-23 और 2023-24 की पहली छमाही में सेक्टर की लाभप्रदता और संपत्ति की गुणवत्ता में भी सुधार हुआ, भले ही सेक्टर नियामक जरूरत से ज्यादा सीआरएआर के साथ अच्छी तरह से पूंजीकृत रहा।

बस्तर में खुलेगा पासपोर्ट आफिस, नहीं लगाना पड़ेगा 400 किमी का चक्कर

बस्तर/नवप्रदेश। लंबे समय की मांग के बाद आखिरकार बस्तरवासियों की बहुप्रतीक्षित पासपोर्ट ऑफिस की मांग अब पूरी होने वाली है। नए साल से जगदलपुर में यह सेवा शुरू हो सकती है। चयनित उप डाकघर में स्ट्रक्चर का काम अंतिम चरण में है और सिर्फ रेनोवेशन का काम ही बाकी रह गया है। जिला प्रशासन के अधिकारियों का कहना है कि जनवरी में इसे पूरा कर लिया जाएगा और इसी महीने से यहां सेवा भी शुरू हो जाएगी। बस्तर में पासपोर्ट ऑफिस खोलने की चर्चा लंबे समय से जारी है, लेकिन इसके खुलने को लेकर हमेशा प्रशासन गोलमोल जवाब देता आया था, लेकिन अब यह तय हो गया है कि जनवरी में इसकी शुरूआत हो जाएगी। जिससे बस्तरवासियों को अब पासपोर्ट बनाने के लिए राजधानी रायपुर 400 से 500 किलोमीटर की दौड़ नहीं लगानी पड़ेगी।

नेटवर्क और भवन निर्माण में लग गए तीन साल

जिला प्रशासन के सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक पिछले 10 साल से पासपोर्ट ऑफिस बस्तर में सिर्फ इसलिए शुरू नहीं हो पाया क्योंकि यहां चल रहे उप डाकघर के लिए दूसरा स्थान नहीं दिया गया। वहीं दूसरा अहम कारण था कि इंटरनेट के लिए जो टावर लगना है उसकी क्लियरेंस उन्हें नहीं मिल पा रही थी। इन दो वजहों से सालों से बस्तरवासियों को सिर्फ उम्मीद ही दी जा रही थी कि पासपोर्ट ऑफिस खुलेगा, लेकिन ऑफिस खोलने की दिशा में कोई ठोस बुनियादी काम ही नहीं हो पाए। यही वजह है कि इतने साल तक बस्तरवासी पासपोर्ट ऑफिस के इंतजार में ही लगे हुए हैं।

एयरटेल और टीसीएस की सर्वे टीम ने काम शुरू कर दिया है। पासपोर्ट ऑफिस के लिए तकनीकी कामों में सबसे अहम भूमिका नेटवर्क की है। इसके लिए यहां एयरटेल की टीम और टीसीएस के तकनीकी विशेषज्ञों ने आकर अपना सर्वे का काम पूरा कर लिया है। नेटवर्क के लिए जो टावर लगाया जाना है उसके लिए भी जगह तय कर ली गई है. एक से दो दिन में काम पूरा हो जाएगा।

तकनीकी विशेषज्ञों ने इसके लिए 14 दिन में काम पूरा कर देने की बात कही है। बस्तर कलेक्टर विजय दयाराम का कहना है कि उप डाकघर की बिल्डिंग को इसके लिए फाइनल कर दिया गया है। सभी तरह के क्लियरेंस भी पासपोर्ट ऑफिस को दे दिए गए हैं। जनवरी में सेवा शुरू हो जाएगी। इसके शुरू होने के लिए अब तक आ रही सारी दिक्कतों को भी दूर कर दिया गया है। इस दिशा में पहले दिन से ही काम चल रहा था। अब इसके पूरे होने का समय आ गया है।

उप डाकघर में चल रही पासपोर्ट ऑफिस बनाने की तैयारी

जगदलपुर शहर के कलेक्ट्रेट में स्थित पोस्ट ऑफिस में पासपोर्ट ऑफिस खोले जाने की तैयारी इन दिनों जोरो पर हैं, क्योंकि यह बिल्डिंग नॉन डिपार्टमेंट की थी, इसलिए जिला प्रशासन ने उनसे अनुमति लेकर इसके लिए क्लियरेंस की रिपोर्ट पासपोर्ट ऑफिस को भेज दी है। ऑफिस के हिसाब से यहां अलग-अलग चेंबर बनाने से लेकर अन्य काम तेजी से शुरू कर दिए गए हैं। वहीं दूसरी तरफ उप डाकघर को शिफ्ट करने का भी काम चालू हो रहा है। इस बुनियादी काम के साथ-साथ बिल्डिंग मरम्मत और रंग रोगन का का काम भी जल्द ही शुरू हो जाएगा।

बाइक से गिरकर महिला की मौत

कोरबा/नवप्रदेश। जिले में सड़क हादसों में विराम लगता नहीं दिख रहा है। एक नई घटना में कटघोरा-पाली के मध्य बाइक पर सवार एक महिला के गले में बंधा गमछा चैन में फंस गया, हादसे में महिला बाइक से नीचे गिरी और उसकी मौत हो गई। महिला अपने बेटे के साथ बाइक पर सवार होकर दूसरे गांव जाने निकली थी।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि बक्साही निवासी संदीप कुमार अपनी मां भागवती विनायक को बाइक क्रमांक सीजी-10-एएल-1454 पर बैठाकर तुमान से अपने गांव लौट रहा था। इसी दौरान यह हादसा हो गया।

मासूम को बचाने वाले दो आरक्षकों को एसपी ने किया सम्मानित

दुर्ग/नवप्रदेश। मुसीबत में फंसी एक महिला व उसके मासूम बच्ची की जान बचाने वाले दो आरक्षकों को दुर्ग एसएसपी ने सम्मानित किया है।

26 दिसंबर को थाना मोहन नगर के आरक्षक तारकेश्वर साहू क्रमांक 1806 एवं आरक्षक सकील खान क्रमांक 48 स्टेशन रोड़ गुरूद्वारा के पास डयूटी में तैनात थे। दोपहर करीबन 3.00 बजे एक महिला अपने डेढ वर्षीय पुत्री को लिये हुए जोर जोर से चिल्ला रहीं थी। इस दौरान डयूटी पर तैनात कर्मचारी आरक्षक द्वारा महिला के पास जाकर पूछा गया क्या हुआ तो महिला बहुत डरी सहमी थी ठीक से बोल नहीं पा रहीं थी उसकी डेढ़ वर्षीय पुत्री ठीक से श्वास नहीं ले पास रहीं थी। घटना की जानकारी देते महिला ने बताई कि बच्ची को दवाई खिलाए तो दवाई को अटक गई है। ये बताते ही आरक्षक तारकेश्वर साहू एवं सकील खान ने विलंब न करते हुए अपनी बाइक से उक्त महिला को उसके डेढ़ वर्षीय पुत्री के साथ बाइक में बैठाकर इलाज हेतु तत्काल यशोदानंदन अस्पताल लेकर गए।

पांच हार्डकोर नक्सलियों का आत्मसमर्पण

बीजापुर/नवप्रदेश। बीजापुर जिले में 5 हार्डकोर नक्सलियों ने बीजापुर पुलिस के समक्ष सरेंडर कर दिया है। यह सभी नक्सली जिले के अलग-अलग इलाकों में हुए 32 बड़े नक्सल वारदातों में शामिल रह चुके हैं। खासकर विधायक विक्रम मंडावी के काफिले पर फायरिंग करने समेत आईईडी ब्लास्ट कर जवानों को नुकसान पहुंचाना और फायरिंग करने के साथ गोपनीय सैनिकों की हत्या करने समेत कई बड़ी वारदातों में शामिल रहे हैं।

पुलिस ने इन पर इनाम भी घोषित कर रखा था, और लंबे समय से इनकी तलाश भी कर रही थी, लेकिन इन नक्सलियों ने अपने बड़े नक्सली लीडरों की प्रताड़ना से तंग आकर और सरकार की पुनर्वास नीति से प्रभावित होकर बीजापुर पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण किया। सरेंडर करने वाले नक्सलियों में गंगालूर और भैरमगढ़ एरिया कमेटी के मिलिशिया कमांडर समेत डिप्टी कमांडर, मिलिशिया सदस्य और जीआरडी के सदस्य शामिल हैं। इनके नाम पायकु हेमला, गुड्डू ताती, सन्नी ताती, संतु पोटाम और सोनारु पोटाम है। वहीं आत्मसमर्पण करने वाले इन नक्सलियों को बीजापुर पुलिस ने पुनर्वास नीति के तहत 25 - 25 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि दी है। जल्द ही पुनर्वास नीति के तहत सरेंडर नक्सलियों को मिलने वाली सरकार की अन्य सुविधा का लाभ भी देने की बात कही है।

बड़े नक्सली लीडरों के साथ कर चुके हैं काम

बीजापुर एसपी आंजनेय वार्ष्णेय ने बताया कि सरेंडर करने वाले सभी नक्सली लंबे समय से माओवादी संगठन में सक्रिय थे और कई बड़ी नक्सली वारदातों में शामिल रहे हैं। इन नक्सलियों में पायकु हेमला, गुड्डू ताती,सन्नू ताती और सुमारू पोटाम ईनामी नक्सली है और कई बड़ी नक्सली वारदातों में शामिल रह चुके हैं। इन नक्सलियों के खिलाफ बीजापुर जिले के अलग-अलग थानों में कई आपराधिक मामले भी दर्ज हैं। इधर पुलिस इनके आत्मसमर्पण को बड़ी कामयाबी मान रही है। एसपी का कहना है कि इन नक्सलियों के सरेंडर करने से सक्रिय बड़े नक्सली लीडरों के बारे में कई अहम खुलासे हो सकते हैं, क्योंकि यह नक्सली बड़े लीडरों के साथ काम कर चुके हैं। इधर सरेंडर करने के बाद इन नक्सलियों का कहना है कि वह अब शासन के विकास का साथ देना चाहते हैं। जिस तरह से बड़े नक्सली लीडरों ने स्थानीय ग्रामीणों को नक्सली बनाकर उनका शोषण किया है इससे कई नक्सली सरेंडर करना चाहते है। उनका कहना है कि आने वाले समय में और भी स्थानीय नक्सली सरेंडर कर सकते हैं।

साल भर में 300 से ज्यादा नक्सलियों ने किया सरेंडर

साल भर में ही बस्तर संभाग में 300 से ज्यादा नक्सलियों ने अलग-अलग जिलों की पुलिस के द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत नक्सली संगठन छोड़ सरेंडर किया है। पुलिस के अधिकारियों का कहना है कि आने वाले नए साल में भी कई नक्सली अब संगठन का साथ छोड़ मुख्यधारा से जुड़ सकते है।

स्कूल में चोट लगने के बाद 2 महीने अनुपस्थित रही छात्रा, प्राचार्य बेखबर, अब हर्जाने का मिला आश्वासन

कोंडागांव/नवप्रदेश। कोण्डागांव के केरावही स्कूल से एक बार फिर लापरवाही का मामला सामने आया है। यहां कक्षा 10वीं में पढ़ने वाली छात्रा अक्टूबर से अनुपस्थित हैं, लेकिन प्रिंसिपल को इसकी कोई खबर नहीं थी। छात्रा इसलिए स्कूल नहीं आ रही थी क्योंकि उसे उसकी सहेली द्वारा स्कूल परिसर में ही धक्का दिया गया था। इस घटना में उसे चोट आयी थी। इस बारे में जब प्रभारी प्राचार्य से जानकारी ली गई तो उन्होंने जानकारी होने से इंकार कर दिया। इसके बाद आनन-फानन में मीडिया में मामला आने से उसका उपचार करवाने की बात कही गई है। कुछ दिनों पहले ही केरावही के ही एक स्कूल में गर्म तेल से छात्राओं का हाथ जलने का मामला सामने आया था और अब इस तरह से छात्रा का स्कूल परिसर में घायल होने का मामला शिक्षा विभाग के रवैया पर सवालिया निशान खड़ा कर रहा है।

18 अक्टूबर से स्कूल नहीं आ रही थी छात्रा- शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में कक्षा 10वीं की छात्रा कामिनी मरकाम को उसकी ही सहपाठी छात्रा भूमिका द्वारा स्कूल परिसर में धक्का मार के गिराया गया था, जिससे वह घायल हो गई थी। इस घटना के बाद से अस्वस्थ होकर कामिनी 18 अक्टूबर से स्कूल में अनुपस्थित है। इस मामले में जब क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों ने घटना की जानकारी मीडिया को दी तो प्रभारी प्राचार्य गौरी मरकाम व शाला प्रबंध समिति के द्वारा उसे तत्काल कोण्डागांव के निजी अस्पताल में उपचार के लिए ले जाया गया। उपचार के बाद कामिनी 23 दिसंबर को स्कूल में दोबारा शिक्षा अध्ययन के लिए पहुंच पाई है।

प्रभारी प्राचार्य गौरी मरकाम ने बताया कि उन्हें घटना के बारे में कोई जानकारी नहीं थी। जबकि पूरी घटना विद्यालय परिसर में ही घटित हुई है। प्राचार्य के अनुसार उन्हें 12 दिसंबर को घटना की जानकारी मिली। लेकिन उनके द्वारा 22 दिसंबर को जिला शिक्षा विभाग के अधिकारियों को प्रतिवेदन मंगवाए जाने पर जानकारी दी गई है।

पीड़िता को जनप्रतिनिधियों से नहीं मिलने दिया

घटना की जानकारी लगते ही भाजपा के विकास दुआ, पूर्व सरपंच भागवत मरकाम, बलिराम नेताम, पुराण भारद्वाज, केसर यादव स्कूल में कामिनी मरकाम से मिलने पहुंचे थे, ताकि घटना की वास्तविक जानकारी सामने आ सके। लेकिन प्राचार्य ने पीड़ित छात्रा को जनप्रतिनिधियों को मिलने से रोक दिया। इतना ही नहीं जनप्रतिनिधियों के विरुद्ध एफआईआर करवाने की भी धमकी प्राचार्य के द्वारा दी गई। पीड़िता को जनप्रतिनिधियों से नहीं मिलने दिया

दूसरे के खाते में बेचना चाहता था धान, पकड़ा गया

- **आमापारा में सील राइस मिल से धान किसानों को देने की सुगबुगाहट**

कोरिया / नवप्रदेश। पूरे जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी केंद्रों में बड़ी संख्या में किसान, उपज के सही दाम प्राप्त करने के लिए धान विक्रय करने पहुंच रहे हैं। गुरुवार को बैकुंठपुर एसडीएम अंकिता सोम को भाड़ी निवासी पूर्व कांग्रेस जनप्रतिनिधि रामकृष्ण साहू द्वारा दो पिकअप वाहन में अवैध धान परिवहन की सूचना मिलने पर अधीनस्थ कर्मियों के साथ छापेमारी की कार्यवाही की गई। जानकारी के मुताबिक पीवीटीजी (विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह) पंडों किसान के खाते में अवैध रूप से खपाने ले ज़ाया जा रहा था। वाहन व 390 बोरी धान को ज़ब्त कर सील की गई व थाने भेजे गए हैं। पंडों के घर में जांच पंचनामा कर जानकारी दी गई कि अब-तक धान घर में रखा गया है, विक्रय हेतु नहीं ले जाया गया है।

कोचिया भी तमाम नियम के बावजूद भी सिस्टम में ही सेंध लगाने से नहीं चूक रहे जबकि जिला प्रशासन इस बात की लगातार निगरानी में लगे हैं कि कहीं से भी अवैध धान परिवहन, भण्डारण न हो फिर भी जिले के धान खरीदी केंद्रों में किसानों के पास धान कम होने पर राइस मिल से धान जुगाड़ कर सोसायटी में खपाने की सुगबुगाहट हैं जबकि हाल ही जिला प्रशासन की टीम ने एक राइस मिल को आमापारा में सील किया है। इसके बावजूद सील राइस मिल में धान उठाव को लेकर जारी आदेश को लेकर सवाल उठना लाजिमी हैं कि जब राइस मिल सील हैं तो फिर उठाव से किसे लाभ। सीमावर्ती जिले व मध्यप्रदेश से अवैध धान परिवहन की आशंका को देखते हुए जिला व पुलिस प्रशासन इसे रोकने के लिए मुस्तैदी से जुटे हैं। जिले के सभी धान खरीदी केंद्रों का कलेक्टर व जिला प्रशासन के अधिकारी निरीक्षण भी कर रहे हैं।

दंतेवाड़ा मुठभेड़ फर्जी, तीन निहत्थे कैडर्स की हुई हत्या, नक्सलियों का आरोप

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। दंतेवाड़ा में हुई मुठभेड़ को नक्सलियों ने फर्जी बताया है। नक्सलियों ने दावा किया कि पुलिस ने तीन निहत्थे कैडर्स की बेरहमी से गोली मारकर हत्या कर दी और उन्हें पीएलजीए का लड़ाके बता दिया।

नक्सलियों का आरोप: दरभा डिवीजन कमेटी के माओवादी प्रवक्ता साईनाथ ने एक प्रेसनोट जारी किया। इसमें कहा गया कि सैकड़ों बस्तर फाइटर्स, डीआरजी और सशस्त्र पुलिस ने हमारे कॉमरेड्स का फर्जी मुठभेड़ किया। इस फर्जी मुठभेड़ में कॉमरेड कुहरम लक्ष्मण, कॉमरेड माड़वी सोमा और कॉमरेड डोड़ी लिंगाल तीनों निहत्थे थे और सादे कपड़ों में जा रहे थे। तीनों गरीब आदिवासी किसान परिवार से थे जो संगठन से जुड़े थे। इसी दौरान सुरक्षा बलों के लोगों ने उन्हें पकड़ लिया और उनकी हत्या कर दी।

सीएम विष्णुदेव साय पर हत्या का आरोप

नक्सली प्रवक्ता ने प्रेस नोट में छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णुदेव साय का भी जिक्र किया। लिखा कि ये मुठभेड़ इसी महीने सत्ता में आए छत्तीसगढ़ सरकार की हत्या की रची एक साजिश है। जिसका नक्सल संगठन विरोध करता है।

बस्तर पुलिस का दावा है कि रविवार को दंतेवाड़ा और सुकमा की सीमा पर बड़ी संख्या में नक्सली मौजूद होने की खूफिया जानकारी मिलने के बाद कटेकल्याण क्षेत्र के तुमकपाल और डब्बाकुना में सुरक्षाबलों की टीम सर्चिंग के लिए पहुंची थी। तुमकपाल इलाके में पहुंचने के बाद माओवादियों ने सुरक्षा बलों पर फायरिंग शुरू कर दी। जिसका जवाब सुरक्षाबलों ने दिया। पुलिस ने दावा किया कि इस मुठभेड़ में तीन खूंखार नक्सलियों की मौत हुई है। फिलहाल नक्सलियों के फर्जी एनकाउंटर के आरोप पर बस्तर पुलिस की तरफ से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है।